

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार - 12




पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा - 12



कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद - 13




डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी - 14


आज का मौसम
39.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.46
सूर्यास्त 06.43

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:10 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 18 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 15, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


### लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

# अधर में अधिकार


| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े मत | अनिवार्य थे इतने वोट | सदन में कुल पड़े वोट |
|---|---|---|---|
| 298 | 230 | 352 | 528 |

- समर्थन में 54 वोट कम पड़े, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम, संसद की सीटें बढ़ाकर 850 का था प्रावधान
- बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की थी जरूरत, लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से 540 हैं मौजूदा सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है।



### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधेयक पारित नहीं होने के बाद कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष 100% समर्थन देगा।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कॉमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

- ट्रंप बोले- शुक्रिया ईरान, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- क्रेमलिन ने लेबनान में 10 दिनों के युद्धविराम का किया स्वागत

तेहरान/इस्लामाबाद/मास्को, एजेंसी

ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज को खोलने का एलान किया। उसने कहा कि अब होर्मुज सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मदद से ईरान होर्मुज से सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है।


ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। उन्होंने हालांकि कहा कि जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित मार्ग पर ही चलना होगा। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि ईरान पूरी तरह से खुला है। वहीं, रूस ने लेबनान और इजराइल के बीच युद्धविराम का स्वागत किया। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन दिनों के दौरान ऐसे समझौते पर पहुंचना संभव होगा जिससे भविष्य में सैन्य संघर्षों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

### लेबनान में सीजफायर के बाद लिया फैसला






### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही



राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही है और समझौता होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर डील हो जाती है तो तेल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, होर्मुज पूरी तरह खुला रहेगा और हालात बेहतर हो जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम, जिसे उन्होंने 'न्यूक्लियर डस्ट' कहा, अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के एलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99 .39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे।तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

## ब्रीफ न्यूज

### हरिवंश रास के निर्विरोध उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। हरिवंश के निर्वाचन के लिए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने एक प्रस्ताव पेश किया और और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। उपसभापति पद के लिए हरिवंश के पक्ष में कुल पांच प्रस्ताव पेश किए गए।

### एअर इंडिया के पायलट के पास से गांजा बरामद अमेरिका ने वापस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में यात्री के तौर पर सफर करने वाले एअर इंडिया के एक पायलट के पास गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद अमेरिका ने उन्हें वापस भेज दिया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, हमारे चालक दल के एक सदस्य एक आगामी उड़ान के संचालन के लिए 14 अप्रैल को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और वापस भारत भेज दिया गया।

# प्रदेश में नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी

- कैबिनेट में पेश होगा प्रस्ताव सेटिंग-ट्रांसफर पर लगाम दंपती व दिव्यांगों को राहत
- पारदर्शी सिस्टम की तैयारी संदिग्ध छवि वाले अफसरों को नहीं मिलेंगे संवेदनशील पद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### नई तबादला नीति की मुख्य बातें

- पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती की प्राथमिकता
- 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों के तबादले नहीं होंगे
- अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प
- दिव्यांग आश्रित वाले कर्मचारियों को विशेष राहत
- समूह 'क' अधिकारियों की गृह जिले/मंडल में पोस्टिंग पर रोक
- संदिग्ध छवि वाले अफसरों को संवेदनशील पद नहीं
- ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शी और सिस्टम आधारित बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर लंबे समय से बनी असहज स्थिति और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच योगी सरकार नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार इस नीति को इसी महीने कैबिनेट में पेश किया जा सकता है। इसके लागू होते ही लाखों सरकारी कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ेगा।

नई नीति का सबसे बड़ा फोकस कर्मचारियों के पारिवारिक संतुलन और मानवीय पहलुओं पर रखा गया है। इसके तहत सरकारी सेवा में कार्यरत पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती देने को प्राथमिकता दी जाएगी या उनकी पसंद के अनुसार पोस्टिंग का विकल्प दिया जाएगा। लंबे समय से अलग-अलग जिलों में तैनात दंपत्तियों की समस्याओं को देखते हुए इसे बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी सरकार विशेष प्रावधान ला रही है। प्रस्तावित नीति के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे।

अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के परिवार में गंभीर दिव्यांग आश्रित हैं, उन्हें भी विशेष प्राथमिकता देने की तैयारी है। प्रशासनिक सुधार के लिहाज से भी नीति में कई अहम बदलाव प्रस्तावित हैं। समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनाती नहीं दी जाएगी। यदि पद मंडल स्तर का है तो गृह मंडल में भी पोस्टिंग से बचा जाएगा। जिन कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा संदिग्ध पाई गई है, उन्हें संवेदनशील पदों से दूर रखा जाएगा। सरकार तबादला प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है, ताकि सिफारिश और 'सेटिंग' के आरोपों पर लगाम लगाई जा सके। नई नीति को प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा सुधार माना जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ सिस्टम में जवाबदेही भी मजबूत होगी।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- कथित दोहरी नागरिकता के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याची एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष कोर्ट, एमपी-एमएलए, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से जुड़े विवाद पर निर्णय देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसी के विरुद्ध याची ने हाईकोर्ट का रुख किया था । याची ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष न्यायालय में दायर की गई थी। बाद में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर 17 दिसंबर 2025 को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रकरण को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ अब उच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।



# एशिया के नए 'किंग' बने गौतम अडानी

### ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स



- रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा
- अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर आंकी गई

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है।

एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस तरह अडानी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडानी बंदरगाह नेटवर्क और देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक करते हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देने से किया इन्कार

- असम की अदालत का रुख करने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में 20 अप्रैल तक गिरफ्तारी से संरक्षण देने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने खेड़ा से कहा कि वह इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए असम की सक्षम अदालत का रुख करें। उसने स्पष्ट किया कि राज्य की अदालत खेड़ा की याचिका पर बिना किसी प्रतिकूल टिप्पणी पर ध्यान दिए सुनवाई करेगी, चाहे वह इस न्यायालय द्वारा की गई हो या तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा।

# पंजाब के उद्योग मंत्री और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली/लुधियाना, एजेंसी



- शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग और यूएई से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' का मामला

ईडी ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, उनके बेटे और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत की गई, जो शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' से जुड़ी है।

शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' का मतलब उन व्यक्तियों द्वारा शेयरों की खरीद या बिक्री करना है, जिनके पास किसी कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक, भौतिक जानकारी तक पहुंच होती है। वहीं, 'राउंड ट्रिपिंग' एक भ्रामक वित्तीय युक्ति है जिसमें एक ही या समान वित्तीय परिसंपत्तियों की बार-बार खरीद-बिक्री की जाती है। 'राउंड ट्रिपिंग' से अभिप्राय उस धन से होता है जो विभिन्न माध्यमों से देश के बाहर जाता है और फिर यही धन विदेशी निवेश के रूप में देश में वापस आता है। इसमें ज्यादातर काला धन शामिल होता है।

### रियल एस्टेट समूह के खिलाफ भी छापे मारे

**कोलकाता।** ईडी ने कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन समूह और उससे जुड़ी कुछ इकाइयों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को फिर से छापे मारे। एजेंसी ने इससे पहले भी आठ अप्रैल को समूह (मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) और उसके प्रवर्तकों -सुशील मोहता एवं साकेत मोहता- से जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी। मामले में शामिल कुछ इकाइयों के कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में स्थित करीब चार-पांच परिसरों पर पीएमएलए के तहत शुक्रवार को छापे मारे जा रहे हैं।

**जनता दर्शन** | मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों की सुनीं समस्याएं, इलाज-आवास और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : योगी

राज्य ब्यूरो, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में आम लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत पर त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के पास पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और समस्याओं का संज्ञान लिया।

इसके बाद उन्होंने संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि घबराइए मत, सरकार आपकी हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।



**गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### मुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को शीघ्र योजना का लाभ देने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के उपचार के लिए तत्काल एस्टीमेट तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कर सके। इसके अलावा कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पात्र लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के इस रुख से स्पष्ट है कि सरकार जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासनिक तंत्र को भी इसी दिशा में सक्रिय किया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर मासिक भंडारा आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संचालित "एक मुट्ठी अनाज" अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्यारहवें मासिक भंडारे का आयोजन पीतल बस्ती रोडवेज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर सेवा, भक्ति का प्रतीक बना। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना, सुरेश गुप्ता, कुमार विशु, विजय शर्मा, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों का आभार जताकर भविष्य में भी सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### देर शाम बिगड़ा मौसम, बूंदाबांदी हुई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिन में जहां सूरज की तपिश ने लोगों को गर्मी से बेहाल कर दिया। वहीं देर शाम मौसम में नरमी आई। तेज हवा चलने लगी। थोड़ी देर तक बूंदाबांदी भी हुई। इस दौरान ठंडी हवा से लोगों को गर्मी व उमस से फौरी तौर पर राहत मिली। तेज हवा के चलते कई क्षेत्रों में बिजली भी गुल हो गई। तापमान बढ़ने से लोग बेहाल हो गए थे। वह इंद्रदेव से मेहरबानी की प्रार्थना कर रहे हैं।

### युवती घर से लापता बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कटघर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को कटघर थाना क्षेत्र नंद कॉलोनी गोपाल भवन, पीतलनगरी निवासी बेबी यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 16 अप्रैल को घर से चली गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि बिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर निवासी आशीष यादव नामक युवक उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी और युवती की तलाश की जा रही है।

### लाखों की चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार की रात को अज्ञात चोरों ने ग्राम चकफेरी निवासी दीपक कुमार पुत्र जिले सिंह के मकान के कमरे का ताला तोड़कर सेफ अलमारी संदूक में से 11000 नकद एवं सोने चांदी के लाखों के आभूषण चोरी कर लिए थे। बृहस्पतिवार की सुबह जब दीपक और उनके परिजनों की आंख खुली और सामान बिखरा पड़ा देखा तो वह सन्न रह गए और ग्रामीणों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी शुभम पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया था और मामले की जांच की थी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# जिले के पांच अध्यापक लखनऊ में होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विशेष योगदान देने पर होगा सम्मान

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन प्रयागराज के प्राचार्य के पत्र के अनुसार उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विशेष योगदान देने वाले लगभग साढ़े पांच सौ शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। इनमें मुरादाबाद जिले के पांच शिक्षक भी शामिल हैं।

लखनऊ में सम्मानित होने वालों में ठाकुरद्वारा विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर गड़वाला के सहायक अध्यापक अरविंद कुमार, डिलारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मनकुआ मकसूदपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विपेंद्र, नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रशांत कुमारी, नगर के प्रताप सिंह इंटर कॉलेज से प्रज्ञा शर्मा और बिलारी के प्राथमिक विद्यालय बीरमपुर के यशवीर शामिल हैं।

इस परीक्षा में राज्य स्तर पर विशेष योगदान के लिए जिले के एकमात्र जिले के ठाकुरद्वारा के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस भी हैं।

## स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाया गया कदम

# स्कूलों में लगेंगे जाली युक्त 'बाल मैत्री' शौचालय गेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आपात स्थिति में बाहर मौजूद शिक्षक या अन्य व्यक्ति कर सकेगा मदद

**अमृत विचार :** बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी और कम्पोजिट विद्यालयों के शौचालयों में अब जाली युक्त दरवाजा लगाया जा रहा है। पंचायत राज विभाग को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायत निधि से इन शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि सभी प्राथमिक विद्यालयों, कम्पोजिट विद्यालयों तथा उनके परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के शौचालयों में ऐसे दरवाजे लगेंगे जिनमें बीच में जाली लगी होगी। यह व्यवस्था बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में बाहर मौजूद शिक्षक या अन्य व्यक्ति आसानी से अंदर की स्थिति का आकलन कर सकें।

दरअसल, पूर्व में कई जनपदों से ऐसी घटनाएं सामने आई थीं, जहां छोटे बच्चे शौचालय के अंदर बंद हो गए थे और समय पर मदद न मिलने से वे घबरा गए थे। इन्हीं घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने यह अहम कदम उठाया है।



प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों के शौचालयों में लगने वाला बाल मैत्री गेट।

जाली युक्त दरवाजा होने से यदि किसी कारणवश शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद हो जाए या लॉक फंस जाए, तो बच्चे की आवाज बाहर तक स्पष्ट रूप से पहुंच सकेगी। साथ ही जाली के माध्यम से बाहर मौजूद व्यक्ति अंदर हाथ डालकर कुंडी या लॉक खोल सकेंगे, जिससे बच्चे को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला जा सकेगा। यह व्यवस्था न केवल बच्चों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाएगी, बल्कि अभिभावकों की चिंताओं को भी कम करेगी।

विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। सरकार की इस पहल को बच्चों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम माना जा रहा है।

# आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर जमकर बवाल, वाहन तोड़े

## ठाकुरद्वारा के नारायणपुर छंगा गांव में पथराव-मारपीट और फायरिंग का आरोप, गांव छावनी में तब्दील, दर्जनभर से ज्यादा लोग घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर छंगा में गुरुवार देर रात एक मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर पथराव, मारपीट और फायरिंग के आरोपों के बीच हालात बेकाबू हो गए। घटना में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ की गई। अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिससे गांव का माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया है।

भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के आवास पर जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक जुटे थे। इसी दौरान आंबेडकर पार्क के पास वाहन खड़ा करने को लेकर कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में टकराव में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पथराव व मारपीट शुरू हो गई। हंगामे के दौरान आंबेडकर प्रतिमा के एक हाथ की उंगली क्षतिग्रस्त हो गई, जिसने विवाद को और भड़का दिया। सूचना मिलते ही ठाकुरद्वारा, भगतपुर और डिलारी थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद हालात को काबू में किया।

घटना की सूचना पर पूर्व सांसद गिरीश चंद्र, डॉ. आरपी गौतम, पूर्व विधायक विजय यादव, अजय यादव, राजपाल सिंह चौहान, अमित चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि गांव पहुंचे। वहीं एसपी सिटी रणविजय सिंह, सीओ आशीष प्रताप सिंह और एसडीएम प्रीति सिंह ने भी मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।


घटना के बाद गांव में जानकारी लेते बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सांसद गिरीश चंद।


विवाद के बाद घायलों से जानकारी लेते बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा के गांव नारायणपुर छंगा में स्थिति संभालते एसपी सिटी रणविजय सिंह।

### 12 नामजद समेत 150 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

गांव निवासी मलखान सिंह पुत्र बसंत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 12 नामजद आरोपियों सहित करीब 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में आरोप है कि आरोपितों ने आंबेडकर पार्क में घुसकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जाटव बस्ती में घुसकर घरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ अभद्रता तथा लोगों के साथ मारपीट की। विरोध करने पर धारदार हथियारों से हमला करने और 8-10 राउंड फायरिंग करने के भी आरोप लगाए गए हैं। फिलहाल गांव में तनाव बरकरार है, लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

> ठाकुरद्वारा के गांव नारायणपुर छंगा गुरुवार की देर रात्रि आंबेडकर पार्क के निकट कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद के चलते पथराव हुआ जिसमें डॉ भीमराव आंबेडकर की मूर्ति को नुकसान पहुंचा। स्थिति नियंत्रण में है। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है।
>
> **-आशीष प्रताप सिंह,** पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा


लोगों से जानकारी लेते ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक विजय यादव। ● अमृत विचार


विवाद के बाद घायल को ले जाती पुलिस।

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल पवनीश वीर और राम सिंह को जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर किया गया है।

# सपाइयों को नोएडा जाने से रोका

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर में पीड़ित श्रमिकों से मिलने के लिए रवाना हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में कांठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

प्रस्थान से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा नेताओं को उनके आवास पर नजरबंद करने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी नेता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नोएडा के लिए निकल पड़े। हालांकि रास्ते में ही पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल को रोक दिया और वापस भेज दिया, जिसे सपा नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। बताया गया कि नोएडा क्षेत्र में श्रमिकों से 10 से 12 घंटे कार्य लिया जा रहा है, जबकि उन्हें मात्र 10 से 11 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है। साथ ही साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है।।


नोएडा जाने के दौरान रोके गए सपा प्रतिनिधिमंडल के नेता। ● अमृत विचार

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में जा रहे थे सपा नेता

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल श्रमिकों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना चाहता था, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन हुआ है, बल्कि श्रमिकों की आवाज को दबाने का भी प्रयास किया गया है। पार्टी ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि वह श्रमिकों के हक, सम्मान और न्याय की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी तथा लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

### वसूली और रंगदारी मांगने में आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार।** अवैध रूप से बस संचालकों को धमका कर रंगदारी वसूलने के मामले में दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी को पुलिस ने गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया। मोहल्ला ठाकुरान निवासी सलीम अहमद पुत्र अब्दुल हफीज ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह बसों का संचालन करते हैं। जिला संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी के गांव सिरसी मेहमूदपुर निवासी तहलील अकबर उर्फ किरमानी पुत्र रफीक आदि बस संचालन के समय उसे बुरी तरह से धमकाते हैं और रंगदारी की मांगते हैं, आरोपी गंभीर चोट और मौत का भय दिखाकर जबरन वसूली भी करता है। कई बार आरोपी ने रकम ऐठी है।

# सम्मेलन को लेकर सघन जनसंपर्क जारी

- भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग परिवार ने दिया नगर विधायक को निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग परिवार की ओर से 19 अप्रैल को पंचायत भवन में आयोजित होने वाले मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां तेज हैं। सम्मेलन की सफलता के लिए संगठन के पदाधिकारी सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

इसी क्रम में राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनिल सिक्का व राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री ने महानगर के विभिन्न योग केंद्रों पर पहुंचकर लोगों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिलाध्यक्ष जितेंद्र आर्य के साथ


नगर विधायक रितेश गुप्ता को निमंत्रण देते भारतीय स्वाभिमान ट्रस्ट के पदाधिकारी।

राज्य प्रभारी दयाशंकर आर्य ने नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के अलावा कई निर्यातकों से भी संपर्क कर उन्हें आमंत्रित किया।

महिला पतंजलि समिति की ओर से पूनम चौहान, सुषमा सरन, लक्ष्मी यादव व पुष्पा आर्य ने महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान राज्य प्रभारी सुनील शास्त्री ने रामलीला मैदान स्थित योग केंद्र पर पहुंचकर योग के महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक लोगों से सम्मेलन में सहभागिता की अपील की।

बैठक

डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी व अन्य अधिवक्ता

# पेनाल्टी पर व्यापारी 3 माह में कर सकते हैं अपील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की मीटिंग शुक्रवार की शाम दीनदयाल नगर स्थित एक रेस्टोरेंट हुई। इसकी अध्यक्षता विकास गोयल और संचालन अतुल सक्सेना ने किया।

सभा में गौरव गुप्ता अधिवक्ता ने जीएसटी अपील के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के जिन व्यापारियों पर निर्णायक प्राधिकारी द्वारा, कर, ब्याज, तथा पेनाल्टी लगाई गई है तो वह 3 माह के अंदर अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील फाइल कर सकते हैं। अपीलीय अधिकारी द्वारा एक माह की अपील फाइल करने मे हुई देरी माफ की जा सकती है। हालांकि अपील फाइल करने से पूर्व उन्हें विवादित कर का 10% पूर्व में जमा करना होगा।



डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी व अन्य अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अधिवक्ता प्रवीण रावत ने आयकर विवरणियों में वर्ष दर वर्ष शेयर मार्केट एवं म्यूचुअल फंड में बढ़ते निवेश की जानकारी दी। बताया कि वर्ष 2020 तक जहां देश में कुल 4 करोड़ डीमैट खाते थे, वह वर्ष 2025 में बढ़कर 21.6 करोड़ हो गए हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश जो वर्ष 2015 में 3 लाख करोड़ था वह अब 2026 में 80 लाख करोड़ का हो गया है। यह निवेश प्रत्येक तीन से पांच वर्ष में दोगुनी तेजी से बढ़ रहा है। सेबी की रिपोर्ट के अनुसार फ्यूचर एवं ऑप्शन्स में 90 प्रतिशत ट्रेडर नुकसान में रहते हैं। ऐसे में उस नुकसान का भी फायदा आयकर विवरणी में अगले 8 वर्ष तक लेकर टैक्स प्लानिंग की जा सकती है। अधिवक्ता अंकित गुप्ता ने इन्कम टैक्स में शेयर ट्रेडिंग से आय की जानकारी दी। बताया कि शेयर्स में कितने प्रकार की ट्रेडिंग की जाती है। इंट्रा डे ट्रेडिंग, डिलीवरी ट्रेडिंग, फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बताया। अधिवक्ता आशीष सक्सेना ने फ्यूचर एंड ऑप्शन से होने वाली आय तथा हानि की इनकम टैक्स में किस प्रकार कैलकुलेशन होती है तथा एक सरकारी कर्मचारी फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेड कर सकता है, ऑडिट की जिम्मेदारी कब आएगी इसकी जानकारी दी। कर अधिवक्ता शिशिर गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रयास किया जा रहा है।अधिवक्ता विकास गोयल ने बताया कि पार्टनरशिप फर्म जो अपने साझेदार को पूंजी पर ब्याज तथा पारिश्रमिक बीस हजार से अधिक दे रही है तो 10% की दर से टीडीएस सरकार के पास जमा करना है। राजीव कुमार रस्तोगी ने बताया कि व्यापार और पेशे वाले करदाता अब 31 जुलाई के स्थान पर 31 अगस्त तक आयकर रिटर्न फाइल कर सकते हैं। इस दौरान उपदेश चंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार रस्तोगी,अजय कुमार अग्रवाल, सौरभ कपूर, दीपक अग्रवाल, निखिल रंजन अग्रवाल, नीरज भटनागर, शावेज मलिक,आलोक सैनी, हरिशंकर पाल, शेखर राजपूत,उदित अग्रवाल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

- व्यापार और पेशे वाले करदाता अब 31 जुलाई की जगह 31 अगस्त तक फाइल कर सकते हैं आयकर रिटर्न

### अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस एवं एसओजी टीम ने नगर में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बने व अधबने तमंचों के साथ भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

संयुक्त गश्त व चेकिंग के दौरान शुक्रवार को पुलिस टीम ने रतुपुरा मोड़ के पास एक खाली प्लॉट से गोविन्द पुत्र रूप सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर थाना डिलारी को तीन अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर मोहल्ला सेफियां मछली बाजार स्थित एक मकान पर छापा मारकर नाजिम व कासिम पुत्र शमशाद हुसैन को गिरफ्तार किया। मौके से 315 बोर व 12 बोर के तमंचों के अलावा अन्य उपकरण बरामद किए गए।

# फाइनल में आजमगढ़ और कानपुर की आज भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अंडर-20 अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में खेले गए दो सेमीफाइनल मैच

**अमृत विचार:** अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल वाराणसी और आज़मगढ़ मंडल के बीच खेला गया।

आजमगढ़ ने खेल के शुरुआत मे ही एक गोल की बढ़त ले ली थी, खेल के पहले मध्यानांतर तक स्कोर 1-0 रहा। दूसरे मध्यनांतर में वाराणसी ने आजमगढ़ के गोल पर आक्रमण करते हुए मैच अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया। लेकिन लेफ्ट आउट ने दो अच्छे मौके गंवा दिया। जिसके चलते अंतिम क्षणों में आजमगढ़ के फारवर्ड ने क्रॉस पास पर साइड किक मार कर गोल कर दिया। इस तरह आजमगढ़ ने मैच 2-0 से जीत कर फ़ाइनल मे अपना स्थान पक्का किया। दूसरा मैच कानपुर और गोरखपुर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर की टीम में तालमेल न होने का फायदा कानपुर ने उठया। एक के बाद एक गोल करते हुए कानपुर की टीम ने स्कोर 3-1 पर पहुंचाकर जीत दर्ज करते हुए फ़ाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल में कानपुर का मुकाबला आजमगढ़ की टीम से होगा।

आज के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव मुहम्मद शाहिद रहे। इस दौरान ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के सचिव मुहम्मद नसीम इक़बाल, एमपीएस के कन्वीनर सुशील सिंह मौजूद रहे।

## शहर में आज

- एमपीएस में अंतर मंडलीय अंडर-20 फुटबाल प्रतियोगिता 11:00 बजे।
- हिन्दू कॉलेज के पुस्तकालय सभागार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विचार गोष्ठी 11:30 बजे।
- भजन संध्या एवं हरिनाम संकीर्तन मानपुर बुध बाजार में शाम 4:00 बजे।

# कुछ दिनों में 40 के पार होगा पारा, झुलसाएगी लू

## सुबह बादलों के बाद चटख हुई धूप, अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 39 पर पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में हर दिन सूरज की तपिश बढ़ रही है। दोपहर में सूरज की किरणें मानों झुलसाने पर आमादा हैं। गर्म हवा लोगों का पसीना निकाल रही है। थोड़ी ही देर में लोगों के हलक सूख रहे हैं। घरों व कार्यस्थलों पर कूलर और एयर कंडीशनर चलाकर राहत मिल रही है। वहीं शीतल पेय पदार्थों का सेवन भी लोग कर रहे हैं।

शुक्रवार को सुबह बादलों के बाद धूप निकली तो फिर समय के साथ सूरज की तपिश बढ़ती गई। दोपहर में तापमान बढ़ने के चलते हवा गर्म लगने लगी। दोपहिया वाहन चालकों को इससे मुश्किल हुई। कई लोग सड़क पर जहां भी पेड़ों की छांव मिली वहा गाड़ी रोककर आराम करने के बाद फिर आगे बढ़े। सिविल लाइंस के ग्रीन बेल्ट में पेड़ों की छांव में चार पहिया व दोपहिया वाहन चालक रुक कर तपिश से राहत पाने में जुटे रहे। बाजार में दोपहर में चहल पहल कम रही। बाजार में तरबूज, खरबूज, ककड़ी, पुदीने का जूस आदि के ठेले पर ग्राहकों की भीड़ रही। डिमांड को देखते हुए ठेले वालों ने मनमाने दाम वसूले। वहीं गला तर करने के लिए लोगों ने कोल्ड ड्रिंक्स व बोतलबंद पानी का सहारा लिया।

वहीं गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से लोकल फाल्ट भी इन दिनों अधिक हो रहे हैं। दिन के अलावा रात में भी कई बार बिजली की आवाजाही चल रही है, जिससे रात की नींद में खलल पड़ रहा है। इसको देखते हुए बहुत से ग्राहक इनवर्टर बैटरी खरीदने में लगे रहे। इसके चलते इनवर्टर की बैट्री खराब हो गई वह उसे बदलकर नया लेने के लिए दुकानों पर पहुंचे। हरथला में इनवर्टर-बैटरी की कई दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। हालांकि दुकानदार गर्मी बढ़ने से खुश हैं कि उनके उत्पादों की खरीदारी बढ़ गई है, हालांकि गर्मी से वह स्वयं भी त्रस्त रहे। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस पार होने का अनुमान जताया है। इसको देखते हुए लू से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी भी जारी की है।



दुकान पर ए सी पसंद करते लोग। ● अमृत विचार



दोपहर में गर्मी में कांठ रोड पर यू निकले लोग। ● अमृत विचार

### अगले कुछ दिनों का अनुमानित तापमान

| | | |
|---|---|---|
| 18 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस |
| 19 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस |
| 20 अप्रैल | अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस |
| 21 अप्रैल | अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस |
| 22 अप्रैल | अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस |
| 23 अप्रैल | अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस | न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस |

### यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षण कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि है। इसे पहचानें और इस प्रकार के लक्षण की स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

### एसी कूलर की दुकानों पर पहुंचे खरीदार

गर्मी का तेवर बढ़ने से लोगों को एसी कूलर चलाना पड़ रहा है। गर्मी में राहत के लिए इन दिनों दुकानों पर इसकी खरीदारी बढ़ गई है। महानगर के कई इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिक की दुकानों पर एयर कंडीशनर, कूलर, पंखे की खरीदारी तेज हो गई है। इनवर्टर पर चलने वाले एयर कंडीशनर की भी इस बार डिमांड अधिक है।

### बचाव के लिए यह करें उपाय

- अधिक से अधिक पानी पियें
- हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरो को गीले कपड़े से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं।
- ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

"हीट वेव और लू से बचाव के संबंध में प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान देने के लिए अपील की गई है। उन्होंने बताया कि अपने घरों को ठंडा रखें। शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने के लिए इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें। अधिक श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने/कराने का प्रयास करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों व रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

**ममता मालवीय,** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व

## अनुकाम त्रिपाठी के निधन पर शोक जताया

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार स्मृतिशेष दुर्गादत्त त्रिपाठी के जी पुत्र अनुकाम त्रिपाठी के निधन पर शोक जताया है। साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी ने बताया कि कवि एवं लेखक अनुकाम त्रिपाठी का गुरुवार को देहरादून में असामयिक देहावसान हो गया। वह मेधावी, स्वभाव से हंसमुख, मिलनसार थे। अपने पीछे वह अपनी पत्नी और दो पुत्रियों को रोता-बिलखता छोड़ गए। जय प्रकाश नारायण के आन्दोलन में उन्होंने सक्रिय हिस्सेदारी की थी, उस समय वह केजीके महाविद्यालय में स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र) अंतिम वर्ष के छात्र थे। उनके निधन पर उमाकांत गुप्ता, विशाखा तिवारी, योगेन्द्र वर्मा व्योम, डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी, मीनाक्षी ठाकुर, श्रीकृष्ण शुक्ल, अशोक विश्नोई, डॉ. मुहम्मद आसिफ हुसैन, फरहत खान, डॉ अशोक रस्तोगी, धनसिंह धनेन्द्र, राजीव प्रखर, अनुराग रुहेला, हरिप्रकाश शर्मा, भुवन अमरोहवी, राजीव ढल, विपिन शर्मा, रेखा रानी, संदीप सक्सेना, नृपेन्द्र शर्मा सागर, ओंकार सिंह विवेक, डॉ. अनिल शर्मा अदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## न्यूज ब्रीफ

### किराये के विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में किराये के रुपये के विवाद को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। झब्बू का नाला मोहल्ला किसरौल निवासी मो. अकरम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मकान में किराये पर रहने वाला शावाज करीब छह माह पहले कमरा खाली कर चला गया था। उसके 29 हजार रुपये एडवांस थे, जिनमें से 20 हजार रुपये वापस कर दिए गए थे, जबकि 9 हजार रुपये शेष थे। आरोप है कि 15 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे शावाज बकाया रुपये लेने उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मेरे बेटे फैज अकरम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### स्मार्ट मीटर को लेकर असमंजस दूर करेगा विभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में असमंजस और नाराजगी बढ़ रही है। शहर के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर का विरोध हो रहा है। विभाग के अधिकारी विद्युत केंद्रों पर कैंप लगा कर स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी देने की बात कह रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें स्मार्ट मीटर के प्रीपेड, पोस्टपेड मोड की स्पष्ट जानकारी नहीं है। कई लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका मीटर किस मोड पर चल रहा है और बिलिंग कैसे हो रही है। डेहरिया मोहल्ले के रहने अनवर ने बताया कि एक माह में तीन-तीन बार बिल जमा किया, इसके बावजूद उनके मीटर में प्रीपेड बकाया (ड्यू) दिख रहा है। वहीं डॉ. एस कुमार चौराहे के रहने वाले मोहम्मद अकबर ने बताया कि बकाया दिखने के कारण एक से दो दिन तक बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## चौकी से चंद कदमों पर नाबालिग समेत दो की पिटाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाने के रोडवेज चौकी क्षेत्र में कुछ दबंगों ने नाबालिग समेत दो लोगों की पिटाई कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने एक आरोपी को मौके से पकड़ कर शांति भंग में चालान किया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो में मारपीट करते हुए कई लोग दिखाई दे रहे हैं, जबकि पुलिस ने सिर्फ एक पर कार्रवाई की है।

गलशहीद थाना क्षेत्र के रोडवेज चौकी इलाके में गुरुवार की रात करीब दस बजे सरेआम मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें दो युवकों द्वारा एक नाबालिग सहित दो लोगों को बेरहमी से पीटते हुए दिखाई पड़ रहा है। वीडियो में घटना के दौरान आरोपियों ने बीच सड़क पर बिना किसी भय के मारपीट की, जबकि चंद कदमों पर पुलिस चौकी है।

## आंधी से गिरे बिजली के खंभे, तीन किशोर गंभीर



पाकबड़ा में तेज आंधी में गिरे बिजली के खंभे। ● अमृत विचार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** हल्की बूंदा-बांदी के बीच आई तेज आंधी में बिजली के कई टूट कर गिर पड़े। उधर से गुजर रहे तीन किशोर बिजली खंभों के चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी को नया मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर 112 भी मौजूद है।

तेज आंधी में शुक्रवार रात महाकालेश्वर धाम मंदिर नया मुरादाबाद के सामने से गुजर रही बिजली लाइन अचानक गिर गई। इसमें करीब लगभग 10 खंभे तारों समेत टूटकर सड़क पर बिखर गए। वहां से गुजर रहे तीन किशोर अमन, सनी एवं उसका एक साथी बिजली पोलों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तीनों को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। तीनों किशोरों की हालत गंभीर बनी हुई है। इसकी सूचना बिजली विभाग के उच्च अधिकारी को दी गई। 112 भी की भी गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

## मॉडिफाइड साइलेंसर में 3 बुलेट सीज, 20 हजार जुर्माना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परिवहन विभाग की ओर से डीलर्स, मोटर गैराज व वर्कशॉप छापेमारी की गई। इसके साथ ही गैराज मैकेनिक और डीलर्स पार्टस विक्रेताओं को मॉडीफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व अन्य ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने शुक्रवार को बताया कि छापेमारी का नेतृत्व कर रहे एआरटीओ आनंद निर्मल व उनकी टीम ने तीन मॉडीफाईड साइलेंसर लगी बुलेट को सीज किया। साथ ही मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 182ए (3) के तहत ऐसे उपकरण लगाने या तैयार करने वाले वर्कशॉप/गैराज संचालकों के प्रतिष्ठान पर छापेमारी के दौरान एक साइलेंसर लगाने वाले का मामला पकड़े जाने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।

# महिलाएं बनें समाज में सकारात्मक परिवर्तन की अग्रदूत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आंबेडकर पार्क से निकली भारतीय जनता पार्टी की पैदल यात्रा में शामिल पदाधिकारी।

- **अधिनियम के समर्थन में मातृशक्ति और छात्राओं ने निकाला मार्च**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मातृशक्ति एवं विद्यालय की छात्राओं के साथ शुक्रवार को पदयात्रा सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क से निकाली गई। जो जैन मंदिर, एकता द्वार होते हुए गांधी मूर्ति पर आकर संपन्न हुई। इसमें 600 प्रतिभागियों में 100 मातृशक्ति और विद्यालयों की 500 छात्राएं शामिल हुईं।

पदयात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल रहीं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त, स्वावलंबी एवं निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति प्रतिबद्ध रही है। छात्राओं और महिलाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की अग्रदूत बनें।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि यह अधिनियम नारी शक्ति को और मजबूती प्रदान करेगा। इसके माध्यम से आधी आबादी को राजनीतिक ताकत मिलेगी। कार्यक्रम में अभियान के संयोजक विशाल त्यागी महानगर महामंत्री, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी, सह संयोजक अशोक सैनी, सुनीता शर्मा आदि ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। प्रिया अग्रवाल, शेफाली सिंह, विशाल त्यागी, अमित शर्मा सुनीता शर्मा, नीलम जैन, ज्योति बंसल, हेमा खत्री, हेमराज सैनी, अर्चित गुप्ता, सोमपाल प्रजापति, अश्वनी शर्मा, विशाल मौजूद रहे।

## 250 संविदा चालकों की भर्ती को रोजगार मेला 20 को

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुरादाबाद क्षेत्र में संविदा चालकों की भर्ती के लिए 20 अप्रैल (सोमवार) को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, लाजपत नगर में आयोजित होगा। इसमें करीब 250 पदों पर भर्ती की जाएगी।

चयनित संविदा चालकों को प्रति किलोमीटर के आधार पर पारिश्रमिक दिया जाएगा। साथ ही निर्धारित ड्यूटी एवं किलोमीटर पूरे करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। निगम द्वारा दुर्घटना बीमा, पारिवारिक पास और अन्य सुविधाएं भी संविदा चालकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

पहले चरण में चयनित अभ्यर्थियों का ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। इसमें सफल होने वाले अभ्यर्थियों को दूसरे चरण के परीक्षण के लिए दिल्ली स्थित ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर भेजा जाएगा। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों से नियमानुसार अनुबंध कर बस संचालन का कार्य लिया जाएगा।

## चारे के रुपये मांगने पर युवक पर हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर पट्टी निवासी युवक पर चारे के रुपये मांगने को लेकर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना में युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जिसका पुलिस ने मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पीड़ित के द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित अरविंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने ग्राम सैफपुर पल्ला निवासी रवि, विशाल और आशा को पशु चारा बेचा था। वह अपने बकाया रुपये लेने उनके घर पहुंचा तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की।

# रोडवेज की पार्किंग पर पुलिस का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रोडवेज की पार्किंग में खड़े पुलिस द्वारा पकडे वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र स्थित रोडवेज चौकी के पीछे मुरादाबाद रोडवेज डिपो के यात्रियों के लिए बनी पार्किंग पर पुलिस का कब्जा है। इसे पुलिस ने माल मुकदमाती (जब्त) वाहनों को खड़ा करने का स्थायी ठिकाना बना लिया है। इससे यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं।

यह पार्किंग मूल रूप से रोडवेज बस अड्डे पर आने-जाने वाले यात्रियों के वाहनों को खड़ा करने के लिए बनाई गई थी। पिछले कई वर्षों से गलशहीद थाने में जब्त वाहन यहां खड़े कर दिए गए हैं। इससे पार्किंग का मैदान पूरी तरह भर चुका है और यात्रियों के वाहनों के जगह ही नहीं बची है। पार्किंग की कमी के चलते यात्रियों को मजबूरन अपने वाहन हाईवे किनारे खड़े करने पड़ रहे हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि जाम की स्थिति भी बन रही है। कई बार अचानक जाम लगने से एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया प्रशासन को पत्र लिखकर पार्किंग को खाली कराने का अनुरोध करेंगे, जिससे यात्रियों को असुविधा न हो।

## फेसबुक पर तीन बच्चों की मां से हुआ प्यार, जाना पड़ा जेल

संवाददाता, पाकबड़ा



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी।

- **असलियत जानने पर प्रेमी करने लगा था मिलने से इनकार**
- **महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, पुलिस ने भेजा जेल**

**अमृत विचार :** फेसबुक के माध्यम से एक युवक का तीन बच्चों की मां से प्रेम हो गया। जब यह बात प्रेमी के सामने आई तो वह महिला से मिलने से मुकरने लगा। महिला ने दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने की देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद अमरोहा के थाना हसनपुर कोतवाली के ग्राम रामपुर भूड़ के निवासी अरुण की करीब महीने भर पहले क्षेत्र की महिला से फेसबुक पर दोस्ती हो गई। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। दोनों का मिलना-जुलना शुरू हो गया। जब यह बात प्रेमी के सामने आई कि महिला शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं तो प्रेमी उससे मिलने में आनाकानी करने लगा। इस पर को महिला ने प्रेमी को गागन पर बुलाया और उसके साथ पाकबड़ा की ओर आ गई। महिला का आरोप है कि युवक पाकबड़ा में किसी होटल में ले गया। वहां पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो बना ली। वीडियो को वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**आयोजन** | शिक्षाविद डॉ. बृजपाल सिंह यादव के द्वितीय साहित्य सृजन अमृत ज्ञान का लोकार्पण

# साहित्य सृजन दिलाता समाज में विशिष्ट स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




डा. बृजपाल सिंह की पुस्तक अमृत ज्ञान का लोकार्पण करते डा. हरिसिंह ढिल्लो।

- **शिक्षा और साहित्य एक दूसरे के पूरक, शिक्षक ही छात्र के व्यक्तित्व को देता सकारात्मकता**

**अमृत विचार:** भारत समर्पित फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को पंचायत भवन सभागार में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. बृजपाल सिंह यादव के द्वितीय साहित्य सृजन अमृत ज्ञान का समारोह में लोकार्पण किया गया। विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिसिंह ढिल्लो ने कहा कि शिक्षा और साहित्य एक दूसरे के पूरक है। साहित्य सृजन आपको समाज में विशिष्ट स्थान दिलाता है। शिक्षक ही छात्र के व्यक्तित्व को सकारात्मक स्वरूप देता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधि सलाहकार राजभवन असम प्रो. डॉ. हरवंश दीक्षित, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी डॉ. हरिसिंह ढिल्लो, नगर विधायक रितेश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आकांक्षा विद्यापीठ की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया।

विधान परिषद सदस्य हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि शिक्षक ही हमारे समाज को आगे ले जाते हैं और उसका उत्थान करते हैं। एक शिक्षक का नाम उसका प्रत्येक छात्र जीवन भर याद रखता है, क्योंकि शिक्षक ही छात्र के व्यक्तित्व को सकारात्मकता देता है। अन्य अतिथियों ने डॉ. बृजपाल सिंह यादव की शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि साहित्य सृजन ईश्वरीय कृपा से ही संभव है। संचालन संजीव आकांक्षी ने किया। कार्यक्रम में पद्मश्री चिरंजी लाल यादव और पद्मश्री बाबू राम यादव को शिल्प कला रत्न से अलंकृत किया गया। इसके अलावा पिलखुआ के डॉ. सतीश वर्धन, अमित मित्तल, डॉ. माधव शर्मा, शोभा शर्मा, राम कुमार सिंह यादव, सर्वेश कुमार सिंह, राम सिंह यादव प्रधान, सुधा रानी यादव, महेश चंद्र अग्रवाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. केके मिश्रा, चंदौसी के गौरव डॉ. राजीव लोचन शर्मा, डॉ. महेश दिवाकर, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, डॉ. रेनू यादव, विजय गुप्ता को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान खजान गिरी, सुरेंद्र मिश्रा, विश्वास यादव, धवल दीक्षित, धीरशांत दास, आनंद मोहन गुप्ता, कपिल गुप्ता, आदेश श्रीवास्तव, संजीव राघव, आदेश यादव, केडी शर्मा, सीमा शर्मा, मधुबाला त्यागी, हिमांशु यादव, प्रत्युष यादव, प्रमोद रस्तोगी, पंकज शर्मा, प्रेम नाथ यादव, सुरेंद्र सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

## नव नियुक्त वार्ड अध्यक्षों को दिया मनोनयन पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सपा के महानगर कार्यालय पर आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न वार्डों के लिए नवनियुक्त अध्यक्षों को मनोनयन पत्र प्रदान किया। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।

वार्ड 27 से उबैद हुसैन, 45 से वसीम अनवर, वार्ड 48 से अहमद अली, 63 से रेहान खान और वार्ड 69 से मोहम्मद अलमान को वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। महानगर अध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए उनसे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कहा कि प्रत्येक वार्ड अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाएं और उनके त्वरित समाधान के लिए संघर्ष करें। कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन युवा और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के जुड़ने से महानगर में समाजवादी पार्टी पहले से अधिक मजबूत होगी। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष सलीम वारसी, नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरुज्जमा सैफी, लालू परवेज, शमशाद अंसारी, मसरूर हसन शन्नू, अरबाज खान एडवोकेट, अहमद मुरादाबादी मौजूद रहे।

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 20 को ओरिएंटेशन कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में प्रथम शैक्षणिक सत्र 2025-26 के पीएचडी शोधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक पंचायत भवन में आयोजित होगा।

शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बताया कि सभी विषयों के शोधार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल पर सुबह साढ़े दस बजे तक पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की शोध प्रक्रिया, नियमावली एवं अन्य आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पांच स्थानों पर लगाए पिंजरे, नहीं फंसा तेंदुआ

## वन विभाग की टीम ने कई स्थानों पर शुरू की कांबिंग, ग्रामीणों में आदमखोर तेंदुए की दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में आदमखोर तेंदुओं के हमले से क्षेत्र में पांच स्थानों पर पिंजरे लगाने के बाद भी वन विभाग को सफलता नहीं मिल सकी है।

गत रात्रि क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में कृषि कार्य कर रहे राजीव कुमार अपनी पत्नी ललिता के साथ खेत पर गेहूं की गहाई कर रहे थे। पास ही खेल रहे उनके 5 वर्षीय बालक लाव्यांश पर हमला कर अपने जबड़े में दबोच लिया था। परिवार में आसपास के लोगों ने किसी तरह से बचाया जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। इससे पूर्व ग्राम मिश्रीपुर, फत्तेहपुर बिश्नोई, ग्राम दरियापुर, महदूद कलमी में बच्चों एवं बड़ों पर भी हमला कर चुका है। पिछले एक माह में यह पांचवीं घटना है जिनमें से चार अबोध बालक हैं। वन विभाग ने शुक्रवार को ग्राम सलेमपुर पहुंचकर कांबिंग कर पिंजरा लगा दिया है।



पिंजरा लगाती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

क्षेत्र में सलेमपुर सहित मिश्रीपुर, महदूद कलमी एवं दरियापुर में दो दो स्थानों पर पिंजरे लगे होने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है। क्षेत्र में लगातार हो रही तेंदुओं के हमले की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत है। डिप्टी वन रेंजर ने बताया कि कोई वृद्ध एवं बीमार तेंदुआ ही पिंजरे में फंस जाता है अन्यथा आदमखोर तेंदुआ अपना स्थान बदल देता हैं। उन्होंने ग्रामीणों को सचेत रहने की हिदायत दी है।



गांव नहनूवाला में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा लगाया गया पिंजरा।

### नहनूवाला में तेंदुए की दहशत, पिंजरा लगाकर की तलाश

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जंगलों से निकलकर आबादी तक पहुंच रहे तेंदुए अब ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार महकमा अभी भी सतर्क रहिए की सलाह देकर अपनी भूमिका निभा रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम नहनूवाला में पिछले दो दिनों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने दहशत का माहौल बना दिया है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले रात के समय तेंदुआ गांव में घुस आया और दहाड़ने लगा, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में तलाश की, लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं आया। गुरुवार रात तेंदुआ एक बार फिर गांव में दिखाई दिया और मुख्तार पुत्र छुट्टन के घर के पास तक पहुंच गया। घर में छोटे-छोटे बच्चों के चलते परिवार सहित आसपास के लोगों में भय और गहरा गया। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण पूरी रात जागकर पशुओं और परिवार की रखवाली करने को मजबूर हैं। शुक्रवार को वन विभाग की टीम दोबारा गांव पहुंची और इस बार पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की कवायद शुरू की गई। वन दरोगा पीयूष जोशी व मदन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

# 39 वर्ष बाद 8 लोगों पर दर्ज हुई जमीन हड़पने की रिपोर्ट

संवाददाता, भोजपुर

● एसएसपी के आदेश पर भोजपुर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचार :** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर घटना के करीब 39 वर्ष बाद भोजपुर, डिलारी व धामपुर बिजनौर के 8 लोगों के खिलाफ फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला चौधरियान निवासी फैजान पुत्र यामीन ने शिकायती पत्र में कहा कि मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के निकट नाना हिकमतउल्लाह पुत्र मसीतउल्लाह की कमर्शियल जमीन गाटा संख्या 478 रकबा 0.34 एकड़ को हड़पने की नियत से कस्बे के मोहल्ला नक्कालान निवासी शब्बीर पुत्र अब्दुल अजीज ने साजिश व षड्यंत्र के तहत किसी अजनबी व्यक्ति यासीन पुत्र अब्दुल मजीद दर्शाकर 27 जुलाई 1987 को अपने हक में पंजीयन निबंधक कार्यालय मुरादाबाद में बैनामा करा लिया। जो जिल्द संख्या 2388 के पृष्ठ 386 ए.डी. बही. जिल्द संख्या 2398 के पृष्ठ 418 में 421 के क्रमांक संख्या 5186 पर दर्ज है। आरोपी शब्बीर ने तथाकथित बैनामे में अपने सगे भाई आरिफ पुत्र अब्दुल अजीज को गवाह बनाया था। आरोपियों के खिलाफ उसी समय कार्रवाई की गई, लेकिन दंबगों के प्रभाव में कोई भी प्रभावी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। बाद में शब्बीर की मृत्यु हो गई। उसके बेटे तौकीर एवं पोते तस्कीम व तौसीन पुत्र तौकीर, थाना डिलारी के गांव अलियाबाद निवासी शेर मोहम्मद पुत्र सद्दीक, आरिफ पुत्र शेर मोहम्मद, आसिम पुत्र शेर मोहम्मद एवं बिजनौर की तहसील धामपुर के गांव महावतपुर जटपुरा निवासी राजीव कुमार व नवनीत कुमार पुत्र जसवीर उनके षड्यन्त्र को सफल बनाने रहे। आरोपी कार्रवाई करने पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दे रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचक उप निरीक्षक जुगेंद्र तेवतिया ने साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की बात कही ।

# रास्ते के विवाद में चले लाठी डंडे दोनों पक्षों के13 लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता बिलारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डोहरी में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों के 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डोहरी निवासी एक पक्ष की रेखा पत्नी राजवीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसी के गांव के अंशु, जसवीर ,सीमा ,जितेंद्र और अनिकेत से उनके रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है 15 अप्रैल की दोपहर 3 बजे आरोपी उसके रास्ते पर निर्माण करने लगे, जब विरोध किया तो सभी ने एक साथ लाठी डंडे सरिया और धारदार हथियारों से पति पर हमला कर दिया। वह पति को बचाने पहुंचीं तब उस पर भी हमला किया। पति के सर में गंभीर चोटें लग गई और वह गिर गए। दूसरे पक्ष की अंशु पुत्री राजपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी उन्हीं के मोहल्ले के रहने वाले राजवीर, रामवीर, अनुज, अमन ,रोहित, यशवीर, रेखा और उर्मिला से रंजिश चली आ रही है। आरोप लगाया कि 15 अप्रैल को 3 बजे सभी लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ लात घूसों और फरसे से मारा पीटा आरोप लगाया कि बीच बचाव करने आई उसकी बहन तारावती को मारपीट कर घायल कर दिया। अमन और राजवीर ने उसकी बहन सीमा के कपड़े फाड़ दिए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जेठ, देवर पर पति के साथ मारपीट करने का आरोप

मोहल्ला ठाकुरान निवासी हुस्न जहां पत्नी शाने आलम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है 14 अप्रैल की रात 10 :00 बजे उसके पति शाने आलम का उसके देवर परवेज जेठ जाने आलम और मुस्तफा से झगड़ा हो गया। आरोप लगाया कि जब वह अपने पति को बचाने आई तो तीनों ने उसके साथ भी मारपीट की।

### बर्गर की प्लेट गिरने के विवाद में कान काटा

क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर के अंकित पुत्र रामू सिंह ने कहा है कि वह 15 अप्रैल की रात 10 :00 बजे बिलारी नगर में अंबेडकर पार्क में लग रहे मेले को देखने गया था। पार्क के बाहर भीड़ लगी थी, इसी दौरान एक युवक बर्गर खा रहा था। धक्के से उसकी प्लेट गिर गई। इसके बाद मोनू पुत्र मित्र पाल निवासी मुड़िया राजा और एक अज्ञात ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि मोनू ने उसका कान काट लिया।

## चाचा-भतीजे ने बाप-बेटे पर हमला वीडियो वायरल

**कुंदरकी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मौसमपुर गांव में चाचा ने बेटे व पत्नी के साथ मिलकर भतीजे अभिषेक व उसके पिता पर घर में घुसकर हमला बोल दिया। गाली-गलौज के बीच सिर फटने से अभिषेक लहूलुहान, पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरोपियों ने शुक्रवार दोपहर घर में घुसकर जमकर लाठियां बरसाईं। अभिषेक ने थाने शिकायत की है। चाचा ने भी तहरीर दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल अभिषेक का मेडिकल परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने हालत चिंताजनक बताई। सोशल मीडिया पर झगड़े का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस दोनों पक्षों से बयान लेकर जांच कर रही है।



घायल अभिषेक।

# ब्राह्मण समाज ने भजन कीर्तन के साथ निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में प्रतिवर्ष होने वाले उत्सव की ब्राह्मण समाज ने बृहस्पतिवार को प्रभातफेरी के साथ शुरुआत की थी। इस चार दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन ब्राह्मणों ने भजन-कीर्तन करते हुए नगर में दूसरी प्रभातफेरी निकालकर भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजीकृत के तत्वावधान में शुक्रवार की सुबह पांच बजे नगर व क्षेत्र से ब्राह्मण समाज की महिला, पुरुष और बच्चे नगर के मोहल्ला विशनपुरा स्थित पंडित बाबू राम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में एकत्र हुए। यहां भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए ज्योत प्रज्वलित की गई। साथ ही भगवान के चित्र पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद विधि विधान से प्रभातफेरी निकाली। महिलाएं ढोलक मंजीरों से मधुरवाणी में कीर्तन करते चल रही थीं। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष भावेश शर्मा, संयोजिका अनुजा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंजू शर्मा, सुनीता शर्मा, मनोरमा शर्मा, रितिका शर्मा, अनीता शर्मा, पूनम शर्मा, यशिका शर्मा, सोनिया शर्मा, दीया शर्मा, मीनू शर्मा, मेघा शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, पंडित विकास शर्मा, पंडित यतेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा आदि रहे।



प्रभातफेरी निकालते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

● कल श्री परशुराम जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

## कलाकारों को किया सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार।** आंबेडकर मेले के दूसरे दिन जादू शो और भीम लीला का मंचन आकर्षण रहा। मेले में दुकानों पर खरीदारी को भीड़ लगी रही। ग्रामीण अंचल से आए बाबा साहेब के अनुयाई देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते रहे। इधर कमेटी द्वारा शोभा यात्रा के स्वरूपों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसमें नगर के अलावा नगलिया जट, मिलक , सहसपुर, असालतपुर आदि सभी तेईस गांवों से आई झांकियों के स्वरूपों को पुरस्कृत किया गया। संचालन अध्यक्ष डा जगतपाल सिंह ने किया। पुरस्कार वितरण खालिद जमा खां, फैसल रजा अंसारी, निर्मल सिंह सागर एडवोकेट, डा शिवनारायण सिंह, बादाम सिंह सागर, लटूरी सिंह, राम खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य 10 दिन में करें हासिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● विकास भवन में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन स्थित बापू सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री की खराब प्रगति पर उपनिदेशक कृषि से कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि फार्मर रजिस्ट्री में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इसलिए 10 दिन में शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री हो जानी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई होगी।

दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से विभिन्न विभागों के कार्यालय में दिव्यांग फ्रेंडली संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में तैयार ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी ली। कहा कि निर्धारित मानकों की जानकारी विभागों के अधिकारियों को दें। फैमिली आईडी की धीमी प्रगति पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पर नाराजगी जताई।

विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जिले में खराब ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता से बदलने, शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। ट्रांसफार्मरों चोरी की घटनाओं पर दर्ज एफआईआर के सापेक्ष कार्रवाई की जानकारी ली।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत हुई ऑनलाइन गोष्ठी

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय मथाना में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत गूगल मीट से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नजाकत हुसैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. नौमी प्रिया के द्वारा ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया। सभी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण के दिशा में एक सशक्त अधिनियम के रूप में स्वीकार किया। देश की आधी आबादी के लिए यह अधिनियम काफ़ी कारगर सिद्ध होगा। इस अधिनियम के लागू होने से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र /छात्रओ ने भी प्रतिभाग किया। गोष्ठी में छात्रों को 9667173333 पर मिस्ड कॉल कर इस अधिनियम को अपना समर्थन प्रदान कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### ऊमरी कलां में सड़क और नालियों पर खड़े खम्भे हटवाए

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां में विकास में बाधा डाल रहे सड़क और नालियों में खड़े बिजली के खम्भों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने हटवा दिए। शुक्रवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने विकास में बाधा डाल रहे बिजली के खम्भों को सड़क और नालियों से हटाने की कार्यवाही की है। सड़क के बीचों-बीच या नालियों में लगे खम्भों को हटाकर, उनके स्थान पर नए पोल लगाए जा रहे हैं, ताकि यातायात सुगम हो सके और जलभराव की समस्या न हो। खम्भों के हटने से रात के समय दुर्घटनाओं में कमी आएगी और विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो सकेंगे।



### नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय क्लस्टर मीट का समापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम कलेवाला में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खो-खो एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। जिसमें आगरा संकुल के 11 नवोदय विद्यालयों से आए 125 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयनित प्रतिभागियों को आगामी क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो 20 और 21 अप्रैल को अलीगढ़, मऊ एवं कन्नौज में होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी मनोज परमार ने किया। प्राचार्य ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर उपप्राचार्य अजय कुमार ने अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल शिक्षिका सीमा सिंह और खेल शिक्षक हर्षित पाण्डे का विशेष योगदान रहा।

### इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**भगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ने जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र के एक युवक पर दुष्कर्म कर वीडियो बनाने व बाद में ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। आरोपी के परिजनों ने भी उसे व उसके परिजनों को धमकाया। युवती की तहरीर पर पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना भगतपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अनुसार वह इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह कुछ दिन पूर्व रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र के एक गांव में बुआ के यहां गई थी। वहां पर पड़ोस में रहने वाले बुआ के जेठ के पुत्र रियाज का बुआ के घर पर आना जाना था। एक दिन उसकी बुआ व फूफा किसी काम से घर से बाहर गए थे। वह घर में अकेली थी तभी आरोपी घर में आ गया व बहला फुसला कर उसे कोल्डड्रिंक पिला दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया। छात्रा ने परेशान होकर परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोप है कि इस बात से नाराज आरोपी की परिजनों ने उसके परिवार से बदसलूकी की और चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। इसके बाद परिजन छात्रा के साथ पुलिस के पास पहुंचे व आरोपी रियाज व उसके परिजनों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### टेम्पो और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित सिद्धार्थ फार्म हाउस के सामने टेम्पो ओर बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई हैं। गुरुवार रात्रि करीब 10 बजे मुरादाबाद की ओर से आ रहे टेम्पो जिसमें 4 लोग सवार थे। वहीं दूसरी ओर कांठ की ओर से आ रही बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई हैं। घायल युवक उवैस पुत्र परवेज निवासी नागलिया थाना नौगांवा सादात का इलाज किया जा रहा हैं।



### दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने देवर व जेठ पर मारपीट दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाकर थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्ड भेजा है। गांव निवासी एक विवाहिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके जेठ पवनीत कुमार, देवर राहुल कुमार ने बृहस्पतिवार को उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की और बृहस्पतिवार की शाम को 7 बजे के लगभग राहुल ने विवाहिता को अंदर कमरे में खींच लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए।

# विधायक ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** विकास खंड के गांव इमरतपुर ऊधौ में ग्राम चौपाल का लगाई गई। विधायक रामवीर सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

चौपाल में स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, राजस्व, पूर्ति, कृषि, विद्युत, पुलिस, महिला-बाल कल्याण विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि सरकारी योजनाएं हर पात्र तक पहुंचें, खुशहाल गांव ही प्राथमिकता। फार्मर रजिस्ट्री, पेंशन आवेदन, मीटर शिकायतें मौके पर सुलझाई गईं।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, लेखपाल निक्की कुमारी, सीएचओ विशेष कुमार, विवेक कुमार, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, विजेंद्र चौधरी, इरशाद खान, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश कश्यप, राजवीर सिंह, जिला मंत्री ज्योति वाल्मीकि व बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।




ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

### ग्राम चौपाल में पांच शिकायतें आईं

बिलारी, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम खाबरी अव्वल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने शिकायतें सुनीं। चौपाल में राशन कार्ड, हैंडपंप समेत पांच शिकायत आईं। जिनका निस्तारण के निर्देश दिए गए। खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि एक राशन कार्ड की शिकायत, एक परिवार नकल ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और दो हैंड पंप की शिकायतें प्राप्त हुईं।

## सपा के बिलासपुर विधान सभा क्षेत्राध्यक्ष बने प्रमोद

**मिलक, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बिलासपुर विधान सभा सीट के लिए नए विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष की कमान प्रमोद गंगवार को सौंपी है।

प्रमोद गंगवार लंबे समय से पार्टी में सक्रिय हैं और बूथ स्तर तक उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए सिरे से अध्यक्षों की तैनाती शुरू की है। बिलासपुर सीट पर प्रमोद गंगवार को जिम्मेदारी देने के पीछे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है। सपा का लक्ष्य आगामी चुनाव में जिले की पांचों विधानसभा सीटों को जीतना है। इसके लिए पार्टी ने पहले तहसील अध्यक्ष बनाए और अब विधानसभा अध्यक्षों की घोषणा की है।


प्रमोद गंगवार।

# जनगणना कार्य में स्वीकार नहीं होगी लापरवाही

## जिला सहकारी बैंक के सभागार में डीएम ने 7 मई से होने वाले ऑनलाइन प्रशिक्षण को लेकर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक के सभागार में शुक्रवार को जनगणना-2027, फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर ग्राम विकास अधिकारियों एवं लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 तक ऑनलाइन स्वगणना का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस बार जनगणना प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल होगी।

आम नागरिक निर्धारित अवधि में स्वयं पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करेंगे। प्रत्येक प्रगणक को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यभार दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में 6000 प्रगणक तैनात किए गए हैं।


परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

- डीएम ने कहा, सभी को फैमिली आईडी बनाना अब अनिवार्य
- जनगणना प्रगणकों के कार्य के बारे में भी दी जानकारी

फैमिली आईडी के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि यह 12 अंकीय डिजिटल पहचान प्रणाली है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिया जाता है। कहा कि जिन पात्र परिवारों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनका फैमिली आईडी बनाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों, वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य 2,13,545 की पूर्ति प्रदेश में सर्वप्रथम पूर्ण कर ली है। भारत सरकार से प्राप्त संशोधित लक्ष्य 3,07,000 के सापेक्ष अब तक 2,56,900 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जा चुकी है। जबकि 50,115 किसानों की रजिस्ट्री शेष है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, बीटीएम एवं एटीएम के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे, उन्हें 1 मई 2026 से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ तथा 31 मई 2026 से अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिन कृषकों की मृत्यु हो चुकी है, उनके वारिसों को चिन्हित कर उनकी फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाए।

### डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** लाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। डीएम और एसपी ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेन्ट- 2025 की लिखित परीक्षा के लिए जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## भैरव बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जलाभिषेक


मंदिर के बाहर कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मिलक, संवाददाता

**अमृत विचार :** नगर के हाईवे स्थित मेहंदी नगर में श्री दयामय अमर भैरव बाबा मंदिर परिसर में शनिवार को मासिक मेले का भव्य आयोजन हुआ। हर महीने की 17 तारीख को लगने वाले इस मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनौतियां मांगीं। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं।

मंदिर में भैरव बाबा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का नए वस्त्रों से भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कथा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य पुजारी प्रेम शंकर ने श्रद्धालुओं को धर्म और ज्ञान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति ही मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य है और सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में शक्तिशाली होता है। कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# बालगृह में पले बच्चे कोविड का दर्द भूले, लैपटॉप पाकर खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य की राह आसान करने के लिए 5 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए। सरकारी संरक्षण में पल रहे बालगृह के बच्चों की प्रतिभा भी अब परवान चढ़ने लगी है, जिसने प्रशासनिक प्रयासों को सार्थक कर दिया है।

पांच बच्चों के हाथों में लैपटॉप आए, तो उनके चेहरे पर भविष्य की उम्मीदें साफ झलक रही थीं। जिलाधिकारी ने नादरबाग की मढ़ैयान निवासी तनिष्का सक्सेना, सांई विहार कालोनी की रिद्धिमा पंकज, बजरिया झब्बू खां की आतिरा गुफरान, चमरौआ के अब्दुल जियान और बिलासपुर की नैना को लैपटॉप सौंपे। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालगृह में


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे एवं अधिकारी। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने पांच बच्चों को बांटे लैपटॉप

वर्तमान में 27 और दत्तक ग्रहण इकाई में 14 मासूमों को सुरक्षित आश्रय मिला हुआ है। सेंट पॉल स्कूल में पढ़ने वाले बालगृह के होनहार छात्र देव ने अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय देते हुए कक्षा-1 की परीक्षा में 97.95 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि पहले चरण में 0 से 18 वर्ष तक स्कूली शिक्षा के लिए सहायता दी जाती है। इसके बाद यदि बच्चा स्नातक या डिग्री की पढ़ाई कर रहा है, तो 18 से 23 वर्ष की आयु तक दूसरे चरण का लाभ मिलता है। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि कोविड से अनाथ हुए 54 बच्चों को वर्तमान में 4000 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। इसके अलावा 49 बच्चों को केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना 4000 रुपये प्रतिमाह में स्थानांतरित किया गया।

## ध्वजारोहण-प्रार्थना गीत की बारीकियों को सीखा

संवाददाता, बिलासपुर

- राजकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर शुरू

**अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने ध्वजारोहण कर किया। इसके पश्चात जिला संगठन कमिश्नर स्काउट-गाइड नरवन्त कौर व जीतू कुमार और महाविद्यालय स्टाफ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्र की शुरुआत की।

इस दौरान प्राचार्य ने रोवर्स-रेंजर्स को स्काउट-गाइड के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स कठिन परिस्थितियों में समाज सेवा का जज्बा सिखाते हैं, जो भारतीय समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम मौर्य ने संगठन की कार्यप्रणाली और दुर्गम स्थानों पर दी जाने वाली सेवाओं पर प्रकाश डाला। वहीं, रोवर्स प्रभारी डॉ. संघ रतन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोवर्स-रेंजर्स की भूमिका समझाते हुए शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर के प्रथम शिविरार्थियों को नोटबुक बनाना सिखाया गया। साथ ही प्रशिक्षक ने ध्वजारोहण की तकनीक, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम और प्रतिज्ञा की बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर आदि मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण ऐतिहासिक क्रांतिकारी कदम : राजबाला

संवाददाता, राजबाला

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को हुई पत्रकार वार्ता में मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं एवं दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी, संतुलित एवं प्रतिनिधिक बनेगा। विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव पूजनीय एवं शक्तिस्वरूपा माना गया है। प्राचीन काल से ही महिलाओं ने समाज, राजनीति एवं दर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान



विकास भवन में हुई पत्रकार वार्ता में बोलतीं विधायक राजबाला। ● अमृत विचार

दिया है तथा स्वतंत्रता संग्राम में भी उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। वर्तमान सरकार द्वारा पारित यह 106वां संवैधानिक संशोधन महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में समानता अत्यंत आवश्यक है। यदि महिलाओं की भागीदारी कम होगी तो लोकतंत्र पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो सकता। इस अधिनियम के लागू होने से नीति निर्धारण के उच्चतम स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक संवेदनशील एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के राजनीति में आने से समाज में संवेदनशीलता, धैर्य एवं करुणा जैसे मूल्यों का समावेश होगा। महिला जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उनके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## नारी शक्ति वंदन के तहत स्कूलों में बनाई मानव श्रृंखला

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सभी माध्यमिक विद्यालयों में नारी शक्ति मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से समाज में नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता का व्यापक संदेश दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में शौर्य प्रदर्शन एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया गया। नारी सशक्तिकरण एवं देशभक्ति पर आधारित नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों ने सभी को प्रेरित किया।

# महिला आरक्षण से नारी शक्ति का सपना होगा साकार: औलख

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने तैंतीस प्रतिशत महिला आरक्षण को एक महान उपलब्धि बताते हुए कहा कि नारी शक्ति का एक बहुत बड़ा सपना पूरा होने जा रहा है। सरकार ने नारी शक्ति को नई पहचान दी है। शुक्रवार को वह मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित हरियाणा अग्रवाल धर्मशाला में संगठन द्वारा ''नारी शक्ति वंदन'' विधान सभा सम्मेलन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने जोर दिया कि मोदी सरकार ने नारियों को नेतृत्व की शक्ति प्रदान की है।

कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने सरकार के महिला आरक्षण अधिनियम को एक बड़ी उपलब्धि बताया। कहा कि भाजपा नेत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा


कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

- अग्रवाल धर्मशाला में हुए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोले कृषि राज्यमंत्री बल्देव औलख


बिलासपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोलते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

नारी शक्ति को नई पहचान दी। साथ ही उन्होंने महिला आरक्षण को एक नई दिशा और पहल बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाग संयोजिका निवेदिता मित्तल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रजनी जौहरी, पूनम जैन, कविता खुराना, परमजीत कौर पोला, डॉ. पूर्णिता, साधना सूजी और प्रेरणा अग्रवाल समेत कई महिला वक्ताओं ने विचार रखे। कृषि राज्यमंत्री, पालिकाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं गणमान्य महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संतोख खैहरा, सुनील मौर्य, जिला मंत्री श्रेया मदान, सतवंत कौर, मीनाक्षी रस्तोगी, बीके बबीता, वीना जैन, किरनजीत कौर, प्रिया जैन, किरन गुगलानी, रीतु कुमारी, एकता पारुथी, अंकिता बंसल, संध्या सक्सेना, वंदना अग्रवाल, ऊषा चावला, अंगनलाल राजपूत, दिनेश चंद्र शर्मा, राजेश सैनी, प्रियांश जैन, सौरभ सक्सेन, अनिल मदान, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन स्फूर्ति जैन ने किया।

## ग्रीनफील्ड हाईवे की जद में 26 गांवों की रजिस्ट्री बंद, परेशानी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पानीपत से गोरखपुर तक बनने वाले प्रस्तावित हाईस्पीड ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे ने क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हाईवे के दायरे में तहसील के 26 गांवों को शामिल किया गया है, जिसके चलते शासन ने करीब दो माह से क्षेत्र में रजिस्ट्री पर पूरी तरह रोक लगा दी है। रजिस्ट्री बंद होने से किसानों को परेशानी हो रही है।

जमीनों का चिन्हीकरण न होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। किसान अपनी जरूरतों के लिए अपनी ही जमीन नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं, खरीदार भी इस डर से पीछे हट रहे हैं कि कहीं उनकी खरीदी गई जमीन हाईवे की जद में न आ जाए। परियोजना के संभावित दायरे में तहसील क्षेत्र के खूंटाखेड़ा, पंजाबनगर, महेशपुरा, पजावा, भटपुरा तारन, कुइया, ताल महावार, फैज गंज, शमशाबाद, अनवरिया तालिबाबाद, हरैया कलां, गंगापुर, पिपलिया मिश्र, वेदपुर, अहरौला, अहरो जदीद, करसौला, हाफिज नगर और अलीपुर ठेका सहित लगभग 26 गांव शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे पूरा कर प्रभावित जमीनों के गाटा संख्या सार्वजनिक किए जाएं। किसानों का कहना है कि जब तक सर्वे पूरा नहीं होता, उनकी सारी आर्थिक योजनाएं ठप पड़ी हैं। सब रजिस्ट्रार जुबैदा माजिद खान ने बताया कि फिलहाल जमीनों को चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही आवश्यक गाटा संख्या निर्धारित हो जाएंगे, उन्हें छोड़कर शासन के निर्देशानुसार प्रभावित गांवों की शेष सभी जमीनों की रजिस्ट्री खोल दी जाएगी।

**आयोजन** — राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# एनसीसी कैडेट्स ने टीबी और नशा मुक्ति का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्याल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने टीबी और नशा मुक्त का संदिश दिया। नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत हुई गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि युवाओं को स्वयं तो नशे से मुक्त रहना ही है, साथ ही अपने परिवेश को भी नशाखोरी के विरुद्ध जागरूक करना है।

डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने युवाओं से आग्रह किया कि नशा पढ़ाई का, अपने उद्देश्य का, अपने लक्ष्य का करें, जिससे जीवन में सुधार आए। डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि धूम्रपान, गुटखा, शराब आदि का दुष्प्रभाव शरीर पर आजीवन बना रहता है, इसलिए युवा वर्ग को इनका प्रयोग स्वयं वर्जित करना चाहिए। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शाहजाद हसन खां ने टीबी के कारण, निवारण तथा इलाज के लिए शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों



राजकीय महाविद्यालय से जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

की जानकारी दी। डॉ. अखलाक ने टीबी से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में कहा कि यह खतरनाक रोग है, लेकिन भ्रम के कारण लोग न तो सही इलाज करा पाते हैं और न ही रोगियों की देखभाल में सावधानी बरतते हैं। संचालन डॉ. राजेश कुमान ने किया, डॉ. सतीश कुमार ने सभी का आभार जताया।

**छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली : रामपुर :** राजकीय महाविद्यालय रजानगर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। इससे पहले हुई गोष्ठी में कालेज प्राचार्य डॉ.

- राजकीय महाविद्यालय रजानगर में नारी शक्ति वंदन के प्रति जागरूकता अभियान

आरएस गिरि ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्राचार्य ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं एवं छात्रों से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्राध्यापक डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अनुपम मित्र, डॉ. पवन कुमार, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा एवं डॉ. कपिल देव ने भी नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक समानता जैसे विषयों की जानकारी दी। कॉलेज से निकाली गई जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं ने लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक किया। महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में संदेश प्रसारित किया गया।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, India *that is* भारत
(E-Mail :- cd1pwdmbd@gmail.com)

पत्रांक– 659 / ई–निविदा / 2026–27 दिनाक 08.04.2026

ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कॉलम संख्या–8 में दर्शायी गयी श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु | | | | | | | |
| 1 | | सहायक अभियन्ता–प्रथम के अधीन ग्रामीण मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |
| 2 | | सहायक अभियन्ता–द्वितीय के अधीन ग्रामीण मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |
| 3 | | सहायक अभियन्ता–तृतीय के अधीन ग्रामीण मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |
| 4 | | सहायक अभियन्ता–प्रथम के अधीन राज्य मार्ग / प्रमुख जिला मार्ग / अन्य जिला मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |
| 5 | | सहायक अभियन्ता–द्वितीय के अधीन राज्य मार्ग / प्रमुख जिला मार्ग / अन्य जिला मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |
| 6 | | सहायक अभियन्ता–तृतीय के अधीन राज्य मार्ग / प्रमुख जिला मार्ग / अन्य जिला मार्गो पर दाग मरम्मत का कार्य। | 33.50 | 3.35 | 854.00 | 09 माह | A, B, C & D |

- बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.04.2026 से 30.004.2026 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 23.04.2026 को 10:00 बजे से दिनांक 30.04.2026 को 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 23.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेंगी।
- निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 879(1) / 23–7–2020, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650 / 4एन–एल0सी0 / 2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

UP - 249947 दिनांक: 16/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(मोहित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
ई–मेल :– cd1pwdmbd@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

### स्टार्टअप से खिलेगा युवाओं का भविष्य

**मिलक अमृत विचार :** क्षेत्र के बिलासपुर रोड स्थित राम स्वरूप डिग्री कॉलेज में स्टार्टअप इंडिया योजना को लेकर जागरूकता कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता शिवानी और वंशिता ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप योजना के बारे में बताया कि कैसे एक छोटा सा आइडिया नए व्यवसाय का रूप ले सकता है। उन्होंने राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप के योगदान और मिलने वाली सरकारी सहायता से रूबरू कराया। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करते हुए इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से मिलने वाली तकनीकी और वित्तीय सहायता के बारे में भी बताया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. आशिफ़ा ने कहा कि आज का युग नवाचार का है और विद्यार्थियों को पारंपरिक नौकरियों से आगे बढ़कर कुछ नया सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आशिफ़ा ने महाविद्यालय प्रबंधन और सभी लोगों का आभार जताया।

### तीन युवकों को लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी सोनू द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि गुरुवार की रात साढ़े ग्यारह बजे अपने भाई बिट्टू और सुमित के साथ बैट्रा लेने के लिए मोहल्ला कायस्थान जा रहा था। आरोप लगाते हुए कहा कि प्रमोद, उदय आदि व्यक्तियों ने रंजिश के रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके पश्चात सभी व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए हैं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्रमोद, उदय, तन्नू, अंकित, दिवेस, रामौतार, राजकुमार, मनोज निवासीगण मोहल्ला कायस्थान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कांग्रेसियों ने की पोस्टपेड मीटर लगवाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने स्मार्ट मीटर लगवाए जाने का विरोध किया है। एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर शहर में पोस्ट पेड लगवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर में बैलेंस खत्म होने पर बिजली ठप हो जाती है। कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने पोस्टपेड मीटर दोबार लगवाए जाने की मांग की है।

# मौसम में आया बदलाव, 37 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान

## अप्रैल में हो रही मई जून जैसी गर्मी, मौसम वैज्ञानिक भी जता रहे हैं चिंता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव आ गया है, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूरज की तपिश से बेहाल रहे, लोग छाता लगाकर गुजरे और कुछ लोगों ने गर्मी से बचने के लिए सिर पर अंगोछा डाल लिया। गर्मी लगने और गला सूखने पर लोगों ने ठंडे पेय पदार्थो का सेवन किया। जिसके चलते ठंडे पेय पदार्थो का कारोबार काफी बढ़ गया। लोगों ने कोल्ड ड्रिंक के अलावा बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी आदि का सेवन किया। शाम को आंधी चली और आसमान में बादल छा गए।

सुबह से सूरज में तेजी थी दोपहर होने से तपिश बढ़ गई और लोगों का गर्मी से गला सूखने लगा। प्यास बुझाने के लिए लोगों ने कोल्ड ड्रिंक पिया। इसके अलावा राहे रजा, राहे मुर्तजा पर बेल के शर्बत का ठेला लगाने वाले और गन्ने का जूस बेचने वालों का अच्छा कारोबार हुआ। बेल का शर्बत बेच रहे लखविंदर सिंह ने बताया कि लोग बेल का शर्बत पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। क्योंकि यह शरीर को ताकत देता है और पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बेल का शर्बत पीने से बार-बार पानी पीने की जरूरत नहीं पड़ती है। जबकि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद प्यास और बढ़ जाती है और बार-बार पानी पीने की इच्छा होने लगती है। शिद्दत की गर्मी में लोग सिर पर अंगोछा और छाता लगाकर निकले।

पर्यावरणविद् डॉ. तबस्सुम ने बताया कि पर्यावरण से छेड़छाड़ करने के कारण मौसम के समय में बदलावा आना शुरू हो गया है। यदि समय रहते दुनिया के लोग नहीं चेते तब इसके भयंकर परिणाम भुगतना होंगे।


स्कूटी से जाती युवती। ● अमृत विचार

● शाम को आई आंधी, आसमान में छाए रहे बादल

**हाल-ए-मौसम**

अधिकतम तापमान- 37 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमान- 23 डिग्री सेल्सियस

आर्द्रता- 27 प्रतिशत

वायु वेग-10 किमी .प्रति घंटा

"मौसम शुष्क रहने व तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने के आसार हैं। जबकि मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़ सहारनपुर में गरज के साथ बारिश की संभावना है।
**- श्वेता सिंह,** मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### खेत की मेढ़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मेढ़ को काटकर खेत में मिलाने का विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गांव बिगवाड़ा रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी सुरेन्द्र सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा कि वह गांव फुलसुंघी का स्थाई निवासी है। कहा कि उसकी गांव में खेती भूमि है।

आरोप लगाया कि फिरासत अली आदि व्यक्तियों ने पैमाइश के बाद उसकी मेढ़ काटकर खेत मिला ली। विरोध किए जाने पर जान से मारने की धमकी देते हए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीद पर फिरासत अली निवासी मोहल्ला शीरी मियां, हरप्रीत सिंह, सतनाम सिंह, जोगिंदर सिंह निवासी गांव अलीनगर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## शाहाबाद में निकाली आंबेडकर शोभायात्रा


दीप प्रज्ज्वलित कर शोभायात्रा का शुभारंभ करते पूर्व विधायक विजय सिंह।

संवाददाता, शाहाबाद

**अमृत विचार :** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय और समता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अंबेडकर पार्क शाहाबाद से बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन पति वसीम खां ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

उद्घाटन के बाद अंबेडकर पार्क से शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। इस दौरान नीले झंडे, बाबा साहब के कटआउट और जय भीम-जय संविधान पीडीए एक है के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला भी इसी सोच का विस्तार है, जो समाज में समानता और एकता को मजबूत करता है। चेयरमैन पति वसीम खां ने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी मुख्यधारा से जुड़े। इसे पूरा करने के लिए शिक्षा, संगठन और संघर्ष जरूरी है। उन्होंने शोभायात्रा को सामाजिक भाईचारे और संविधान की रक्षा का प्रतीक बताया।

### खाना बनाते समय घर में लगी आग सामान जलकर राख

**स्वार, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपतनगर के वार्ड संख्या पांच में गुरुवार देर शाम खाना बनाते समय कच्चे मकान में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरा मकान जलकर राख हो गया। जिसमें परिजन बालबाल बच गए।

वार्ड संख्या पांच निवासी निवासी नूरुद्दीन के मकान की छत तिरपाल और पन्नी की बनी हुई थी। शाम करीब 7 बजे उनकी पत्नी गैस पर खाना बना रही थी। तभी अचानक छत ने आग पकड़ ली। आग तेजी से फैल गई और घर के अंदर मौजूद महिला और बच्चे फंस गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरु किया। इसी दौरान लोगों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर महिला और दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## तीन स्थानों पर गेहूं अवशेष में लगी आग, दमकल ने बुझाई

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर खेतों में आग लगने से गेहूं के अवशेष, पेड़ों की जड़ें और भूसे के ढेर जलकर नष्ट हो गए। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने की पहली घटना माटखेड़ा रोड पर बाइपास पुल के पास खौंदलपुर गांव में हुई। यहां मंदीप सिंह के लगभग तीन एकड़ खेत में लगी गेहूं की नरई पूरी तरह जल गई।

खेत के किनारे लगे पेड़ों की जड़ें भी आग की चपेट में आ गईं। दूसरी घटना टाह कलां गांव में प्रीतम सिंह के खेत में रखे भूसे के ढेर में आग लगने की थी। वहीं, तीसरी घटना गोकुलनगरी गांव में मलविंदर सिंह के खेत में हुई, जहां उनकी नरई जलकर राख हो गई।

● तीन एकड़ में लगी गेहूं की नरई जल कर राख

मौके पर पहुंचे दमकल वाहन के चालक श्रीपाल ने बताया कि सूचना मिलते ही तीनों स्थानों पर तत्काल कार्रवाई कर आग बुझाई गई। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, लेकिन आशंका जताई जा रही है। कि किसी जलती हुई बीड़ी-सिगरेट या अन्य चिंगारी से यह आग फैली होगी। तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने इस संबंध में बताया कि राजस्व कर्मियों को घटनास्थल पर भेजकर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

वहीं अब तक अप्रैल महीने में किसानों के गेहूं की फसल में कई स्थानों पर आग लगने से नुकसान हो चुका है। आग लगने का कारण बिजली के तारों से निकली चिंगारी भी रही हैं। लेकिन विभाग सचेत नहीं हो रहा है।

### साहित्य की आत्मा है रस, हृदय में करती है भावों का संचार

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा भारतीय साहित्य शास्त्र में रस की अवधारणा विषय पर प्रसार व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय गाजियाबाद डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि रस साहित्य की आत्मा है, जो पाठक या श्रोता के हृदय में भावों का संचार करती है। उन्होंने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र का उल्लेख करते हुए विभिन्न रसों की व्याख्या की तथा उनके साहित्यिक महत्व को स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रस के माध्यम से साहित्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं रहता, बल्कि वह एक सजीव अनुभव बन जाता है। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि साहित्य मनुष्य के भावों का सशक्त माध्यम है, जो समाज को दिशा प्रदान करता है। छात्राओं को साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने तथा उसके माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित किया।

## चौड़ीकरण को लेकर मुतवल्लियों ने धार्मिक स्थलों को खुद हटाया

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** हाईवे चौड़ीकरण के दौरान जद में आ रही दरगाहों के मुतवल्लियों ने प्रशासनिक अपील पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए स्वयं ही निर्माण कार्य को हटाना शुरू कर दिया है। नगर क्षेत्र में हाईवे चौड़ीकरण के चिन्हीकरण के बाद शुक्रवार को दरगाह प्रबंधकों ने स्वेच्छा से पीछे हटने का निर्णय लिया। स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए तहसीलदार शिव कुमार शर्मा और प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

अधिकारियों ने मुतवल्लियों के इस कदम की सराहना की और इसे विकास कार्य में एक बड़ा सहयोग बताया। हाईवे की जद में आने वाली मोहल्ला बिशारतनगर स्थित हजरत शाहू शाह मियां की दरगाह पर मुतवल्ली नासिम खां बाबा ने खुद जेसीबी लगवाकर चौड़ीकरण की जद में आ रहे हिस्से को हटवाना शुरू कर दिया। इसके अलावा नगर में ब्लाक के सामने स्थित हजरत सादिक शाह मियां दरगाह के पिछले हिस्से को मुतवल्ली जीशान खां ने मजदूरों की मदद से तुड़वाकर जगह खाली करनी शुरू कर दी। बता दें कि, यह पूरा प्रोजेक्ट राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की पहल पर स्वीकृत हुआ है, जिसके तहत रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे के नगर के भीतर स्थित लगभग सात किलोमीटर लंबे हिस्से को चौड़ा किया जा रहा है। नगर के केमरी तिराहे और मुख्य चौराहे जैसे सघन क्षेत्रों में सड़क संकरी होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। सड़क के दोनों ओर 7-7 मीटर की दूरी तक चौड़ीकरण प्रस्तावित है। तहसीलदार शिव कुमार शर्मा ने बताया कि एनएचएआई के मानक के अनुसार हाईवे के बीचों-बीच से लेकर दोनों साइडों में लगभग 60-60 फिट भूमि हाईवे की जद में है।


मोहल्ला विशारतनगर में दरगाह के मुतवल्लियों ने स्वयं हटाया निर्माण।

● चौड़ीकरण होने से लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति

## चाइनीज मांझे के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन


चाइनीज मांझे के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बिलासपुर गेट पर पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां ने स्थानीय लोगों के साथ चाइनीज मांझे के विरोध में प्रदर्शन किया। पालिकाध्यक्ष पति ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से जिले में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।

पालिकाध्यक्ष पति ने शुक्रवार को बिलासपुर गेट पर स्थानीय लोगों के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि चाइनीज मांझे से गला कटने पर लोगों की मौत हो रही है। इसके अलावा लोग जख्मी हो रहे हैं। इतना ही नहीं बिजली के तारों पर चाइनीज मांझा गिरने से फाल्ट हो रहे हैं। विद्युत निगम को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है और लोग भी बिजली बंद होने से परेशान हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चाइनीज मांझे से किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। विद्युत निमग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगवाए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओ एवं कर्मचारियों का टर्न आउट आदि चेक किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं को परखा। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि अपराधों के नियंत्रण के लिए सभी सक्रिय रहें और अफवाह फैलाने वालों पर भी निगाह रखें।

## शहर में महापुरुषों की 50 मूर्तियों का होगा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी महापुरुषों के स्मारकों को प्रदेश सरकार संरक्षित करेगी। सौंदर्यीकरण के साथ ही मूर्तियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए सरकार की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत नगर विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक स्मारक स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि महापुरुषों, राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारकों एवं सांस्कृतिक विभुतियों की प्रतिमाएं राष्ट्र के सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत का प्रतीक हैं। ये मूर्तियां सार्वजनिक स्मृति, सामाजिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय व स्थानीय योगदानकर्ताओं के प्रति सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश सरकार की ओर से मूर्तियों की सुरक्षा के साथ ही उन्हें सम्मानजनक स्वरूप प्रदान करने का निर्णय किया गया है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना शुरू की गई है। इसके तहत मूर्ति व स्मारक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया जाएगा कि उस स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो।

● सुरक्षा के किए जाएंगे पुख्ता इंतजाम

योजना के तहत नगर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे करीब 50 से अधिक स्थलों को चिन्हित किया गया है।

## न्यूज डायरी



### ब्लैक स्पॉट्स पर लगाए साइन बोर्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिले के विभिन्न चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का चयन कर आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए साइन बोर्ड स्थापित किए गए। इन साइन बोर्डों पर यातायात नियमों से संबंधित प्रभावी स्लोगन एवं चित्रों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया है। यातायात पुलिस ने लोगों का आह्वान किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। सड़क संकेतों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें।



### पुस्तक में में छात्र-छात्राओं ने खरीदी किताबें

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा इंटर कालेज में शुक्रवार को पुस्तक मेला लगा। इससे पहले पुस्तक मेले का जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पुस्तक मेले में किताबें खरीदने के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में एनसीईआरटी की पुस्तकें बाजार भाव से बहुत कम दाम पर दी गईं। कालेज में तीन प्रकाशकों ने किताबें बेचने के लिए स्टॉल लगाए थे। किताबों को लेने के लिए सुबह से ही छात्र-छात्राएं कालेज पहुंचना शुरू हो गए थे। इसके बाद किताबें लेने के लिए रजा इंटर कालेज के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को किताबें दिलाए गए।



### अपना दल एस के पदाधिकारियों ने एसपी को बताईं समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार :** अपना दल एस के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा से मुलाकात की। पार्टी पदाधिकारियों की समस्याओं से अवगत कराकर शीघ्र समाधान का अनुरोध किया। जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार व विधानसभा अध्यक्ष स्वार जमील ने पुलिस अधीक्षक को अच्छी कानून व्यवस्था के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चमरौआ महबूब अली पाशा, जिला सचिव रामरतन लाल सागर, जोन अध्यक्ष फैज पाशा, नगर अध्यक्ष दढ़ियाल रई अहमद, जिला मीडिया प्रभारी अजय लोधी आदि उपस्थित रहे।



### सम्राट चौधरी के बिहार का मुख्यमंत्री बनने पर सैनी समाज में हर्ष

**सैफनी, संवाददाता :** सम्राट चौधरी कुशवाहा को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सैनी समाज ने हर्ष जताया है। इस खुशी में नगर के छितौनी मार्ग स्थित डॉ ..कृपाल सैनी के आवास पर शुक्रवार को सैनी समाज के लोगों ने जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्राट चौधरी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पिछड़ों और वंचित वर्गों के प्रति भाजपा के विश्वास को दर्शाता है। बिहार में उनके नेतृत्व से विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान कृपाल सिंह सैनी, बादाम सिंह सैनी, शुभम सैनी, राम अवतार सैनी, रोहतास सैनी, भारत सिंह सैनी, भगवान स्वरूप सैनी, ओम प्रकाश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की किल्लत

**संवाददाता बिलासपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की पंचायत में जिला महासचिव हरिशंकर यादव ने कहा कि क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद के लिए बारदाने की किल्लत और अव्यवस्था व्याप्त है। जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। आरोप लगाया कि क्रय केंद्रों पर बारदाना न होने से किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी असुविधा हो रही है। प्रशासन के बेहतर व्यवस्था के दावे केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। हकीकत में किसान केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं और केंद्र प्रभारी बारदाने की कमी का बहाना बनाकर उन्हें टरका रहे हैं। किसान पहले ही बेमौसम बारिश की मार झेल चुका है। संगठन ने मांग की है कि केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना पहुंचाया जाए और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए।

## आदित्य और हिमांशु लखनऊ शिविर में लेंगे हॉकी का प्रशिक्षण


आदित्य सिंह।


हिमांशु राज।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि विभिन्न खेलों के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिले के प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों आदित्य सिंह एवं हिमांशु राज का 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर 15 से 29 अप्रैल तक लखनऊ में होगा।

प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के लिए आवासीय एवं भोजन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। दोनों खिलाड़ी पूर्व में खेल विभाग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं तथा वर्तमान में स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के छात्र हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह रावत, हॉकी कोच फरहत अली खान तथा खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अरविंद का एथलेटिक्स के शिविर में चयन



एक जनपद एक खेल योजना के तहत संचालित खेलो इंडिया एथलेटिक्स सेंटर के प्रशिक्षार्थी अरविन्द का चयन एथलेटिक्स में 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह शिविर 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक बनारस में आयोजित होगा। अरविन्द वर्तमान में राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज के छात्र हैं। प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अंतिम चयन किया जाएगा, जो उनके खेल जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा।।

### ई-रिक्शा पलटने से अज्ञात ग्रामीण की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गुलड़िया गांव के पास शुक्रवार को प्लाई बोर्ड से लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सीएचसी शाहबाद भिजवाया।

पुलिस के अनुसार ई-रिक्शा में प्लाई बोर्ड लदे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि अधिक भार के चलते वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## जहरीले कीड़े के काटने से महिला की हालत गंभीर

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र से एक गांव निवासी महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी पूनम पत्नी अरविंद सिंह शुक्रवार की सुबह घर के पीछे बने बोगे से भूसा निकाल रही थी, भूसा निकलते समय पूनम के जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और वह बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा तुरंत पूनम को नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया गया। उपचार के बाद पूनम की हालत में सुधार बताया जा रहा है। सीएचसी में तैनात डॉक्टर मुदित द्वारा बताया गया कि महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया था उपचार के बाद उसकी हालत सही है।


घायल पूनम।

## हादसे में घायल चालक की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र के विजनौरा सकतपुर के बीच हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर की मढैया निवासी मनीराम पुत्र रमेश (28) बुधवार को सैदनगली के ट्रैक्टर बाजार गया था। देर शाम लौटते समय विजनौरा व सकतपुर के बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खंदक में पलट गया, जिसमें मनीराम ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से हो गया था। ग्रामीणों वह राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और नगर की सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन परिजन घायल युवक को दिल्ली के अस्पताल ले गए जहां गुरुवार की शाम दिल्ली में उपचार के दौरान मनीराम ने दम तोड़ दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। पत्नी विमलेश व दो मासूम बेटियों को मृतक रोते बिलखते छोड़ गया है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।


मृतक मनीराम।

# गंगा नहाने गए दो दोस्त डूबे, 6 घंटे तलाश के बाद मिले शव

### रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा गंगा घाट पर नहाते समय हुआ हादसा, जुटी भीड़

संवाददाता रहरा

अमृत विचार : दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए दो युवक गंगा किनारे के नजदीक जल में डूब गए। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों व गोताखोरों ने दोनों के शव बरामद किए हैं।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी अतुल कसाना उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र विजय सिंह, गांव निवासी अपने पड़ोसी व दोस्त सोहित कुमार उम्र करीब 19 वर्ष के साथ शुक्रवार दोपहर गांव से बाइक पर सवार होकर गंगा नहाने गए थे। गांव निवासी पवन कुमार, आकाश कुमार, प्रियंक कुमार, निशांत कुमार व थाना डिडौली के गांव पूरनपुर निवासी रोहित कुमार का साला कालू भी इनके साथ था। सभी आठों लोग गंगा किनारे अपनी बाइक खड़ी करके गंगा के दूसरी छोर पर नहाने चले गए। इसी बीच गंगा नहाने के बाद रोहित कुमार उसका भाई सोहित व अतुल गंगा नहाने के बाद गंगा के दूसरी छोर पर वापस लौट रहे थे। गंगा किनारे के नजदीक अधिक जल होने के कारण सोहित कुमार व अतुल कुमार वहां डूब गए। साथियों ने इसकी सूचना अतुल रोहित के परिजनों को दी। आनन-फानन में सैकड़ों ग्रामीण गंगा घाट पर पहुंच गए तथा क्षेत्रीय गोताखोरों व स्थानीय लोगों ने दोनों की तलाश जारी कर दी।


युवकों के डूबने की जानकारी के बाद मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

### पुलिस के साथ गोताखोरों ने की मशक्कत

उधर सूचना पाकर रहरा थाने के एसएसआई संदीप पवार भी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद शाम 7:00 बजे स्थानीय लोगों व गोताखोरों ने अतुल व सोहित के शव बरामद किए है। मृतक अतुल तीन भाइयों में सबसे छोटा व मृतक सोहित भाइयों में छोटा था। एक ही गांव से दो युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। खबर लिखे जाने तक दोनों मृतकों के शवों के पंचनामा की तैयारी चल रही थी।


अतुल कसाना।


सोहित।

● कई दोस्त एकत्र होकर बाइकों से गए थे गंगा नहाने के लिए

## ईंट की मिट्टी को लेकर मजदूरों के बीच मारपीट

हसनपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव में ईंट पाथने की मिट्टी को लेकर 2 मजदूर परिवार में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के दो महिलाएं घायल हो गईं। एक दूसरे के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी गई है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। हालत को गंभीर होने पर एक को हायर सेंटर रेफर किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी सुनीता पत्नी ओम सिंह व अंशिका पुत्री बदन सिंह गांव में स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करते हैं। गुरुवार की देर शाम ईंट बनाने वाली मिट्टी को लेकर दोनों मजदूर पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष की सुनीता व दूसरे पक्ष की अंशिका घायल हो गए। देर रात घायल कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां सुनीता की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## अमावस्या पर बृजघाट व तिगरी में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान


गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता गजरौला

अमृत विचार: अमावस्या पर शुक्रवार को क्षेत्र के बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हर-हर गंगे के जयघोष से घाट गूंज उठे। पूरा क्षेत्र भक्तिमयी माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर परिवार व समाज में सुख-शांति संग समृद्धि की कामना की। तड़के से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के लिए पहुंचना शुरू कर दिया। दिल्ली, हरियाणा, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बिजनौर आदि जिलों से आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया। बहुत से श्रद्धालु गुरुवार रात ही बृजघाट पहुंच गए। जिन्होंने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान किया। गंगाघाटों के किनारे अनुष्ठान कराते हुए श्रद्धालुओं ने परिवार एवं समाज में हुआ संग समृद्धि की कामना की व जरूरतमंदों को दान भी किया। पितृ शांति के लिए अनुष्ठान भी कराएं। घाटों पर साधु-संतों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं, बुजुर्गों में भी स्नान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुरक्षा संग व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह तैनात रहा। दिनभर श्रद्धालुओं का आगमन गंगा तट पर जारी रहा।

# तहसील गेट पर बजरंग दल का प्रदर्शन

संवाददाता मंडी धनौरा


पुतला फूंकते बजरंगदल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शुक्रवार को तहसील परिसर के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने देश में बढ़ती कथित जिहादी गतिविधियों, अवैध कब्जों और सुनियोजित षड्यंत्रों के विरोध में तहसील गेट के सामने स्टेट हाईवे पर पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मौके पर स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए बछरायूं थाना प्रभारी कुलदीप तोमर भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

प्रदर्शन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में लव जिहाद और लैंड जिहाद' जैसे मुद्दों को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बताया गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह प्रवृत्ति अब समाज के सुशिक्षित और प्रतिष्ठित वर्गों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने नासिक के एक चर्चित आईटी कंपनी प्रकरण का उल्लेख करते हुए ऐसे मामलों की गहन जांच की मांग उठाई। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के जमालुद्दीन प्रकरण का जिक्र करते हुए हिंदू युवतियों के कथित शोषण और धर्मांतरण पर चिंता जताई गई। साथ ही, दिल्ली लाल किला विस्फोट से जुड़े संदिग्धों के तार एक विश्वविद्यालय से मिलने की बात को सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक बताया गया। जिला संयोजक योगेश चौधरी ने आरोप लगाया कि वन विभाग, रेलवे और सेना की सुरक्षित भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। इसके अलावा खान-पान की वस्तुओं में अपवित्रता मिलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों की भी कड़ी निंदा की गई। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सैनी, जिला मंत्री विपिन शर्मा, प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जिला संयोजक योगेश चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता चमन सैनी, सचिन शर्मा, महेंद्र सैनी, दीपक उर्फ सोमवी सैनी, योगेश त्यागी, कुशल चौधरी, कमल ठाकुर, सुनील सैनी, अखिलेश भाटी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शराब दुकान पर कब्जा करने का लगाया आरोप

हसनपुर, अमृत विचार: नगर पंचायत सैदनगली निवासी युवक ने अपनी देशी शराब की दुकान पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने और आबकारी अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। सैदनगली निवासी पीड़ित अजयपाल सिंह के अनुसार गांव बहादुरपुर मिश्र थाना आदमपुर में स्थित उनकी दुकान का अनुबंध 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है। आरोप है कि पूर्व संचालक नितिन कुमार जैन निवासी मुरादाबाद न तो दुकान का हिसाब कर रहा है और न ही कब्जा छोड़ रहा है। पीड़ित का दावा है कि जिला आबकारी कार्यालय में बुलाकर अधिकारियों ने उन पर दुकान नितिन को ही देने का दबाव बनाया और अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और आबकारी आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# नोएडा में बवाल, गजरौला में कड़ी सुरक्षा

● वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर श्रमिकों ने नोएडा में छेड़ा आंदोलन गजरौला में पुलिस तैनात

संवाददाता गजरौला


फैक्ट्री के बाहर खड़ी पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नोएडा में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर श्रमिकों द्वारा किए गए बवाल के बाद जनपद की पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। शुक्रवार की सुबह पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में शहर के औद्योगिक क्षेत्र में संभावित मजदूर आंदोलन की आशंका को लेकर दर्जनभर फैक्ट्रियों के बाहर कई थानों का पुलिस फोर्स और अधिकारी अलर्ट पर रहे।

वहीं क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव स्थापित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज त्यागी के नेतृत्व में पीएसी कंपनी एवं रिक्रूट आरक्षियों के साथ संयुक्त रूप से निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मुख्य मार्गों एवं फैक्ट्री परिसरों के आसपास गहन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी गई तथा क्षेत्र में मौजूद श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से कानून व्यवस्था प्रभावित न हो तथा क्षेत्र में पूर्ण रूप से शांति एवं सामान्य स्थिति बनी रहे। पुलिस बल द्वारा स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया गया कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को दें। जनपद पुलिस हर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाए हुए हैं।

# गैस बुकिंग और केवाईसी के लिए गैस एजेंसियों पर भीड़


गैस एजेंसी पर लगी लाइन। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: घरेलू गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है और सिलेंडर लेने के लिए उन्हें भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

वही नगर में स्थित एजेंसी पर उपभोक्ताओं की प्रातः से ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है उपभोक्ता एजेंसी पर गैस बुकिंग और केवाईसी कराने के लिए लाइन में लग रहे हैं। उपभोक्ताओं की भीड़ को देखते हुए एजेंसियों पर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को नगर स्थित तीनों गैस एजेंसियों पर गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही। उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी पहुंचकर बुकिंग एवं केवाईसी कराई जा रही है। एजेंसी संचालकों का दावा है कि बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को सिलिंडर दिए जा रहे हैं।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन सख्त

संवाददाता हसनपुर

● तहसील क्षेत्र का एक स्कूल दोषी पाया गया

● डीएम ने बीएसए को दिए कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार: तहसील में निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एक छात्रा की वीडियो वायरल होने और अभिभावकों व किसानों की लगातार शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) प्रवेश यादव की जांच में जनपद के तीन निजी स्कूल दोषी पाए गए हैं।

इन स्कूलों पर अधिक मूल्य पर किताबें बेचने, एक ही दुकानदार से किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने और एनसीईआरटी के बजाय अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें प्रयोग करने का आरोप है। डीआईओएस की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को तीनों विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीआईओएस को सीबीएसई और यूपी बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों की जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद डीआईओएस ने ब्लॉक वार छह टीमों का गठन किया, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन सदस्य शामिल थे।

इन टीमों से एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण रिपोर्ट मांगी गई थी। जांच टीमों ने हर ब्लॉक में स्कूलों का दौरा कर पड़ताल की। इस जांच में तीन विद्यालय दोषी पाए गए हैं, जिनमें सेंटमेरी कॉन्वेंट स्कूल कौराल, मानव रचना द स्कूल पेली तगा नौगावां रोड अमरोहा और एसएलजे पब्लिक स्कूल हाकमपुर हसनपुर शामिल हैं। इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं को अधिक मूल्य पर पुस्तकें बेची जा रही थीं और एक ही दुकानदार से किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही, एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें इस्तेमाल की जा रही थीं।

डीआईओएस की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने सख्त रुख अपनाया है। चूंकि ये तीनों विद्यालय बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित होते हैं, इसलिए डीएम ने बीएसए को इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम पार्क निर्माण पर जताया आभार


कार्यक्रम में स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

अमृत विचार: नगर पंचायत सैदनगली के वार्ड संख्या एक में मेहंदीपुर में भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कमेटी के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके सिद्धांतों पर चलकर ही समानता और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है। इस अवसर पर मेहंदीपुर के ग्रामीणों ने नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में अतरासी रोड स्थित बैंक्विट हॉल में आंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान विधानसभा संगोष्ठी मे कार्यक्रम में संयोजक के रूप में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने संविधान के रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन पर परिचय डाला। संविधान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार व उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को जो सम्मान देने का काम किया है वह अन्य सरकारों ने नहीं किया।


**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210619562 का प्रमाण पत्र -सह- अंकपत्र हो गया है। अंशु पुत्री प्रताप सिंह केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।


# डीएम ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

● बच्चियों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


महिलाओं को निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने की, जिसमें महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सात महिलाओं ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन्हें डीएम ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी महिला की शिकायत को थाने में गंभीरता से सुना जाए और आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा से जुड़े लंबित मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर वन स्टॉप सेंटर और महिला शक्ति केंद्र के माध्यम से वार्ता कर समाधान कराया जाए। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और छात्राओं को संबोधित करते हुए डीएम ने उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी जिज्ञासाएं बिना किसी झिझक के साझा करें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति से ही सफलता हासिल की जा सकती है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को और मजबूत करना है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में खराब रैंकिंग पर डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● विभागों को सुधार के दिए निर्देश

अमृत विचार: विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए खराब रैंकिंग पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण कार्यों में जनपद की खराब रैंकिंग पर असंतोष व्यक्त किया। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम को घरेलू नल कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में व्यक्तिगत शौचालयों की जियो टैगिंग में प्रदेश स्तर पर खराब रैंक आने पर जिला पंचायत राज अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने को कहा गया। इसी प्रकार सामाजिक वनीकरण में जनपद की निम्न रैंकिंग पर डीएफओ से भी स्पष्टीकरण मांगा गया। जिला उद्योग विभाग और समाज कल्याण विभाग के कार्यों में ढिलाई पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए सक्रियता से कार्य किया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गौशाला में चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित कर संयुक्त टीम के माध्यम से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य पूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


## कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर

ई-मेल आई०डी० - nagarpanchayatshaktigarh@gmail.com टोलफी नं० :- 18005725154

पत्र सं० : 32/निविदा/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक : 17-04-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर द्वारा अपने ट्रैचिंग ग्राउण्ड में एकत्रित लीगेसी वेस्ट / पुराने डम्प साईड के प्रसंस्करण / निस्तारण हेतु निम्न विवरणानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। तकनीकि निविदा में अर्ह होने के लिए निर्धारित नियम व शर्तों को पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार वांछित अभिलेखों को अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निविदा टू बिड सिस्टम पद्धति के अनुसार आमंत्रित की जा रही है। तकनीकि निविदा में अर्हता पूर्ण करने आधार पर वित्तीय निविदायें खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/05/2026 को अपरान्हः 02:00 बजे तक विक्रय की जायेगी, जो कि दिनांक 04/05/2026 को दोपहर 02:00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा दिनांक 05/05/2026 को इच्छुकों के समक्ष प्रातः 11:00 बजे कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। शेष जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सशर्त निविदा एवं अपूर्ण निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी। कार्यालय अवकाश होने पर अगली तिथि मान्य होगी। निविदा के संबंध में शेष जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कार्य का विवरण इस प्रकार है-

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | लीगेसी वेस्ट की मात्रा | निविदा प्रपत्र का विक्रय शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पंचायत शक्तिगढ़, जिला - ऊधम सिंह नगर क्षेत्रान्तर्गत लीगेसी वेस्ट / पुराने डम्प साईट के प्रसंस्करण एवं निस्तारण का कार्य। | 3181.20 MT. (Approx.) 10604.00 M3. (Approx.) | रु० 2,000+ जी०एस०टी० | रु. 1.27 लाख की एफ०डी०आर०/ एन०एस०सी० जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शक्तिगढ़, जिला ऊधम सिंह नगर के पदनाम बन्धक होनी अनिवार्य है। | 01 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शक्तिगढ़
(ऊधम सिंह नगर)

अध्यक्ष
नगर पंचायत शक्तिगढ़
(ऊधम सिंह नगर)

न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को पकड़ा

**चंदौसी, अमृत विचार :** पुलिस गेहूं व ठेला चोरी के आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है। थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव मोहम्मद नगर कस्बा निवासी अंकित पुत्र वीरेंद्र ने गांव के कोकाराम के खिलाफ उसके घर से गेहूं से भरा कट्टा चोरी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अलावा कोकाराम गांव से कूड़ा उठाने वाला सरकारी ठेला भी चोरी किया था। पुलिस ने कोकाराम को 17 अप्रैल की रात 2:15 बजे आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर सरकारी ठेला बरामद कर लिया गया है।

### सभासदों के विरोध के बीच नगर पालिका बोर्ड बैठक स्थगित, बजट पर संशय

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की आज शनिवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक को अचानक स्थगित कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष के बजट को मंजूरी देने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के टलने से पालिका के विकास कार्यों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बोर्ड बैठक शनिवार को प्रातः 11 बजे पालिका सभागार में आयोजित होनी थी, लेकिन शुक्रवार शाम को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष आशिया मुशीर द्वारा प्रेस नोट जारी कर अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए बैठक स्थगित करने की घोषणा कर दी गई।

### जनपद में सरकारी जमीनों का सर्वे पूर्ण

**संभल, अमृत विचार :** मुबारकपुर बंद गांव में पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में 600 वर्ग मीटर से अधिक सरकारी भूमि पर व्यक्तिगत उपयोग के लिए अवैध निर्माण किया गया था, जिस पर तहसीलदार न्यायालय में विधिक कार्रवाई पूरी कर तीन महीने के भीतर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। डीएम ने बताया कि जनपद में सरकारी जमीनों का सर्वे पूरा हो चुका है और जहां-जहां अवैध कब्जे पाए गए हैं, वहां धारा 67 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य शत-प्रतिशत सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराना है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुबारकपुर बंद में की गई कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## मंगलवार से गायब था फार्मासिस्ट, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# लापता फार्मासिस्ट का शव अस्पताल क्वार्टर में मिला

**संवाददाता, चंदौसी**

चंदौसी शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सरकारी क्वार्टर में फार्मासिस्ट का शव मिलने से सनसनी मच गई। फार्मासिस्ट मंगलवार से गायब था। उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी गई थी। जानकारी होने पर अस्पताल के कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक मोहन पाठक।

मूलरूप से उत्तराखंड के रानीखेत के नीरकोट निवासी मोहन पाठक (50 वर्ष) पिछले कई वर्षों से चंदौसी सीएचसी में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थे। मोहन पाठक की पत्नी हेमा पाठक सीएससी में महिला चिकित्सालय में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। मोहन पाठक पिछले 12 वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे और उनके चार ऑपरेशन भी हो चुके थे। वह पत्नी के साथ आवास विकास स्थित अपने निजी मकान में रहते थे। सोमवार को ड्यूटी करने के बाद मंगलवार से लगावार अनुपस्थित थे। इस दौरान पत्नी व अन्य लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन दिल्ली से भाई विजय पाठक आ गए। उन्होंने भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार दोपहर तीन बजे अस्पताल के क्वार्टर से दुर्गंध आ रही थी। पड़ोसियों द्वारा बदबू आने की सूचना सीएमएस डा. हरविंदर सिंह को दी गई।



फार्मासिस्ट का शव मिलने के बाद सीएचसी प्रभारी से जानकारी लेते कोतवाल।

सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़ा। दरवाजा टूटने पर अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए। कमरे में चार दिन से लापता मोहन पाठक का शव अस्पताल के बेड के पास जमीन पर पड़ा हुआ था। शव से तेज दुर्गंध आ रही थी। जानकारी होने पर परिजन भी मौके पर आ गए। सभी का रो -रोकर बुरा हाल था। मौक पर पुलिस ने मौके पर अस्पताल स्टाफ के अलावा अन्य लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

- पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया
- फार्मासिस्ट का शव मिलने पर परिजनों में मचा कोहराम

### एक बेटा कर रहा इंजीनियरिंग, दूसरा एमबीबीएस

**चंदौसी।** मोहन पाठक के दो बेटे हैं, जिनमें से एक इंजीनियरिंग और दूसरा एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। मृतक ऑनलाइन गेमिंग का शौकीन बताया जा रहा था। मोहन पाठक काफी व्यवहार कुशल और मृदुभाषी थे। यही कारण था कि उनकी मौत से हर किसी की आंखें नम थीं।

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की वजह भी साफ होगी।
>
> **अनुज कुमार तोमर**, कोतवाली प्रभारी चंदौसी

> मोहन पाठक सोमवार तक ड्यूटी पर थे, लेकिन मंगलवार से अनुपस्थित थे। पाठक एक ईमानदार और अच्छे व्यक्ति थे। उनकी किसी बड़ी समस्या के बारे में जानकारी नहीं है। यह किस कारण से हुआ पता नहीं।
>
> **डा. हरविंदर सिंह**, सीएमएस सीएचसी चंदौसी

# गरीब महिलाओं को मिले प्राथमिकताःडीपी



संभल में डीपी यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- राष्ट्रीय परिवर्तन दल के अध्यक्ष डीपी यादव ने कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी मंत्र

**अमृत विचार :** संभल में राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा कि आगामी जिला पंचायत, ग्राम पंचायत और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

शुक्रवार शाम आदमपुर बस अड्डा स्थित एक कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद डीपी यादव का कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने संभल नगर स्थित पार्टी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। नोएडा में श्रमिकों की हिंसा को लेकर डीपी यादव ने कहा कि हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है और समाज में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए। महिला आरक्षण के मुद्दे को उन्होंने अच्छा कदम बताया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष शिवम पाल, विनय कुमार, हसीब पठान, अमित यादव, मोहम्मद फैजान मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद और मदरसा किया जमींदोज

## संभल के मुबारकपुर बंद में की गई बुलडोजर कार्रवाई, 40 फीट ऊंची मीनार को ढहाने में हाईड्रा का लिया गया सहयोग, डीएम-एसपी रहे मौजूद

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

**अमृत विचार :** संभल जनपद में सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार तेज हो रहा है। बिछौली गांव में इमामबाड़ा और ईदगाह पर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में मदरसे और मस्जिद पर ताबड़तोड़ बुलडोजर एक्शन किया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 40 फीट ऊंची मीनार को गिरा दिया गया, जबकि मस्जिद के शेष ढांचे को भी ध्वस्त कर दिया गया।

राजस्व प्रशासन की टीम सुबह करीब 8:30 बजे नायब तहसीलदार और राजस्व कर्मियों के साथ भारी पुलिस बल लेकर गांव पहुंची। सबसे पहले सरकारी भूमि पर बने मदरसे को बुलडोजर से ढहाया गया। इसके बाद मस्जिद परिसर को खाली कराया गया और अंदर रखे धार्मिक सामान को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके पश्चात मस्जिद पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसडीएम निधि पटेल और तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे।

मस्जिद की मीनार को गिराने के लिए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती। पहले एक व्यक्ति को मीनार पर चढ़ाकर रस्सी बांधी गई, जिसके बाद दो बुलडोजर और दो हाइड्रा मशीनों की मदद से मीनार को नियंत्रित तरीके से गिराया गया। दूसरी ओर दो बुलडोजर मस्जिद के मुख्य ढांचे को तोड़ने में लगाए गए। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के मकानों को एहतियातन खाली कराया गया। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पीएसी, रैपिड रिएक्शन फोर्स और दो थानों की पुलिस तैनात की गई। इसके अलावा पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों से भी की गई।

**पैमाइश में खुला था सरकारी जमीन पर मस्जिद-मदरसा बनाने का खेल :** 28 मार्च को प्रशासन द्वारा 1150 वर्ग मीटर सरकारी भूमि की पैमाइश कराई गई थी, जिसमें करीब 700 वर्ग मीटर क्षेत्र में मदरसा, मस्जिद, पांच दुकानें और एक मकान बना पाया गया था। इसके बाद संबंधित पक्ष को 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद मदरसे और दुकानों के कुछ हिस्सों को संबंधित लोगों द्वारा स्वयं ही हटाया गया, लेकिन शेष निर्माण को हटाने के लिए प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी।



संभल के मुबारकपुर बंद गांव में मदरसे का निर्माण ध्वस्त करता बुलडोजर।



संभल के मुबारकपुर बंद गांव में मस्जिद को ध्वस्त करने में लगे बुलडोजर ।

### कड़ी सुरक्षा में चला ध्वस्तीकरण, तीन थानों की फोर्स तैनात

**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी जमीन पर बने मस्जिद, मदरसा, दुकानों और मकान को हटाने की कार्रवाई से पहले प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। कार्रवाई शुरू होने से पहले ही गांव में तीन थानों की पुलिस के साथ पीएसी और रैपिड रिएक्शन फोर्स के जवानों की तैनाती कर दी गई थी। जिस स्थान पर बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही थी, वहां आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई, ताकि कोई दुर्घटना या अव्यवस्था न हो। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के मकानों की छतों पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया था, जिससे पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त फोर्स लगाकर स्थिति को नियंत्रण में रखा गया। अधिकारियों का कहना है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए यह एहतियाती कदम उठाए गए। प्रशासन पूरे समय हालात पर नजर बनाए रहा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने दी।

### स्कूल की छुट्टी कर दी, बिजली आपूर्ति भी कराई गई बंद

**ओबरी, अमृत विचार :** मुबारकपुर बंद गांव में मस्जिद पर प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आसपास के स्कूलों की छुट्टी कराई गई और बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। बताया गया कि जिस स्थान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होनी थी, उसके दोनों ओर सरकारी स्कूल स्थित हैं। सुबह के समय स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएं चल रही थीं और बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। ऐसे में प्रशासन ने स्थिति का आकलन करते हुए दोपहर में कार्रवाई शुरू होने से पहले ही स्कूलों की छुट्टी कराकर सभी बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया। इसके साथ ही क्षेत्र से गुजर रही बिजली लाइन की आपूर्ति भी अस्थायी रूप से बंद करा दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाईटेंशन लाइन चालू रहती तो बुलडोजर कार्रवाई के दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रह सकती थी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाए गए, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना से बचा जा सके ।

# समीक्षा बैठक में शौचालय सत्यापन के दिए निर्देश

**संवाददाता, संभल/बहजोई**

- मानदेय भुगतान न होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान बहुउद्देशीय पंचायत भवनों के निर्माण की विकासखंडवार समीक्षा की गई। साथ ही अंत्येष्टि स्थलों, कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना व संचालन तथा पंचायत सहायकों की उपस्थिति की स्थिति पर भी चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। आरआरसी सेंटर की कार्यप्रणाली और यूजर्स चार्ज की स्थिति की जानकारी लेते हुए सीडीओ ने डीपीआरओ को निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के सत्यापन कार्य को लेकर एडीओ पंचायत को निर्देश दिए गए कि यह कार्य पूरी प्रमाणिकता के साथ किया जाए। वहीं सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयरटेकरों के मानदेय भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मनरेगा के अंतर्गत सृजित मानव दिवसों की प्रगति पर चर्चा की गई।

### सौ फीसदी नामांकन को सक्रिय भूमिका निभाएं शिक्षक

**मनोटाः** विकासखंड असमोली के ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदपुर में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह ने की, जिसमें स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि कक्षा 5, 8 और 10 उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र छात्र का नामांकन छूटना नहीं चाहिए और इसके लिए शिक्षकों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रभारी जिला समन्वयक एवं राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाजपुर के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश यादव ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया।

# गंगा में डूबे खनन ठेकेदार के मुंशी का नहीं लगा सुराग

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- एनडीआरएफ की टीम 72 घंटे से चला रही रेस्क्यू ऑपरेशन

**अमृत विचार :** तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में गंगा नदी में डूबे खनन ठेकेदार के मुंशी का 72 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। युवक की तलाश में पुलिस-प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

गांव असदपुर स्थित अस्थायी गंगा घाट पर फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के दुर्गुपुर गांव निवासी परवल सिंह (24) मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गंगा में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे गड्ढे में चला गया और डूबकर लापता हो गया। साथ में मौजूद मजदूरों ने शोर मचाकर उसे तलाशने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू कराई गई। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम लगातार गंगा में सर्च ऑपरेशन चला रही है। शव को अधिक दूर बहने से रोकने के लिए नदी में कई स्थानों पर जाल भी डलवाए गए हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन भी मौके पर जुटे हुए हैं और युवक की तलाश में जुटे हुए हैं। लगातार तीन दिन से चल रहे रेस्क्यू अभियान के बावजूद सफलता न मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जींस वाशिंग प्लांट की बिजली कटी सामान सील

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** कस्बा सिरसी के मोहल्ला शर्की में आबादी के बीच संचालित हो रहे जींस वाशिंग प्लांट पर शुक्रवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में किए गए निरीक्षण में अनियमितताएं सामने आने पर प्लांट की बिजली काट दी गई और बड़ी मात्रा में सामान सील कर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान एसडी एंटरप्राइजेज में यह सामने आया कि मशीनों को गर्म करने के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। बताया कि मौके पर करीब 2000 जींस, वाशिंग से संबंधित मशीनें और अन्य उपकरण पाए गए। प्लांट परिसर में रफीउल हसन सहित लगभग 10 कर्मचारी कार्यरत मिले।

# छात्राओं ने प्रस्तुत किए शौर्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम



संभल के शहबाजपुर स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं ● अमृत विचार

**संवाददाता, मनोटा**

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत शाहबाजपुर कला स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत शौर्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# मार्च में शामिल रहीं महिलाएं

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



संभल में शिल्पी गुप्ता के नेतृत्व में मार्च निकालती छात्राएं ● अमृत विचार

- छात्राओं ने दिया सशक्तिकरण का संदेश

**अमृत विचारः** संभल में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को नारी शक्ति मार्च निकाला गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया।

मार्च की शुरुआत सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर से हुई, जो चंदौसी चौराहा तक पहुंचकर पुनः स्कूल परिसर में समाप्त हुआ। बालिकाएं हाथों में नारी सशक्तिकरण से जुड़े स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर चल रही थीं और समाज को जागरूक करने का संदेश दे रही थीं। भाजपा नेता शिल्पी गुप्ता ने बताया कि 18 अप्रैल को प्रस्तावित विशेष सत्र के मद्देनजर पार्टी द्वारा लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले की चारों विधानसभाओं में सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं और अब चंदौसी विधानसभा के बनियाखेड़ा ब्लॉक में अंतिम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से भविष्य में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने की संभावना है, जिससे राजनीति में उनकी भागीदारी और मजबूत होगी। मार्च के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और अवसर मिलना समय की आवश्यकता है। यह पहल किसी एक वर्ग या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को सम्मान और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में सशक्त नारी, सशक्त भारत के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# आठ माह से वेतन न मिलने पर भड़के आउटसोर्सिंग कर्मचारी

**संवाददाता,संभल/मनोटा**

**अमृता विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पर कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने लंबे समय से वेतन न मिलने से परेशान होकर विरोध जताया और मुख्य चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार के भरण-पोषण से लेकर दैनिक खर्चों तक को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिसके चलते मजबूर होकर उन्हें ज्ञापन सौंपना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आगे आंदोलन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. हेमंत कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है। इस दौरान संजू कुमार, देवराज सिंह, अवधेश कुमार, मीनाक्षी रानी, अंकित कुमार, विवेक कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते आउटसोर्सिंग कर्मचारी।

- प्रदर्शन कर मुख्य चिकित्सा प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# लव जिहाद के विरोध में पुतला फूंका

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



संभल के शंकर कालेज चौराहा पर पुतला जलाकर प्रदर्शन करते विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता।

- विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शंकर कॉलेज चौराहे तक निकाली रैली

**अमृत विचार :** लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को संभल शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सूरजकुंड मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां से रैली निकालते हुए शंकर कॉलेज चौराहे तक पहुंचे और वहां पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए इन घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप ने कहा कि लव जिहाद और धर्मांतरण की घटनाएं समाज में असंतुलन पैदा कर रही हैं और आस्था पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ऐसे मामलों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग करता है। विभाग मंत्री अमित वार्ष्णेय ने कहा कि देश की संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभाग मंत्री प्रभास वत्स ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन केवल संभल तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान के तहत देशभर में आयोजित किया जा रहा है। रैली में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे थे, जिन पर विभिन्न नारों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए गए। शंकर कॉलेज चौराहे पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया और अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री मोहित, जिला अध्यक्ष आशु गर्ग, विजय चौधरी, कपिल कुमार, राजेश गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, विष्णु कुमार, संतोष गुप्ता, शक्ति शंकर, सुधांशु सांख्यधर, अतुल गुप्ता, आकाश रुहेला, महेंद्र स्वामी, शशांक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन को देखते हुए चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा।

न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल में योगी आज करेंगे जनसभाएं और रोडशो

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। तीन-तीन विधानसभाओं में हुई उनकी चुनावी सभाओं में उमड़ी भारी भीड़ ने न सिर्फ टीएमसी की मुश्किलें बढ़ाई हैं। पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूच बिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे जनसभा को संबोधित कर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाएंगे। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री का फोकस बांकुरा जिले पर रहेगा, जहां शाम 4:15 बजे उनका रोड शो प्रस्तावित है। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन की व्यापक तैयारी की गई है।

### बिल्डरों के ऑफरों से सतर्क रहें खरीदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विनियामक प्राधिकरण ने घर खरीदारों को बिल्डरों द्वारा दिए जाने वाले अशोर्ड रिटर्न और पजेशन से पहले निश्चित मासिक किराया जैसी भ्रामक प्रचार योजनाओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। स्पष्ट किया कि बिल्डरों द्वारा दिए जा रहे ऐसे ऑफर्स की कोई कानूनी वैधता नहीं है। खरीदार सतर्क और सोच-समझकर निवेश करें। रेरा ने देखा है कि कुछ रियल एस्टेट बिल्डर अब भी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को लुभा रहे हैं। इसके अलावा, फ्री कार, सोने के सिक्के और लग्जरी विदेशी यात्राएं जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण लगातार इस क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। ऐसे मामलों में जुर्माना, दंड या अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

# सुरक्षा, जांच और आतंकवाद-रोधी इकाइयों को 600 करोड़

## आधुनिक पुलिसिंग, तेज जांच और कानून-व्यवस्था सुधार पर प्रदेश सरकार का फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षा, एसटीएफ, एटीएस, जांच, विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को मिला बड़ा बजट

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पुलिस विभाग को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गृह विभाग ने करीब 600 करोड़ रुपये की धनराशि पुलिस महानिदेशक को दी है। यह निवेश सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करेगा।

यह बजट पुलिस की विभिन्न इकाइयों जैसे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), सुरक्षा शाखा, विशेष अनुसंधान दल और इंडिया रिजर्व वाहिनी के संचालन, वेतन और तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर खर्च होगा। शासनादेशों के अनुसार, सबसे अधिक धनराशि सुरक्षा शाखा को करीब 181 करोड़ रुपये, जबकि एसटीएफ को 124 करोड़ रुपये और इंडिया रिजर्व वाहिनी के गठन के लिए 110 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा एटीएस को लगभग 88 करोड़, स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम को 69 करोड़ और विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को भी अलग-अलग मदों में बजट आवंटित किया गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह धनराशि सीधे खर्च के लिए नहीं होगी, बल्कि वित्तीय नियमों और स्वीकृतियों के तहत ही उपयोग की जा सकेगी। साथ ही, व्यय में पारदर्शिता, मितव्ययिता और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचाव के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**किसे कितनी मिली धनराशि**

| इकाई / विभाग | स्वीकृत धनराशि |
|---|---|
| इंडिया रिजर्व वाहिनी | 1,10,38,63,000 |
| स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम | 69,57,17,000 |
| सुरक्षा शाखा | 1,81,57,55,000 |
| स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) | 1,24,10,17,000 |
| आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) | 88,84,43,000 |
| विशेष अनुसंधान दल | 17,42,41,000 |
| शोध एवं सांख्यिकी इकाई | 7,85,68,000 |

**कुल अनुमानित आवंटन : 5,99,75,04,000 (लगभग 600 करोड़ रुपये)**



इन आवंटनों से साफ है कि सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने पर है। विशेष रूप से एसटीएफ, एटीएस और अनुसंधान इकाइयों का बजट बढ़ाकर संगठित अपराध, आतंकवाद और जटिल मामलों की जांच को तेज और प्रभावी बनाने की रणनीति अपनाई गई है। शोध एवं सांख्यिकी इकाई, फिंगरप्रिंट ब्यूरो और स्पेशल ऑपरेशन टीम को मिले बजट से पुलिसिंग में तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। इससे न केवल अपराधों की जांच की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर और तेज सुरक्षा सेवाएं मिल सकेंगी।

# हज यात्रा की लखनऊ से पहली उड़ान 22 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्री दानिश आजाद अंसारी दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज व समिति के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी शुक्रवार को सरोजनीनगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में उप्र. राज्य हज समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में हज यात्रियों की सुविधाओं और प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही यात्रियों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

सचिव-कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ से हज की पहली उड़ान 22 अप्रैल को फ्लाईनास एयरलाइंस के माध्यम से रवाना होगी। इसके पहले हज हाउस में सुबह 7 बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, हज समिति के सदस्य, मुस्लिम धर्मगुरु और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद पहले जत्थे को लेकर जाने वाली बस को मंत्री व अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# 203 संविदाकारों के लाइसेंस हुए निरस्त, 24 कारखानों पर कार्रवाई

## नोएडा में श्रम कानून के उल्लंघन पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- 1.16 करोड़ की पेनल्टी नोटिस उद्योगों में 21% वेतन वृद्धि लागू

**अमृत विचार:** प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा कार्रवाई अभियान चलाया है। गौतमबुद्धनगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करके काली सूची डालने के साथ 1.16 करोड़ की पेनल्टी वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी के अनुसार, हालिया घटनाओं में श्रमिकों के हितों की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जिन संविदाकारों ने श्रमिकों को उनके देय भुगतान और वैधानिक लाभ नहीं दिए, उनके खिलाफ 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिन संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही अन्य दोषी संविदाकारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। श्रमिकों के वेतन को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया गया है। शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मई माह में किया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की कटौती मान्य नहीं होगी। ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा और बोनस व ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे।

**उद्यमी संगठनों की भी पहल**

- औद्योगिक इकाइयों से न्यूनतम वेतन वृद्धि लागू करने की अपील
- व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए संदेश, ऑडियो-वीडियो प्रसारित
- शासन की गाइडलाइंस के पालन को लेकर जागरूकता अभियान
- औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने में सहयोग



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करती फिल्म कृष्णावतारम की टीम। अमृत विचार

# योगी से मिली फिल्म कृष्णावतारम की टीम, मथुरा से ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सकारात्मक संकेत सामने आया है। फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट-1 : द हार्ट' की टीम ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर, निर्माता सज्जन राजगुरु, अभिनेता सिद्धार्थ गुप्ता और अभिनेत्री संस्कृति जयना मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान फिल्म की थीम, निर्माण और इसके संदेश को लेकर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। कलाकारों ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा से लांच किया गया है और वे अपनी इस यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करना चाहते थे, इसलिए मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने पहुंचे। यह फिल्म भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है, जिसे आधुनिक तकनीक और भव्यता के साथ प्रस्तुत किया गया है। निर्माताओं के अनुसार 'कृष्णावतारम' 7 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

# सपा प्रतिनिधिमंडल को नोएडा जाने से रोका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाउस अरेस्ट करने का किया गया प्रयास

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर नोएडा जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल को पुलिस द्वारा रास्ते में ही रोक लिया गया। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत प्रतिनिधिमंडल के सभी नेता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीड़ित मजदूरों के पास नहीं पहुंच सके।

सपा के प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में पीड़ित श्रमिकों से मिलने एवं उनकी समस्याओं को जानने के लिए रवाना हुआ, प्रतिनिधिमंडल में कमाल अख्तर, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, प्रशांत यादव, राज कुमार भाटी एवं सुनील चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी इस तरह की दमनकारी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्थान से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा इन सभी नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद करने का प्रयास किया गया, किंतु सभी नेता अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने-अपने आवासों से निकलकर नोएडा के लिए रवाना हुए थे।



पुलिस टीम के घेरे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय।

### रास्ते में रोके गए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा पुलिस के साथ झड़प से घायल जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष दीपक चोटीवाला का कुशलक्षेम जानने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ता से मिलने से रोकना बेहद निंदनीय और अलोकतांत्रिक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने और जनसरोकार के मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अजय राय ने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रशासन को सत्ता के दबाव में आकर कार्य नहीं करना चाहिए।

# आजमगढ़ और बदायूं में पर्यटन विकास को करोड़ों की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में आजमगढ़ और बदायूं जिलों के लिए बड़ी धनराशि मंजूर की है। आजमगढ़ में 11 परियोजनाओं के लिए कुल 889.77 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 617 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं के तहत सगड़ी, मुबारकपुर, लालगंज, सदर, निजामाबाद, फूलपुर, पवई, दीदारगंज और गोपालपुर क्षेत्रों के प्राचीन धार्मिक स्थलों का विकास किया जाएगा। प्रमुख स्थलों में साल्हेपुर का शिव मंदिर, कठियांव का हनुमान मंदिर, ब्रह्म बाबा स्थल और दुर्वासा ऋषि आश्रम शामिल हैं। इसके अलावा दत्तात्रेय आश्रम, गढ़वा हनुमान मंदिर, बधवा महादेव पातालपुरी मंदिर और तेजवर बाबा मंदिर का भी जीर्णोद्धार होगा।

वहीं बदायूं जिले में छह परियोजनाओं के लिए 22.36 करोड़ रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष 3.34 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इन कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। यहां सहस्रबाहु तीर्थ, तपोसिद्ध बाबा की गढ़ी, बाबा देवासदास मंदिर, लभारी का श्रीराम मंदिर और बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम का विकास किया जाएगा।

# फेंसेडिल तस्करी: सरगना शुभम के पिता एक वर्ष के लिए निरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत एक वर्ष के लिए निरुद्ध कर दिया है। शासन ने पुलिस के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है, जबकि सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उसे भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया जारी है।

एसपी अभिषेक वर्मा के मुताबिक, नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। 15 अप्रैल 2026 से लागू आदेश के तहत भोला प्रसाद को जिला कारागार में रखा जाएगा।

जांच में सामने आया कि भोला प्रसाद कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन और काले बाजार में बिक्री का अभ्यस्त अपराधी है। गिरोह फर्जी फर्म "शैली ट्रेडर्स" के माध्यम से दवाओं की फर्जी बिलिंग कर बड़ी मात्रा में कफ सिरप हासिल करता था। इसके बाद इसे अवैध रूप से बांग्लादेश तक भेजा जाता था, जिससे भारी मुनाफा कमाया जाता था।

मामले की जांच उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स कर रही है। पुलिस अब गिरोह की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में जुटी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# वकीलों की बीमा योजना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

**विधि संवाददाता, लखनऊ:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के वकीलों के लिए बीमा योजना और आर्थिक सहायता बढ़ाने के मुद्दे पर राज्य सरकार के विधि विभाग से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अवध बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वकीलों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा के बाद विस्तृत प्रस्ताव कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुनवाई में यह भी बताया गया कि निजी वकीलों के लिए बीमा योजना लागू करने में आर्थिक बाधाएं आ रही हैं। करीब 14 हजार वकीलों के बीमा के लिए प्रति वकील लगभग 4,999 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होगा, जिससे कुल खर्च करीब 7 करोड़ रुपये बैठता है। इतनी बड़ी राशि वहन करना एसोसिएशन के लिए फिलहाल संभव नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई 2026 को निर्धारित की गई है।

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा आज से, सख्त इंतजाम

- 53 परीक्षा केंद्रों पर दो दिन 4 पालियों में होगी परीक्षा
- आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा सीसीटीवी से निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 18 और 19 अप्रैल को चार पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने प्रदेश के 6 प्रमुख जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के 53 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों और महत्वपूर्ण स्थानों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है। हर जिले में आयोग के एक-एक सदस्य को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

योगी सरकार के निर्देशों के तहत संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। नकल कराने या परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएंगे। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें और प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें।

आयोग ने परीक्षा को लेकर प्रसारित हो रही भ्रामक खबरों का खंडन किया है। अभ्यर्थियों को किसी भी अफवाह से बचते हुए केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in एवं ''X'' हैंडल @upesscprayagraj पर सूचनाओं के संबंध में पुष्टि करने की सलाह दी गई है।

# महिला आरक्षण बिल के बहाने परिसीमन लाना चाहती थी सरकार : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के फैसलों को समझना और भी मुश्किल है। जब लोगों से कहा गया कि एसआईआर होगी, जिसमें वोटों का कटना रोका जाएगा। तब यूपी में देखा गया कि वह एसआईआर के बहाने एनआरसी करने लगे। जब भविष्य में एनआरसी करेंगे तो कौन से नए कागज मांगेंगे।


संसद परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि महिला आरक्षण के बहाने अपनी मनमर्जी परिसीमन करके लोकसभा बनाना चाहते हैं ताकि वे कभी हारे नहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग महिलाओं के खिलाफ नहीं हैं। अब सरकार कह रही है, घर गिने जा रहे हैं, हमें क्यों नहीं गिना जा रहा है। जानवरों को गिना जा रहा है। आदमियों को नहीं गिना जा रहा है। जनगणना होगी तो जातीय जनगणना की मांग भी होगी।

पहल | शरीर, मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम

# पंचकोश पाठ्यक्रम से गढ़े जाएंगे नौनिहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम, खेल-गतिविधि आधारित सीखने पर जोर



**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार बालवाटिका को केवल प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के सक्षम, संवेदनशील और सृजनशील नागरिकों के निर्माण की पहली प्रयोगशाला के रूप में विकसित कर रही है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार नया पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के 'पंचकोश' सिद्धांत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा गया है।

इस पाठ्यक्रम में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोष की अवधारणा को बाल विकास के पांच प्रमुख आयामों से जोड़ा गया है। इसके तहत शारीरिक, भाषा एवं साक्षरता, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक तथा सौंदर्यबोध विकास को केंद्र में रखा गया है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने इस नई व्यवस्था के लिए 'चहक', 'कदम' और 'कलांकुर' जैसी पुस्तकों और गतिविधि आधारित सामग्री विकसित की है। इनमें वर्कबुक, चित्रकथा, संख्या ज्ञान, कला और संगीत से जुड़ी सामग्री शामिल है, जो खेल और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देती है।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व के हर पहलू को संतुलित रूप से विकसित करना है, ताकि उनकी सीखने की नींव मजबूत हो सके। बच्चों को कहानी, संवाद, चित्रकला और समूह गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे बिना दबाव के भाषा और संख्यात्मक दक्षताओं के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार भी विकसित कर सकें। पाठ्यक्रम में शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, भाषा विकास के लिए संवाद आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास के लिए जिज्ञासा आधारित सीखने की प्रक्रिया, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए समूह सहभागिता और सौंदर्यबोध के लिए रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# आगरा के होटल में प्रेमिका ने बेरहमी से काट दिया प्रेमी का गला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

आगरा, एजेंसी

- पहले किया सिर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार, फिर काटा गला
- होटल में लिया था कमरा; बाहर आकर बोली-कर दी हत्या

आगरा में एक होटल में शुक्रवार को एक व्यक्ति की उसकी महिला साथी ने बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने पहले हथौड़े से वार किया और फिर धारदार हथियार से हमला कर व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मौके से आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया और पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

पश्चिमी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य ने बताया कि खिल्लो (36) नाम का व्यक्ति और उसकी महिला साथी शुक्रवार को होटल में आए थे तथा दोपहर करीब 12 बजे होटल कर्मचारियों ने पुलिस को कमरे में हत्या की सूचना दी। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे में खिल्लो का खून से लथपथ शव मिला और आरोपी महिला भी कमरे में मौजूद थी, जिसे तत्काल हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि हत्या की सही वजह अभी स्पष्ट नहीं है हालांकि कमरे से शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।फोरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है और मामले की जांच जारी है।

घटनाक्रम के अनुसार ग्वालियर हाईवे स्थित मलपुरा क्षेत्र में होटल ताज पथ में शुक्रवार सुबह 11 बजे एक जोड़ा पहुंचा। कमरा लिया और दोनों अंदर चले गए। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे महिला बाहर निकली और हत्या करने की बात कही। पुलिस के अनुसार, फतेहपुर सीकरी निवासी खिल्लो के ककुआ निवासी विवाहिता प्रीति से अवैध संबंध थे। आरोप है कि महिला को प्रेमी द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा था। इससे तंग आकर महिला ने कमरे में दोपहर 12 बजे के आसपास हथौड़े से प्रेमी के सिर पर प्रहार किया। इसके बाद धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। आरोप है कि प्रेमी की ओर से महिला को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।



अवसर, प्रकृति, मजबूरी, आदत, कारण, जुनून और इच्छा, इन सात वजहों से ही हम सभी काम करते हैं।
**अरस्तु, दार्शनिक**

## एक ऐतिहासिक कदम

2023 में पारित महिला आरक्षण कानून के लागू करने की अधिसूचना जारी करना एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहली बार है, जब महिला प्रतिनिधित्व को संवैधानिक गारंटी मिली है। पर इसके क्रियान्वयन को परिसीमन और ताजा अथवा 2011 की जनगणना से जोड़ने ने इसे राजनीतिक रणनीति के दायरे में भी ला खड़ा किया है। संवैधानिक प्रावधान स्पष्ट करते हैं कि लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण तभी व्यावहारिक होगा, जब सीटों का पुनर्विन्यास हो। सरकार ने इसे 2026 के बाद संभावित परिसीमन से इसीलिए जोड़ा है, क्योंकि बिना परिसीमन के वर्तमान 543 सीटों के ढांचे में आरक्षण लागू करना कठिन है, क्योंकि या तो पुरुषों की सीटें घटानी होंगी या सीटों का पुनर्वितरण करना होगा, दोनों ही राजनीतिक रूप से संवेदनशील विकल्प हैं।

परिसीमन होने तक यह लागू नहीं किया जा सकता, फिर भी इस अधिसूचना को सरकार का इस मसले पर गंभीरता सुखद संकेत समझ सकते हैं, हालांकि सरकार महिला सशक्तीकरण का मजबूत संदेश तो देती है, पर इसे भविष्य की प्रक्रिया से जोड़ना उसे तत्काल जवाबदेही से बचाता है। घोषणा अभी, क्रियान्वयन और कभी, की नीति से वह चुनावी राजनीति में लाभ ले सकती है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में, जहां महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, यह कदम भाजपा को बढ़त देगा। महिलाओं के बीच यह संदेश जाएगा कि सत्ता पक्ष उनके प्रतिनिधित्व को लेकर गंभीर है, भले ही उसका ठोस परिणाम तत्काल न दिखे, परंतु बड़ा सवाल 2029 का है। जनगणना 2026 में, उसके आंकड़े 2028 तक और फिर परिसीमन की लंबी प्रक्रिया। इस पूरी कवायद को देखते हुए 2029 के चुनावों में आरक्षण लागू हो पाना व्यावहारिक रूप से कठिन दिखता है। इससे यह संदेह उपज सकता है कि यह मुद्दा एक दीर्घकालिक राजनीतिक पूंजी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसको इस तर्क से बल मिलता है कि देश के अधिकांश दल महिला आरक्षण के समर्थक हैं, पर वास्तविकता यह है कि न तो लोकसभा और न ही अधिकांश विधानसभाओं में किसी दल ने स्वेच्छा से 33 फीसद टिकट महिलाओं को दिए हैं। यह 'कथनी और करनी' के बीच की खाई को उजागर करता है। यूपी व उत्तराखंड जैसे राज्यों में महिला आरक्षण लागू होने से निश्चित ही महिलाओं सांसदों-विधायकों की संख्या बढ़ेगी, पर प्रतिनिधित्व की गुणवत्ता यानी उनकी वास्तविक राजनीतिक स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता तभी सुधरेगी, जब दलों की आंतरिक संरचना भी बदले। सरकार महिलाओं के आरक्षण का वादा तो करती है, पर ओबीसी और एसटी महिलाओं के हिस्से का प्रश्न अनुत्तरित छोड़ देती है। बिना जातीय जनगणना के यह तय करना कि आरक्षण के भीतर आरक्षण कैसे होगा, एक जटिल चुनौती है।

बेशक महिला आरक्षण कानून एक ऐतिहासिक अवसर है, पर इसकी विश्वसनीयता, सफलता उसके समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। यदि यह मात्र राजनीतिक घोषणाओं तक सीमित रहा, तो यह उम्मीदों पर पानी फेर देगा, लेकिन यदि इसे गंभीरता से लागू किया गया, तो यह भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है।

### प्रसंगवश

## ब्रेन-ईटिंग अमीबा: गर्मी के साथ बढ़ता अदृश्य खतरा



**धनीश शर्मा**
लेखक

यह कोई विज्ञान कथा नहीं है और न ही किसी दूर देश की डरावनी कहानी, जिसे पढ़कर हम यह मान लें कि ऐसा हमारे यहां नहीं हो सकता। यह खतरा हमारे आसपास मौजूद है। उस पानी में, जो हमारी प्यास बुझाता है, हमारे बच्चों के खेलने का साधन बनता है और हमारे घरों तक चुपचाप पहुंचता है। दुनिया भर में वैज्ञानिक जिस जीवाणु को लेकर चेतावनी दे रहे हैं, उसे आम भाषा में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Naegleria fowleri है और यह गर्म पानी में पनपने वाला एक खतरनाक सूक्ष्म जीव है।

यह अमीबा मुख्यतः झीलों, तालाबों, नदियों और गर्म पानी के स्रोतों में पाया जाता है। जब पानी का तापमान बढ़ता है, तब इसकी सक्रियता भी बढ़ जाती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ती वैश्विक गर्मी के साथ इसके मामलों की चर्चा अधिक होने लगी है। यह जीव आमतौर पर तब खतरनाक बनता है, जब दूषित पानी नाक के रास्ते शरीर के भीतर प्रवेश करता है। इसके बाद यह सीधे मस्तिष्क तक पहुंच सकता है और वहां गंभीर संक्रमण पैदा करता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में Primary Amebic Meningoencephalitis (PAM) कहा जाता है।

ब्रेन-ईटिंग अमीबा द्वारा होने वाला संक्रमण PAM के रूप में अत्यंत दुर्लभ, लेकिन घातक होता है। यह केवल नाक के रास्ते शरीर में प्रवेश करके मस्तिष्क तक पहुंचता है, पीने से या व्यक्ति-से-व्यक्ति में नहीं फैलता। संक्रमण के शुरुआती लक्षण आमतौर पर पानी में संपर्क के 1–12 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं, जैसे तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी और गर्दन में अकड़न और यह जल्दी गंभीर स्थिति में बदल सकता है। PAM की मृत्यु दर लगभग 97% से अधिक है। भारत में हाल के वर्षों में, विशेषकर केरल में, इस अमीबा के मामलों और मौतों की संख्या दर्ज हुई है, जिससे जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके शुरुआती लक्षण सामान्य संक्रमण जैसे ही दिखाई देते हैं। तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी, गर्दन में अकड़न और भ्रम जैसी समस्याएं अचानक शुरू हो सकती हैं, लेकिन बीमारी बहुत तेजी से बढ़ती है और कई मामलों में कुछ ही दिनों में गंभीर स्थिति पैदा कर देती है। यही कारण है कि डॉक्टर इसे अत्यंत घातक संक्रमणों में गिनते हैं।

यह भी सच है कि इसके मामले बहुत कम होते हैं। लाखों लोगों के पानी में जाने के बावजूद संक्रमण के मामले बेहद सीमित संख्या में सामने आते हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमूमन लोग गर्मियों में तालाब, स्विमिंग पूल और अन्य जगहों को सुरक्षित समझकर नहा लेते हैं, जबकि वास्तव में ये सभी स्रोत दूषित पानी होने पर ब्रेन-ईटिंग अमीबा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, इसलिए केवल साफ और अच्छी तरह मेंटेन किए गए जल स्रोत का ही उपयोग करना सुरक्षित माना जाता है। स्विमिंग करते समय नोज़ क्लिप का इस्तेमाल करना और साफ-सुथरे स्विमिंग पूल का चयन करना भी एक साधारण, लेकिन प्रभावी उपाय हो सकता है।

भारत गर्मी का मौसम लंबा होता जा रहा है और जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है, वहां इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। कई बार लोग बिना जानकारी के तालाबों या गर्म पानी वाले स्रोतों में नहाते या तैरते हैं। यदि पानी साफ नहीं है या लंबे समय से स्थिर है, तो जोखिम बढ़ सकता है, इसलिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे लोगों को समय-समय पर चेतावनी और जानकारी दें। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'सामूहिक एकांत' की तरफ बढ़ रहा है भारतीय समाज





**डॉ. शिवम् भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अभिभावकों से यह अपील कि बच्चे मोबाइल की लत से दूर रहें, हमारे समय की एक गहरी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चिंता को सामने लाती है। यह उस दौर का संकेत है, जहां दुनिया 'ग्लोबल विलेज' से सिमटकर सचमुच 'डिजिटल हथेली' में आ गई है। आज सूचना, मनोरंजन और संवाद- सब कुछ एक क्लिक की दूरी पर उपलब्ध है। कभी ज्ञान के लिए पुस्तकालयों की शरण लेनी पड़ती थी, संवाद के लिए पत्र लिखे जाते थे और मनोरंजन सामूहिक अनुभव हुआ करता था। आज यह सब एक छोटे से स्क्रीन में समाहित है। इस सुविधा ने जीवन को सरल अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ एक सूक्ष्म परिवर्तन भी हमारे भीतर प्रवेश कर चुका है। हमारी चेतना, धैर्य और उस गहरे संतोष में, जो मानसिक संतुलन का आधार होता है।

आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की जैविक प्रवृत्तियों के सुनियोजित दोहन का उदाहरण है। हमारे मस्तिष्क में 'डोपामिन' नामक रसायन हमें नई उत्तेजनाओं और पुरस्कारों की ओर आकर्षित करता है। जब भी हमें कोई नई या सुखद अनुभूति मिलती है- प्रशंसा, उपलब्धि या अचानक मिला आनंद—डोपामिन सक्रिय होता है और मस्तिष्क उसी अनुभव को दोहराने की इच्छा करता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने इसी तंत्र को अपनी संरचना का आधार बना लिया है। कुछ सेकेंड के छोटे वीडियो या 'रील्स' बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बार-बार नई उत्तेजना प्रदान करते हैं। एक वीडियो समाप्त होते ही मस्तिष्क अगले 'डोपामिन शॉट' की अपेक्षा करने लगता है और इस तरह एक अंतहीन क्रम शुरू हो जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति अनजाने में घंटों स्क्रीन पर स्क्रॉल करता रहता है। यह अनुभव उस मृगतृष्णा के समान है, जिसमें दूर से चमकता पानी दिखाई देता है, लेकिन पास पहुंचने पर वह केवल रेत साबित होता है। समय के साथ यह त्वरित मनोरंजन आनंद के बजाय थकान, बेचैनी और एक प्रकार के आंतरिक खालीपन में बदलने लगता है, फिर भी मन उसी चक्र का अभ्यस्त हो जाता है।

इस निरंतर उत्तेजना का सबसे गहरा प्रभाव हमारी एकाग्रता पर पड़ता है। मानव मस्तिष्क स्वाभाविक रूप से गहराई में जाकर विचार करने और किसी विषय को समझने की क्षमता रखता है, लेकिन जब उसे हर कुछ सेकंड में नया दृश्य, नई ध्वनि और नई सूचना मिलने की आदत पड़ जाती है, तो उसके लिए ठहरकर सोचना कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप लंबी पुस्तकें, गंभीर लेख और गहन चिंतन उबाऊ प्रतीत होने लगते हैं। विभिन्न अध्ययनों में भी यह संकेत मिला है कि बढ़ते स्क्रीन समय के साथ ध्यान अवधि में गिरावट आई है। यह केवल समय की बर्बादी का प्रश्न नहीं, बल्कि हमारी आलोचनात्मक सोच, निर्णय क्षमता और बौद्धिक परिपक्वता पर भी प्रभाव डालता है।

यहीं पर डिजिटल युग का सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। हमारे पास उत्तेजना के साधन पहले से कहीं अधिक हैं, लेकिन संतोष का स्तर घटता जा रहा है। इसे समझने के लिए डोपामिन और सेरोटोनिन के अंतर को देखना उपयोगी है। डोपामिन त्वरित उत्तेजना और पुरस्कार से जुड़ा है, जबकि सेरोटोनिन स्थिरता, संतुलन और गहरे संतोष से संबंधित है। डिजिटल संसार मुख्यतः डोपामिन आधारित अनुभव प्रदान करता है, इसलिए वह हमें लगातार नई उत्तेजनाओं की ओर खींचता है।

इसके विपरीत, वे अनुभव जो मनुष्य को भीतर से समृद्ध करते हैं, जैसे प्रकृति के बीच समय बिताना, किसी के साथ गहरी बातचीत करना, कोई कला सीखना या शांत होकर अपने विचारों के साथ समय बिताना, ये सेरोटोनिन से जुड़े होते हैं। इन अनुभवों में त्वरित आकर्षण नहीं होता, लेकिन वे धीरे-धीरे मन को स्थिर और संतुष्ट बनाते हैं। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवन में उत्तेजना के साधन तो बढ़ते जा रहे हैं, परंतु संतोष के स्रोत लगातार कम होते प्रतीत होते हैं।

इसका अर्थ यह नहीं है कि तकनीक स्वयं में समस्या है। तकनीक मानव बुद्धि की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान और संचार के क्षेत्र में असंख्य संभावनाएं खोली हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब सुविधा धीरे-धीरे आदत में और आदत निर्भरता में बदल जाती है, इसलिए समाधान तकनीक के त्याग में नहीं, बल्कि उसके संतुलित उपयोग में निहित है।


डिजिटल जीवन के बीच कुछ सरल अनुशासन विकसित किए जा सकते हैं, जो मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हों। जैसे- भोजन का समय केवल भोजन और संवाद के लिए हो, शयनकक्ष को विश्राम का स्थान बनाए रखा जाए, समय-समय पर 'डिजिटल उपवास' किया जाए और दिन का कुछ हिस्सा बिना किसी डिजिटल व्यवधान के रचनात्मक या बौद्धिक गतिविधियों को दिया जाए। बच्चों के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उन्हें केवल स्क्रीन से दूर रखने का प्रयास न किया जाए, बल्कि उन्हें खेल, पुस्तक, संगीत और प्रकृति जैसे अनुभवों से जोड़ा जाए, ताकि वे जीवन के वास्तविक आनंद को पहचान सकें।

आज की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम डिजिटल आकर्षण की इस चमकदार दुनिया के बीच भी उस धीमी और गहरी आवाज को सुनते रहें, जो हमें भीतर से संतुलित और सजग बनाती है। यदि हम लगातार उत्तेजना के शोर को अपने भीतर हावी होने देंगे, तो वह हमारे धैर्य, हमारी गहराई और हमारी मानवीय संवेदनाओं को प्रभावित करेगा, परंतु यदि हम सजगता के साथ तकनीक का उपयोग करें, तो वही तकनीक ज्ञान, सृजन और सार्थक संवाद का माध्यम बन सकती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है।

### आमने सामने



अपने यहां जब कोई भी शुभ काम होता है, उसको नजर न लग जाए, इसलिए काला टीका लगाने की परंपरा है। मैं आपका धन्यवाद करता हूं। काला टीका लगाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। (दरअसल संसद में डीएमके सांसद काले कपड़े पहनकर सदन में पहुंचे थे।)

**-नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

543 में से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दे रहे? अगर पद खोने का डर नहीं, तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें, ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा। काला टीका भी काम आ जाएगा।

**-प्रियंका गांधी**
कांग्रेस सांसद



# हिमालय की आबोहवा पर थार का 'जैविक प्रहार'



**पंकज चतुर्वेदी**
वरिष्ठ पत्रकार

हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं। हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि रेगिस्तानी इलाकों से उड़कर आने वाली धूल केवल पहाड़ों का परिदृश्य ही नहीं बदल रहीं, बल्कि वहां की आबोहवा में घातक बीमारियों का जहर भी घोल रही हैं। यह धूल अपने साथ सूक्ष्म बैक्टीरिया और ऐसे पैथोजन्स (रोगजनक) ला रही है, जो हजारों किलोमीटर दूर के रेगिस्तानों से उड़कर हिमालय की ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं। यह स्थिति न केवल हिमालय के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को बिगाड़ रही है, बल्कि वहां रहने वाली आबादी के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट भी पैदा कर रही है।

हिमालय, जिसे 'दुनिया का तीसरा ध्रुव' कहा जाता है, वर्तमान में एक अनोखी चुनौती का सामना कर रहा है। रेगिस्तान की धूल का हिमालय तक पहुंचना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप का एक मिला-जुला परिणाम है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण थार और मध्य पूर्व के रेगिस्तान अधिक शुष्क हो रहे हैं। मिट्टी की नमी खत्म होने से धूल हल्की होकर हवा में आसानी से उठ जाती है। सर्दियों और बसंत के दौरान चलने वाली ये हवाएं धूल के कणों को हजारों किलोमीटर दूर से उठाकर हिमालय की ऊंचाइयों तक ले आती हैं।

अरावली पर्वतमाला, जो थार की धूल के लिए एक प्राकृतिक अवरोध का काम करती थी, अब खनन और वनों की कटाई के कारण कमजोर हो गई है। इससे धूल को आगे बढ़ने का सीधा रास्ता मिल गया है। यह जल चक्र के असंतुलन, ग्लेशियर के तेजी से पिघलने का कारक तो है ही। धूल के कणों में अक्सर खनिज और पोषक तत्व होते हैं, हालांकि यह सुनने में अच्छा लग सकता है, लेकिन हिमालय की 'ओलिगोट्रोफिक' (कम पोषक तत्व वाली) झीलों में इनका गिरना शैवाल के अनियंत्रित विकास को बढ़ावा दे सकता है, जिससे जलीय जीवन खतरे में पड़ जाता है। इसके साथ हिमालय के स्वस्थ परिवेश में अब उन बैक्टीरिया का निवास हो बढ़ रहा है, जो हिमालय के पर्यावास को दूरगामी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस चिंताजनक स्थिति की आधिकारिक पुष्टि प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट' (15 दिसंबर 2025 अंक) में प्रकाशित एक अध्ययन से हुई है। अंतरा प्रमाणिक, सनत कुमार दास और उनके सहयोगियों द्वारा पूर्वी हिमालय के पहाड़ी इलाकों में किए गए इस 'मेटाजेनोमिक विश्लेषण' से पता चला है कि थार रेगिस्तान से आने वाली धूल के साथ भारी मात्रा में विदेशी बैक्टीरिया हिमालय पहुंच रहे हैं। शोध के अनुसार, हिमालय की कुल बैक्टीरिया आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय नहीं है, बल्कि वह वायु के बहाव के साथ उड़कर वहां पहुंचा है। यह बाहरी हस्तक्षेप हिमालय की प्राकृतिक सूक्ष्मजीव विविधता को 60 प्रतिशत तक बाधित कर रहा है और वहां की हवा को बीमारियों का एक 'ग्लोबल कनवेयर बेल्ट' बना रहा है।

वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, गर्मियों के दिनों में जब रेगिस्तानी हवाएं तेज होती हैं, तब हिमालयी वायुमंडल में बैक्टीरिया की सांद्रता सामान्य से कई गुना बढ़कर 6.7 लाख प्रति घन मीटर तक पहुंच जाती है। अंतरिक्ष आधारित निगरानी और विश्लेषण से पता चला है कि पूर्वी हिमालय के ऊपर दो से तीन किलोमीटर की ऊंचाई पर धूल की एक मोटी परत जमा हो रही है, जिसका सीधा स्रोत थार रेगिस्तान है। इस धूल के साथ आने वाले बैक्टीरिया में एक-तिहाई हिस्सा ऐसे सूक्ष्मजीवों का है, जो त्वचा में संक्रमण पैदा करते हैं। इसके अलावा, पहाड़ों की तलहटी से ऊपर उठने वाली हवाएं लगभग 45 प्रतिशत ऐसे बैक्टीरिया ला रही हैं, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं, जबकि ऊपरी वायुमंडल से नीचे आने वाली हवाओं में आधे से ज्यादा बैक्टीरिया पेट और पाचन तंत्र को बीमार करने वाले पाए गए हैं।

हैरानी की बात यह है कि हिमालय के अपने स्थानीय बैक्टीरिया, जो अब कुल आबादी का मात्र 20 प्रतिशत रह गए हैं, वे भी संक्रमण फैलाने में पीछे नहीं हैं। वे लगातार श्वसन और त्वचा संबंधी बीमारियों का कारण बन रहे हैं, लेकिन रेगिस्तानी धूल के आगमन से इन बाहरी और अनूठे बैक्टीरिया की मौजूदगी में 40 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह स्थिति संकेत देती है कि भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी और वहां आने वाले पर्यटकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां और अधिक जटिल होने वाली हैं।

यह शोध केवल पर्यावरणीय बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक चेतावनी है। जिस तरह से वायुमंडलीय प्रक्रियाएं हजारों किलोमीटर दूर से जीवन और बीमारियों को ढो रही हैं, वह हिमालयी वातावरण की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं।

### सोशल फोरम

## कहानी 'हसरत' की



**राजेश कुमार गुप्ता**
ब्लॉगर

**कल खेल में हम हों न हों गर्दिश में तारे रहेंगे सदा**
**भूलोगे तुम भूलेंगे वो, पर हम तुम्हारे रहेंगे सदा**

कला किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। निधन तो कलाकार का होता है, कला तो हमेशा जिंदा रहती है। ऐसे ही कुछ कलाकारों में से एक थे, मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी। बचपन से ही शायराना मिजाज वाले हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान (जयपुर) में पिता नाज़िम हुसैन और मां फ़िरदौसी बेगम के घर हुआ। नाम रखा गया 'इक़बाल हुसैन'। इनके नाना फ़िदा हुसैन 'फ़िदा' अपने जमाने के मशहूर शायर थे।

उनकी ये विरासत मां के जरिए इन्हें मिली। पर न जाने क्यूं उनकी मां को उनका शायरी करना जरा भी पसंद नहीं था, लेकिन इक़बाल भी कहां मानने वाले थे। तो मां ने हुक्म सुना दिया कि तुम्हें अगर शायरी ही करनी है, तो घर से बाहर जा कर करो। मां के इसी फ़रमान ने बेटे को 'इक़बाल हुसैन' से 'हसरत जयपुरी' बना दिया। 1940 में अपनी जेब में 'हसरत' लिए इक़बाल पहुंच गए मायानगरी।

अब आ तो गए, पर मुंबई पहुंचे हसरत के हाथ में न पैसे थे और ना ही कोई उनकी जान पहचान का व्यक्ति था। कई रातें बिना खाना खाए, फुटपाथ पे भी बितानी पड़ीं। फिर काफी मशक्क़त के बाद बस कंडक्टर की नौकरी मिली, लेकिन उनका दिल तो अटका था शेरो शायरी की तरफ।

कंडक्टरी के साथ-साथ अपने शौक को पूरा करने के लिए हसरत मुशायरों में जाने लगे। एक दिन मुशायरे के दौरान इन पर पृथ्वीराज कपूर साहब की नजर पड़ी। उन्होंने हसरत के लिए अपने बेटे राज कपूर से सिफ़ारिश की। यहीं से इनकी क़िस्मत चमक उठी। उन दिनों राज कपूर अपनी फ़िल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे थे। इस फ़िल्म के लिए हसरत ने अपना पहला गीत लिखा। 'जिया बेकरार है छाई बहार है...', और इस गीत के बाद हसरत की जिंदगी का सफर भी सुहाना हो गया।

इसके बाद उन्होंने तमाम फ़िल्मों के लिए गीत लिखे। राज साहब की तो लगभर हर फ़िल्म में उनकी मौजूदगी रही। पहली फ़िल्म के बाद ही हसरत की शंकर जयकिशन और शैलेंद्र के साथ जोड़ी बन गई थी। इनकी टीम ने तमाम फ़िल्मों के गीत को कालजयी बना दिया। फ़िल्मी गीतों के साथ साथ उन्होंने हिंदी व उर्दू में कई किताबें भी लिखीं। उनका शायरी संकलन 'आबशार-ए-ग़ज़ल' के नाम से है।

**-फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## क्या कला बगिया से विदा होंगी मालिनी!



**सीमा चतुर्वेदी**
वरिष्ठ पत्रकार

संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा हो रही है, दूसरी तरफ अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के राजनीति में प्रवेश की चर्चाएं भी होने लगी हैं। उत्तर प्रदेश में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के भाजपा में शामिल होने की चर्चा भी एक बार फिर छिड़ गई है। कला संगीत की विभिन्न विधाओं का धनी उत्तर प्रदेश बहुरंगी लोक संगीत की बगिया भी है। एक बार फिर चर्चा है कि मालिनी राजनीति में आएंगी। इससे क्या लोकसंगीत की बगिया की मालन की संगीत साधना बाधित होगी! इस प्रसिद्ध महिला कलाकार के राजनीति में आने की चर्चाएं गलत साबित हों या सही, ये अलग बात है पर ये सच है कि सक्रिय राजनीति में आने वाला प्रत्येक कलाकार अपनी कला में सक्रिय नहीं रह सका। चाहे रवि किशन हों, मनोज तिवारी या मैथिली ठाकुर।

एक बेटी के विवाह उपरांत विदाई की तरह कला क्षेत्र की किसी हस्ती की राजनीति में एंट्री खुशी और ग़म दोनों देती है। खुशी इस बात की कि कलाकार राजनीति में आकर कला के क्षेत्र को आगे बढ़ाएगा, ग़म इस बात का कि राजनीति में आने के बाद कलाकार की कला साधना बाधित होगी। संसद और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं के आरक्षण का कोटा पूरा करने के लिए विभिन्न दल प्रयासरत हैं। दलों में महिला कार्यकर्ताओं की कमी नहीं पर लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ने लायक लोकप्रिय महिलाओं की तलाश में दल अलग-अलग क्षेत्रों/पेशों की चर्चित महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की सीट आरक्षित होने का बहुप्रतीक्षित कानून पास होने के बाद से राजनीतिक दल अपने-अपने दलों में महिलाओं को जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे संसद सत्र के विशेष सत्र में ये कानून चर्चा का विषय रहेगा। भाजपा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देने के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान चला रही है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सांसद रवि किशन को चुटकी लेते हुए कहा था कि हो सकता है कि गोरखपुर से अगला लोकसभा चुनाव रवि किशन की जगह कोई महिला चुनाव लड़े!

2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व चर्चा थी कि मालिनी अवस्थी को भाजपा चुनाव लड़वा सकती है। मुख्यमंत्री के कुछ बयानों के बाद एक बार फिर ऐसी चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। कला साधक मालिनी अवस्थी पर उनके नाम और जन्म स्थल का असर दिखता है। मालिनी का अर्थ है-माला पहनने वाली। प्रशंसाओं, आलोचनाओं और चर्चाओं की मालाएं धारण किए मालिनी की जन्म स्थली सुगंध नगरी कन्नौज है। पद्मश्री मालिनी की सक्रियता और प्रशंसा मीडिया की सुर्खियां में बनी रहती हैं, तो सोशल मीडिया और कला क्षेत्रों में इनकी आलोचना की कानाफूसी भी खूब होती है।

कहते हैं कि इनके पति लंबे समय तक प्रभावशाली नौकरशाह रहे, सेवानिवृत्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार बन गए, इसलिए कला संस्कृति से संबंधित सरकारी विभाग मालिनी पर मेहरबान रहते हैं। आरोप लगते हैं कि पति का प्रभाव पत्नी को सरकारी कार्यक्रम दिला देता है। यूपी के तमाम प्रतिभाशाली कलाकारों को भुलाकर सांस्कृतिक कार्य विभाग मालिनी के दामन में हर बड़ा कार्यक्रम डाल देता है। भारतेंदु नाट्य स्वर्ण जयंती समारोह में संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुति 'मालन अलबेली' में मालिनी छा गईं। प्रशंसाओं की गूंज में आलोचनाएं भी मुखर हुईं, हालांकि ऐसी आलोचनाएं और सवाल हर बड़े कलाकार पर लगते रहे हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

यूपी के सीतापुर में एक महिला ने निराश्रित पशुओं के संरक्षण में ऐसा बीड़ा उठाया कि घर की गृहस्थी को तिलांजलि देकर लाखों का फ्लैट ही खरीद डाला। 16 वर्षों से गौवंशों की सेवा करने में लगा परिवार गौमाताओं के लिए पौष्टिक भोजन के साथ फल-सब्जी और पर्याप्त दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। काष्ठा फाउंडेशन की संचालिका भावना सक्सेना बताती हैं कि 16 वर्ष पूर्व उन्हें नंदी चोटिल मिला, सड़क किनारे दो गौमाताएं भी थीं। अधिक जख्म होने के कारण कोई आगे नहीं बढ़ा, परिवार के साथ मिलकर सभी को घर के करीब ले आए, ताकि सेवा की जा सके। तमाम प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। तभी से मन बना लिया कि निराश्रित पशुओं के लिए छांव के साथ सारे इंतजाम करने हैं। भावना बताती हैं कि परिवार के सहयोग से पैसे इकट्ठा किए, घर की ज्वेलरी भी बेच दी, बाद में सड़क किनारे एक मकान खरीदा। फ्लैट में गौवंश के साथ 72 निराश्रितों का परिवार है। इनमें नियमित उपचार के साथ फल-सब्जियों का वितरण कराया जाता है। *-जीशान कदीर, सीतापुर*





# बेजुबान पशुओं को मिली जुबां



निराश्रित पशु का अंतिम संस्कार करातीं भावना सक्सेना।

### ठीक होने के बाद लोगों ने अपनाए गौवंश

भावना सक्सेना की पुत्री योशिता निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कहती हैं कि ठीक होने के बाद कई गौवंशों को अपनाने के लिए शहर और उसके आसपास के परिवार आगे आए, बताती हैं कि सड़क पर निकलते समय घायल और बीमार पशुओं को लाना दिनचर्या में है। अब तक एक लाख से अधिक गौवंशों की सेवा की जा चुकी है।

### भंडारा और अंतिम संस्कार के लिए परिवार एकजुट

भावना बताती हैं कि परिवार में पुत्र स्वरित और बहू निधि के अलावा पति मुकुल मोहन और पुत्री योशिता मिलकर गौवंशों और निराश्रित पशु (कुत्ता, बिल्ली आदि) के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं, शहर और उसके आसपास हादसे का शिकार पशुओं के अंतिम संस्कार का जिम्मा भी दैनिक दिनचर्या में है।

### नाम पुकारते ही दौड़ पड़ते हैं गौवंश

महिला और उनके बच्चों ने हर गौवंश का नाम रखा गया है। राजा, गणेश, गौरी, शंकर, गौरा, यशोदा, ममता, मंत्र, काली, रघु, भरत, आदि, छोटू, चंदू, बिल्लो सहित अन्य नामों से पुकारे जाने वाले गौवंश नाम सुनते ही दौड़ पड़ते हैं।



शहर के आई हॉस्पिटल चौराहे के नजदीक छांव के नीचे मौजूद गौवंश



कुत्ते के बच्चों का रेस्क्यू करतीं योशिता

# अंजा रिंगग्रेन लोवेन

## एक मानवतावादी महिला की कहानी

अंजा रिंगग्रेन लोवेन एक डेनिश मानवतावादी कार्यकर्ता हैं, जिन्हें नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चे' (व्हिच चिल्ड्रेन) के रूप में आरोपित बच्चों को बचाने और उनकी पुनर्वास के लिए जाना जाता है। वे लैंड ऑफ होप नामक चैरिटी संगठन की संस्थापक हैं, जो पहले 'दिन नॉधजेल्प' (एक डेनिश नाम है, जिसका शाब्दिक अर्थ है-आपकी आपातकालीन सहायता) के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 4 सितंबर, 1978 को डेनमार्क के फ्रेडरिकशावन शहर में हुआ था। अंजा ने न केवल हजारों बच्चों की जिंदगियां बचाई हैं, बल्कि अफ्रीकी समाज में अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे विश्व स्तर पर बदलाव ला सकती है।



**रूफिया खान**
शिक्षिका



- **प्रारंभिक जीवन और शिक्षा-** अंजा का बचपन डेनमार्क के एक छोटे से शहर में बीता, जहां वे अपनी मां, बड़ी बहन और जुड़वां बहन के साथ रहती थीं। उनके पिता शराबी थे और मां की असमय मृत्यु ने उनके जीवन को गहरा आघात पहुंचाया। इससे वे अवसाद, चिंता और एनोरेक्सिया जैसी समस्याओं से जूझीं। 1998 में उन्होंने फ्रेडरिकशावन जिम्नेजियम से शिक्षा पूरी की। उसके बाद वे मध्य पूर्व की यात्रा पर गईं और इजरायल के एक किबुट्ज में रहीं, जहां उन्होंने सामुदायिक जीवन का अनुभव प्राप्त किया। 2001 में उन्होंने मर्स्क एयर के साथ स्टूअर्डेस (हवाई जहाज में महिला केबिन क्रू) के रूप में प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपनी मां की टर्मिनल बीमारी के कारण नौकरी छोड़ दी। मां की मृत्यु के बाद वे खुदरा क्षेत्र में काम करने लगीं और आरहूस शहर में एक स्टोर मैनेजर बनीं। यह अवधि उनके जीवन की चुनौतियों से भरी थी, लेकिन इन्होंने ही उनकी मानवतावादी यात्रा की नींव रखी।
- **मानवतावादी कार्यों की शुरुआत-** अंजा का मानवतावादी सफर 2008 में तब शुरू हुआ, जब उन्होंने ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री 'व्हिच चिल्ड्रेन' देखी, जिसमें नाइजीरिया में जादू-टोने के आरोप में बच्चों पर होने वाले अत्याचारों को दिखाया गया था। इन बच्चों को परिवार और समाज द्वारा त्याग दिया जाता है, उन्हें यातनाएं दी जाती हैं या यहां तक कि जिंदा जला दिया जाता है। यह दृश्य अंजा के बचपन के सपने, अफ्रीका में काम करने के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा बना। 2009 में उन्होंने डेनिश नेशनल चर्च एड के लिए मलावी में तीन महीने का पर्यवेक्षक कार्य किया, जहां उन्होंने एक स्कूल के नवीनीकरण के लिए धन जुटाया। इसके बाद तंजानिया में एक स्कूल बनाने में मदद की। 2012 में, आरहूस में सेल्सपर्सन की नौकरी छोड़कर, उन्होंने डीआईएनएनोदहजेल्प की स्थापना की। अपनी सारी संपत्ति बेचकर उन्होंने नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चों' को बचाने का संकल्प लिया। 2013 में वे पूर्णकालिक रूप से इस कार्य में लग गईं।
- **लैंड ऑफ होप की स्थापना** - 2014 में अंजा ने नाइजीरियाई कानून छात्र डेविड इम्मानुएल उमेम के साथ मिलकर अफ्रीकन चिल्ड्रेंस एड एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन की सह-स्थापना की। उन्होंने अकवा इबोम राज्य में तीन एकड़ जमीन खरीदी और इंजीनियर्स विदाउट बॉर्डर्स की मदद से लैंड ऑफ होप चिल्ड्रेंस सेंटर का निर्माण किया। यह केंद्र पश्चिम अफ्रीका का सबसे बड़ा ऐसा केंद्र है, जिसमें 100 बच्चों के लिए आवास, अस्पताल, व्यावसायिक स्कूल और कृषि भूमि शामिल है। यहां बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलता है, शिक्षा दी जाती है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है और अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।

संगठन का उद्देश्य न केवल बचाव है, बल्कि बच्चों को उनके परिवारों में पुनर्स्थापित करना भी है। अंजा और उनकी टीम ने अब तक सैकड़ों बच्चों को बचाया है, जो पहले सड़कों पर भटकते या यातनाएं झेलते थे। वे स्थानीय समुदायों में शिक्षा के माध्यम से अंधविश्वासों को समाप्त करने पर काम करती हैं। केंद्र में रहने वाले 95 बच्चे अब स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और कई को उनके परिवारों में वापस लौटाया जा चुका है।

### प्रमुख उपलब्धियां

अंजा के कार्यों को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें सम्मिलित हैं-

- 2016- ओओओएम मैगजीन द्वारा 'दुनिया की सबसे प्रेरणादायक व्यक्ति'।
- 2016- नील्स एबेसन मेडल।
- 2017- पॉल हैरिस फेलोशिप और होप अवॉर्ड।
- 2017- डेन ऑफ द ईयर के लिए नामांकन।
- 2023- रेड क्रॉस ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड।

उन्हें दलाई लामा द्वारा 'हीरो' घोषित किया गया है। उनके कार्यों पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी हैं, जैसे हेल्वेडेस हेल्टे, अंजा ओग हेक्सेबोर्नेने और हेक्सेनकिंडर इन नाइजीरिया (जर्मनी, 2018)। अंजा डेनमार्क की सबसे मांग वाली वक्ताओं में से एक हैं, जहां वे अपनी कहानी, बलिदान और नाइजीरिया के अंधविश्वासों पर व्याख्यान देती हैं।

## जॉब का पहला दिन

# सपनों से हकीकत तक का पहला कदम





**अजय त्रिवेदी**
उप निदेशक युवा कल्याण

जीवन के कालखंड में कुछ तिथियां स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो जाती हैं। 25 मार्च 1995 का दिन मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अमायन शाखा, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) में अपनी पहली नौकरी की शुरुआत की और अपने करियर की पहली औपचारिक दहलीज लांघी। एक 22 वर्षीय युवा के लिए यह दिन उत्साह, गर्व और हल्की-सी बेचैनी का अनूठा संगम था। यह केवल नौकरी का पहला दिन नहीं, बल्कि मेरे सपनों, संघर्षों और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला ठोस कदम था।

सुबह का समय अलग ही उत्साह और घबराहट से भरा हुआ था। मन में अनेक प्रश्न उठ रहे थे- कैसा होगा नया कार्यस्थल, कैसे होंगे सहकर्मी, क्या मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभा पाऊंगा? इन सवालों के बीच एक आत्मविश्वास भी था, जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। प्रातः 10 बजे मैं अपने बड़े भाई अरविंद त्रिवेदी जी के साथ बैंक पहुंचा। उस समय मन में हजारों विचार उमड़ रहे थे। परिवार के संस्कार और बैंक की साख, दोनों का सम्मान मेरे कंधों पर था। मार्च का महीना बैंकिंग क्षेत्र में 'क्लोजिंग' का समय होता है, इसलिए वातावरण में विशेष व्यस्तता और ऊर्जा थी। जब मैंने शाखा प्रबंधक एस. सोनवणे जी को अपनी जॉइनिंग रिपोर्ट सौंपी, तो वह क्षण केवल पदभार ग्रहण करना नहीं था, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज सेवा का संकल्प भी था। शाखा का वातावरण अनुशासन और कार्यकुशलता से परिपूर्ण था। वरिष्ठ कर्मचारियों आजाद जी, एस.एस. कुशवाहा और आनंद पाल ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सरलता और सहयोगपूर्ण व्यवहार ने मेरी झिझक को काफी हद तक दूर कर दिया।

मुझे बैंक के विभिन्न कार्यों जमा-निकासी, खातों का संचालन और ग्राहकों से संवाद के बारे में बताया गया। लेजर, वाउचर और कैश ट्रांजैक्शन जैसी बैंकिंग प्रक्रियाओं से मेरा परिचय उसी दिन प्रारंभ हुआ। यह सब नया था, किंतु सीखने की ललक ने हर चुनौती को सरल बना दिया। अमायन जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बैंक केवल वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का केंद्र होता है। पहले ही दिन मुझे समझ आ गया कि यहां काम केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों का है। उस समय सारा कार्य हस्तलिखित रजिस्टरों में होता था। एक छोटी सी चूक भी बड़ा अंतर उत्पन्न कर सकती थी, इसलिए एकाग्रता अत्यंत आवश्यक थी। मुझे मुख्यतः निरीक्षण और समझने का कार्य सौंपा गया। मैंने ध्यानपूर्वक हर प्रक्रिया को देखा और समझने का प्रयास किया। दोपहर में सहकर्मियों के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत ने मुझे एक टीम का हिस्सा होने का एहसास कराया। उसी दिन यह भी समझ आया कि बैंक की नौकरी केवल 'दस से पांच' की ड्यूटी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

सहकर्मियों का सहयोग मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने धैर्यपूर्वक हर बात समझाई, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। दिन के अंत में जब सहकर्मी आनंद ने मुझे रहने और खाने की व्यवस्था में सहयोग का प्रस्ताव दिया, तो मन भावुक हो उठा। मुझे लगा कि मैंने अपने जीवन की एक नई यात्रा आरंभ कर दी है। इस दिन ने मुझे जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण का महत्व सिखाया।

बाद में, 13 मई 1996 को उत्तर प्रदेश पीसीएस में चयनित होने के बाद, लगभग चौदह महीने की सेवा के पश्चात मैंने बैंक की नौकरी छोड़ दी। किंतु बैंक में बिताया गया पहला दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है। उस दिन ने जो अनुभव और सीख दी, वह जीवन के हर पड़ाव पर मेरे साथ रही। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बिताया गया समय मेरे व्यक्तित्व के निर्माण की नींव बना और उसी दिन ने मुझे आगे बढ़ने का साहस दिया।

# सभ्यता की अमूल्य धरोहरों को संरक्षण की जरूरत



**सुनील कुमार महला**
लेखक

प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व विरासत दिवस, वर्ल्ड हेरिटेज डे तथा आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस (इंटरनेशनल डे फोर मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स) कहा जाता है। यह दिवस मानवता की साझा सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इन स्थलों का संरक्षण यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन, 1972 के अंतर्गत किया जाता है, जिसे यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता माना जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर के ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों, पुरातात्विक अवशेषों, प्राकृतिक संपदाओं तथा मानव सभ्यता से जुड़ी अमूल्य विरासतों के संरक्षण के प्रति जनचेतना उत्पन्न करना है। वास्तव में धरोहर केवल पत्थरों से बनी इमारतें नहीं हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा, कला, ज्ञान, संघर्ष, इतिहास और सामूहिक पहचान की जीवंत प्रतीक हैं।

वर्तमान में 10 चयन मानदंड निर्धारित हैं, जिनमें से कम से कम एक को पूरा करना आवश्यक है। इनमें ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक प्रभाव, प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता तथा वैज्ञानिक महत्व जैसे पहलू सम्मिलित हैं। विश्व धरोहर मुख्यतः तीन प्रकार की होती है- पहली, सांस्कृतिक धरोहर, जिसमें स्मारक, मंदिर, मस्जिद, चर्च, किले, मूर्तियां, प्राचीन नगर, स्थापत्य कला, भाषा, संगीत, नृत्य और परंपराएं शामिल हैं। दूसरी, प्राकृतिक धरोहर, जिसमें पर्वत, नदियां, समुद्र, वन, वन्यजीव, जैव विविधता और अद्वितीय प्राकृतिक परिदृश्य आते हैं तथा तीसरी, मिश्रित धरोहर, जिनमें सांस्कृतिक और प्राकृतिक दोनों विशेषताएं विद्यमान होती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूनेस्को केवल स्थायी संरचनाओं या प्राकृतिक स्थलों को ही नहीं, बल्कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी मान्यता देता है। भारत की योग परंपरा और कुंभ मेला इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

विश्व स्तर पर सबसे अधिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों वाला देश इटली है, जिसके बाद चीन का स्थान आता है। भारत भी विश्व धरोहर स्थलों की दृष्टि से अग्रणी देशों में सम्मिलित है। यूनेस्को एक विशेष सूची 'वर्ल्ड हेरिटेज इन डेंजर' भी संचालित करता है, जिसमें उन स्थलों को शामिल किया जाता है, जो युद्ध, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा, अतिक्रमण, अत्यधिक पर्यटन, जलवायु परिवर्तन या उपेक्षा के कारण संकट में हों। यदि कोई स्थल संरक्षण मानकों का पालन न करे या उसका मूल स्वरूप गंभीर रूप से बदल जाए, तो उसे सूची से हटाया भी जा सकता है। उदाहरणस्वरूप ओमान का अरेबियन ओरिक्स अभयारण्य तथा जर्मनी की ड्रेसडेन एल्बे घाटी को सूची से हटाया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 तक विश्वभर के 196 देशों में लगभग 1,223 विश्व धरोहर स्थल थे, जिनमें 952 सांस्कृतिक, 231 प्राकृतिक और 40 मिश्रित स्थल शामिल हैं। भारत जैसे प्राचीन और बहुसांस्कृतिक देश में इस दिवस का विशेष महत्व है। अप्रैल 2025 तक भारत में 43 विश्व धरोहर स्थल (34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 2 मिश्रित) तथा 62 स्थल संभावित सूची में सम्मिलित थे। भारत के प्रमुख धरोहर स्थलों में ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, अजंता-एलोरा गुफाएं, एलीफेंटा गुफाएं, खजुराहो समूह, सांची स्तूप, महाबोधि मंदिर, हम्पी, महाबलीपुरम, जंतर-मंतर, कुतुब मीनार, लाल किला, कोणार्क सूर्य मंदिर, नालंदा, भीमबेटका, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट तथा कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं।





विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष एक विशेष थीम घोषित की जाती है। वर्ष 2026 की थीम है-'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवित विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया' रखी गई है। इसका आशय यह है कि युद्ध, संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं के समय केवल भवनों और स्मारकों की ही नहीं, बल्कि जीवित विरासतों-जैसे लोक परंपराएं, सामाजिक ज्ञान, सांस्कृतिक पहचान और समुदाय आधारित परंपराएं की भी त्वरित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विश्व धरोहर दिवस केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता की साझा विरासत को सुरक्षित रखने का वैश्विक संकल्प है। यदि हम अपनी धरोहरों की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास, संस्कृति और पहचान से वंचित हो जाएंगी। अतः विकास के साथ-साथ विरासतों के संरक्षण, संवर्द्धन और सम्मान के लिए हमें दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए।

## बिजनेस ब्रीफ

### नेटफ्लिक्स के निदेशक मंडल से हटेंगे चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स

**न्यूयॉर्क।** ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य किया।

### पूर्वोत्तर में विस्तार करेगी फिनोलेक्स केबल्स

**गुवाहाटी।** बिजली और संचार केबल बनाने वाली कंपनी फिनोलेक्स केबल्स लि. पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम सरकार के बुनियादी ढांचे और विद्युतीकरण पर दिए जा रहे जोर को देखते हुए उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बाजार विस्तार दीर्घकालिक होगा और पूर्वोत्तर में बेहतर पहुंच कंपनी को क्षेत्र के अधिक हिस्सों में विस्तार करने में मदद कर रही है। कंपनी की कुल आय में पूर्वी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 15 प्रतिशत है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों का योगदान क्षेत्रीय बिक्री में लगभग 17 प्रतिशत है।

### ओम पावर के शेयर में 6% से अधिक की उछाल

**नई दिल्ली।** विद्युत अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयर अपने 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले एनएसई पर 186 रुपये पर खुला, जो करीब छह प्रतिशत अधिक की उछाल को दर्शाता है। बीएसई पर इसने 181.10 रुपये पर कारोबार करना शुरू किया और बाद में बढ़कर 190.15 रुपये तक पहुंच गया।

### एनपीएसपीएल करेगी आंध्र में 2,550 करोड़ निवेश

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने चित्तूर जिले में कैथोड सामग्री विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एनपीएसपीएल स्पेशलिटी केमिकल्स की 2,550 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत सामग्री परिवेश को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। गुडुपल्ले मंडल में 105 एकड़ में विकसित होने वाला यह संयंत्र लिथियम आयन बैटरी में उपयोग किए जाने वाले एक प्रमुख उपकरणों का उत्पादन करेगा, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को शक्ति देता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 504.86 अंक उछलकर 78,493.54 पर और निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही।




- इजराइल-लेबनान में 10 दिन के युद्धविराम से निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 2.57 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.19 प्रतिशत, बिजली खंड में 1.95 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही।

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन

### गिरावट वाले शेयर

सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक

### एक्सपर्ट्स की राय

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार पश्चिम एशिया संकट के समाधान की बढ़ती उम्मीद और एफआईआई के फिर से लिवाल बन जाने से बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,043 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,284 शेयरों में गिरावट रही और 166 अन्य अपरिवर्तित रहे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 382.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.07 प्रतिशत गिरकर 96.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिससे बाजार धारणा को समर्थन मिला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे।

अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 122.56 अंक गिरकर 77,988.68 अंक और निफ्टी 34.55 अंक फिसलकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ था।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी।



केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की तेजी या गिरावट के प्रभाव को भी शामिल किया जाता है।

### चांदी 5,700 रुपये लुढ़की- सोना 1,600 रुपये टूटा



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 % टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा।

## सीएम युवा स्वरोजगार योजना

# इटावा के बिलाल बने सफल उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- 10 लाख रुपये के ऋण से खड़ा किया प्रिंटिंग प्रेस, अब हर महीने 50-60 हजार कमाई
- पांच लोगों को दिया रोजगार, योगी सरकार की योजनाएं बना रहीं युवाओं को आत्मनिर्भर

**अमृत विचारः** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाएं अब जमीन पर असर दिखाने लगी हैं। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' का लाभ लेकर इटावा के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने न सिर्फ खुद का कारोबार खड़ा किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

बिलाल हसन ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण लिया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्लेक्स का व्यवसाय शुरू किया। सरकारी सहायता और मार्गदर्शन से उन्होंने अपने कारोबार को सफलतापूर्वक स्थापित किया और अब इसे लगातार विस्तार दे रहे हैं। आज बिलाल हर महीने करीब 50 से 60 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने अपने उद्यम के जरिए 5 अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। प्रदेश में संचालित 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है।

योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही परियोजना लागत के अनुसार अनुदान भी दिया जाता है, जिससे युवाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना आसान हो जाता है। सरकार की इस पहल से प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योग तेजी से स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

### कंपनी कानून के तहत विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया तर्कसंगत बनाएगी सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करने के बाद कंपनी कानून के तहत फॉर्म को एकीकृत करने सहित विवरण दाखिल करने की रूपरेखा को युक्तिसंगत बनाने की योजना बना रहा है। इसमें दस्तावेजों के एकीकरण सहित अन्य सुधारों पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह पहल हितधारकों से सुझाव लेने के बाद शुरू की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान के माध्यम से विभिन्न शहरों में संबंधित पक्षों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसका उद्देश्य कॉरपोरेट अनुपालन ढांचे में सुधार करना है। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में विवरण जमा करने की प्रक्रिया सरल बनाना, विभिन्न फॉर्म का एकीकरण, डेटा आधारित प्रणाली की ओर बढ़ना, सीधे प्रसंस्करण प्रणाली (एसटीपी) का विस्तार करना और एमसीए21 संस्करण 3 के तहत ऐसे उपयोगकर्ता संपर्क माध्यम को अपनाना है जिसमें जानकारी पहले से भरी हो और उपयोगकर्ता आसानी से संवाद के माध्यम से विवरण भर सके।




# UPI से गलत खाते में गया पैसा, आएगा वापस

**कारोबार डेस्क**

आज के डिजिटल युग में UPI ने जीवन को बहुत आसान बना दिया है। बैंक आपकी जेब और खाता उंगलियों में है, लेकिन यही सुविधा कभी-कभी बड़ी परेशानी तब बन जाती है, जब आपका पैसा गलती से किसी अनजान अकाउंट में चला जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल क्या UPI से गलत भेजा गया पैसा वापस मिल सकता है या सदा के लिए गया? हां! पैसा वापस आ सकता है लेकिन सही समय पर सही कदम उठा लिए जाएं तो...




### 5 बिन्दुओं में समझें

- UPI में Undo ऑप्शन नहीं होता
- इसलिए तुरंत एक्शन लेना ज़रूरी
- बैंक और NPCI दोनों को शिकायत करें।
- ऐसे मामलों में 24 घंटे अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।
- जरूरत पड़े तो RBI और बैंकिंग लोकपाल तक जाएं

### पैसा तुरंत वापस क्यों नहीं आता

- UPI एक सहमति आधारित सिस्टम है अर्थात आपने स्वयं ही पिन डालकर या बायोमेट्रिक से ट्रांजेक्शन को एप्रूव किया है।
- इसलिए बैंक खुद से पैसा वापस नहीं ले सकता, लेकिन कानूनी और सिस्टम प्रोसेस से आपको पैसा वापस मिल सकता है।
- यह 3 बातों पर निर्भर करेगा। 1. आपने कितनी जल्दी शिकायत की। 2. बैंक और सिस्टम की तत्परता। 3. सामने वाले का रवैया कैसा है।

### आसानी से समझें

- **Step 1: गोल्डन मिनट में क्या करें?**
  -जैसे ही गलती पता चले, तुरंत सामने वाले को कॉल/मैसेज करें। यूपीआई में ऐप में नाम वेरिफाई करें। कई मामलों में सामने वाला पैसा खुद वापस कर देता है।
- **Step 2: सबूत तैयार करें, तुरंत ये करें-**
  -ट्रांजेक्शन स्क्रीनशॉट लें
  -ट्रांजेक्शन आईडी नोट करें।
  -तारीख और समय को नोट कर लें।
  **यही आपका सबसे बड़ा सबूत है**
- **Step 3 : बैंक को तुरंत सूचना दें**
  -अपने बैंक को तुरंत अलर्ट करें। कस्टमर केयर पर कॉल करें या ब्रांच विज़िट करें। बैंक ट्रांजेक्शन ट्रेस करेगा। फिर दूसरे बैंक को रिक्वेस्ट भेजेगा। ध्यान रखें कि ये हमारी ज़िम्मेदारी नहीं कहें तो भी फॉलो करें।
- **Step 4: NPCI पर शिकायत करें**
  -NPCI वेबसाइट खोलें। UPI कंप्लेंट सेक्शन में जाएं। गलत ट्रांसफर ऑप्शन चुनें। इसके बाद डिटेल्स भरें। इसका फायदा ये है कि मामला सीधे सिस्टम में एस्केलेट हो जाता है।

### क्या होगा

- बैंक पर दबाव बनेगा। इससे समाधान जल्दी मिलेगा।
- ये पूरी प्रक्रिया फ्री होती है


**ध्यान रखें-** UPI इर्रिवर्सिबल होता है। पिन डालने पर ट्रांजेक्शन पूरा होता है। बैंक ऑटो रिवर्स नहीं कर सकता, लेकिन लीगल रिकवरी संभव है। रिपोर्टिंग में देरी से मुश्किल हो सकती है। नियम सख्त हैं। तुरंत एक्शन लें।

### और क्या करें

- हमेशा पेमेंट से पहले नाम चेक करें।
- बड़ी रकम भेजने से पहले एक टेस्ट करें।
- UPI हिस्ट्री रेगुलर चेक करें।
- बैंक हेल्पलाइन नम्बर सेव रखें।
- अगर 30 दिन में समाधान नहीं मिला तो RBI Ombudsman यानी रिजर्व बैंक लोकपाल में शिकायत करें।

### काम की बात

- UPI ने जीवन को आसान बनाया है लेकिन जिम्मेदारी भी बढ़ाई है। छोटी सी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है। सही समय पर सही कदम उठाएं और पैसा वापस पायें। बेहतर होगा कि ट्रांजेक्शन सतर्क रहकर करें और पैसा भेजने से पहले दो बार चेक करलें कि प्राप्तकर्ता सही है या नहीं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# टीएमसी प्रत्याशी और दो अन्य नेताओं के ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

**कोलकाता, एजेंसी।**

आयकर विभाग ने रासबिहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के आवास और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उम्मीदवारी के प्रस्तावक मिराज शाह के आवास समेत शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया।

तृणमूल ने आरोप लगाया कि 23 और 29 अप्रैल को मतदान से कुछ दिन पहले की गई छापेमारी का मकसद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को परेशान करना और डराना था। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिकारियों के विभिन्न समूहों ने सुबह करीब छह बजे कुमार के आवास, चुनाव कार्यालय और उनसे जुड़ी कई अन्य संपत्तियों पर तलाशी शुरू की और छापेमारी जारी है। एक साथ तलाशी अभियान के तहत, दक्षिण कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित मिराज शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई।




शाह का संबंध एक स्थानीय शिक्षण संस्थान से बताया जाता है और वह विभिन्न धर्मों के उन चार व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने चुनाव नामांकन में तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का नाम प्रस्तावित किया था। लगभग उसी समय आयकर विभाग ने देबाशीष कुमार के करीबी सहयोगी और तृणमूल नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर भी छापा मारा था।

अधिकारी ने बताया कि ये छापे विधानसभा चुनावों से पहले शहर भर के कई स्थानों पर बिना हिसाब-किताब वाले, बिना ऑडिट किए गए धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान का हिस्सा थे। कुमार को कथित भूमि धोखाधड़ी मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल में कई बार तलब किया था। उन्हें एक, तीन और नौ अप्रैल को सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे।

### बंगाल : कई प्रत्याशियों की संपत्ति 5 साल में कई गुना बढ़ी, शुभेंदु की घटी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की जंगीपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जाकिर हुसैन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में 67 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की घोषणा की थी और अब पांच साल बाद, 2026 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने 133 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का उल्लेख किया है। पांच सालों में हुसैन की संपत्ति लगभग दोगुना बढ़ी है। संपत्ति में इजाफे के मामले में वह अकेले नहीं है। भाजपा के पुरुलिया विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, जो इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, की संपत्ति 2021 के 45 लाख रुपये से बढ़कर 2026 में 11 करोड़ रुपये पहुंच गई है, यानी संपत्ति में 2,344 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज से दोबारा चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के कृष्ण कल्याणी की संपत्ति लगभग 5.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सबांग से तृणमूल उम्मीदवार मानस रंजन भुनिया ने 2021 के मुकाबले दोगुनी 15 करोड़ रुपये होने का उल्लेख किया है। इसके विपरीत, निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चल संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। नंदीग्राम सीट और भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे भाजपा नेता के 2026 के चुनाव शपथपत्र से पता चलता है कि उनकी आय 2020-21 में लगभग 8.13 लाख से बढ़कर 2024-25 में 17.38 लाख रुपये हो गई है। हालांकि, शुभेंदु ने अपनी चल संपत्ति लगभग 24.57 लाख रुपये घोषित की है, जो 2021 में दर्ज किए गए 59.31 लाख रुपये से कम है।

# देश को टुकड़ों में बांट देगा भाजपा का परिसीमन विधेयक : ममता बनर्जी

**कूच बिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार संसद में महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन का इस्तेमाल परिसीमन विधेयक के लिए आवरण के रूप में कर रही है, जो देश को टुकड़ों में बांट देगा।

उन्होंने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस इस कदम का हर स्तर पर विरोध करेगी। लोकसभा में बृहस्पतिवार को संविधान का 131वां संशोधन विधेयक पेश किया गया जिसका उद्देश्य महिला आरक्षण कानून में संशोधन के साथ-साथ परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक में बदलाव करना है। इन विधेयकों के जरिए दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर में संशोधित महिला आरक्षण कानून को लागू करने का प्रस्ताव है। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया के बाद 2029 के आम चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को कार्यान्वित करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या मौजूदा 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 की जाएंगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर विधेयक पेश करने को लेकर विधि विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया।



रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकार करती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

### ममता ने दुर्गापुर में किया रोडशो

**दुर्गापुर (बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले यहां दुर्गापुर में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया। बनर्जी ने स्टील मार्केट से लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं। इस दौरान दुर्गापुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों के टीएमसी उम्मीदवार उनके साथ थे। पार्टी समर्थकों ने दीदी-दीदी और जय बांग्ला के नारों के बीच फूल बरसाकर बनर्जी का अभिवादन किया।

### चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में घटाए मतगणना केंद्र

**कोलकाता, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मतगणना केंद्रों की संख्या कम कर दी है और सभी 294 निर्वाचन क्षेत्रों के वोटों की गिनती 87 केंद्रों पर की जाएगी। चुनाव आयोग ने आयोग ने मतगणना स्थलों की विस्तृत जिलावार सूची उनके पतों सहित जारी की है। वर्ष 2016 के विधानसभा चुनावों में 90 केंद्रों पर मतगणना की गई थी, जिसे 2021 में बढ़ाकर 108 कर दिया गया था। 2026 में यह संख्या काफी कम हो गई है। राज्य के उत्तर 24 परगना में सबसे अधिक 33 विधानसभा क्षेत्र हैं जिसमें मतगणना आठ केंद्रों पर होगी।

### स्टालिन हर छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं: भाजपा नेता नागेंद्रन

**इरोड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर केंद्र सरकार की हर पहल और नीति के प्रति विरोध का रुख अपनाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हर छोटी-छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। इन पांच वर्षों में उन्होंने जनता के लिए कोई योजना नहीं बनाई, सिर्फ अपने परिवार के आराम का ख्याल रखा। वह बस यही कहते आ रहे हैं कि हमारे और दिल्ली के बीच प्रतिस्पर्धा है। नागेंद्रन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से पहले इरोड में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी 18 अप्रैल को कोयंबटूर में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि शाह 19 अप्रैल को मोदक्कुरिची निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो निकालेंगे।



रोड शो के दौरान अन्नाद्रमुक के पलानीस्वामी।

### जीतकर नशामुक्त करेंगे तमिलनाडु : पलानीस्वामी

**सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर तमिलनाडु को नशामुक्त बनाया जाएगा। संगागिरि में चुनाव प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने कहा कि छात्र नशे के आदी हो चुके हैं और अब इस बुराई को खत्म करने का समय आ गया है। अन्नाद्रमुक के सत्ता में आते ही गांजे की बिक्री पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। हम तमिलनाडु को नशामुक्त राज्य में बदल देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और महिलाओं और आम जनता के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा कि हालात इतने भयावह हो गए हैं कि दो साल के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं और वे यौन हिंसा और हत्या का शिकार हो रहे हैं। अगर तमिलनाडु में महिलाओं को सुरक्षित रखना है तो अन्नाद्रमुक को सत्ता में लाना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी भी मौजूदा सरकार में सुरक्षित नहीं हैं।

पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले छह महीनों में ही छह पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई है। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि नशाखोरों द्वारा हत्या, लूटपाट और यौन हिंसा की घटनाएं हर दिन होती हैं। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने कहा कि 525 चुनावी वादे करने के बावजूद द्रमुक उनमें से एक चौथाई भी पूरे नहीं कर पाई है।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए पाकिस्तान में शुरू हुई तैयारियां

## देर शाम सक्रिय हुए अधिकारी, इस्लामाबाद-रावलपिंडी में अर्द्धसैनिक बलों के हजारों जवान तैनात

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक नौवहन के लिए खोलने के फैसले के एलान से पहले पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बृहस्पतिवार शाम से सुरक्षा अधिकारी अचानक सक्रिय हो गए। इस्लामाबाद के अधिकारियों के अनुसार, इस्लामाबाद के साथ पड़ोस के शहर रावलपिंडी में भी दूसरे प्रांतों से हजारों पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती का सिलसिला शुरू हो गया है।

पाकिस्तान में आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों पक्षों को फिर से वार्ता की मेज पर लाने के लिए तेज कूटनीतिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेताओं की वार्ता के परिणाम पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन बृहस्पतिवार शाम से अचानक तैयारियां शुरू कर दी गईं। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में सुरक्षाकर्मियों की तैयारियों को इसी नजरिए से देखा जा रहा है। आमतौर पर इस्लामाबाद प्रशासन बड़े सुरक्षा इंतजामों के समय प्रांतों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मांगता है। पहले दौर की वार्ता के दौरान इस्लामाबाद में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

अमेरिका और ईरान ने सप्ताहांत में पाकिस्तान में ईरान में संघर्ष समाप्ति के लिए प्रत्यक्ष वार्ता की थी, लेकिन यह 21 घंटे चली यह बातचीत बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई थी। दोनों देशों की ओर से दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम का पालन जारी रखने से पाकिस्तान को मध्यस्थता फिर से शुरू करने का अवसर मिला।

सुलह कराने के गुप्त प्रयासों के तहत ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जबकि उसी दिन फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे। प्रधानमंत्री शरीफ सऊदी अरब और कतर के नेताओं से चर्चा के बाद बृहस्पतिवार रात तुर्किये पहुंचे, जबकि फील्ड मार्शल ने ईरान में 24 घंटे से अधिक समय बिताकर वहां के राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों की भरपूर सराहना की है और उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तथा फील्ड मार्शल मुनीर की बार-बार प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद सक्षम बताया है।



बेरूत में इजराइली हमले से क्षतिग्रस्त हुई इमारत और वाहनों को देखता एक लेबनानी नागरिक।

### परिवहन कंपनियों को संदेश, यातायात प्रतिबंधों के लिए तैयार रहें, स्कूल और बाजार भी बंद करने की तैयारी

इस्लामाबाद और रावलपिंडी जिलों के अधिकारियों ने परिवहन कंपनियों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अन्य शहरों से आने वाले या दोनों शहरों से जाने वाले यातायात को भारी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, लागू होने के बाद ये प्रतिबंध अगले सप्ताह के अंत तक जारी रह सकते हैं। संदेश में नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे अगले सप्ताह अनावश्यक यात्रा से बचें या पहले से ही अच्छी तरह योजना बना लें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क यातायात कम करने के लिए दोनों शहरों में शैक्षणिक संस्थान बंद किए जा सकते हैं और हवाईअड्डे के आसपास के बाजार भी बंद हो सकते हैं।

## इजराइल ने लेबनान में फंसाया पेच, कहा- 10 दिन का युद्धविराम अस्थायी

**तेल अवीव।** ईरान और अमेरिकी की शांति वार्ता की पहल के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हिजबुल्ला के साथ शुक्रवार से शुरू हुए 10 दिवसीय युद्ध विराम को अस्थायी करार दिया है। काट्ज ने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान में अपने कब्जे वाले किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगी और वहां अपने शेष उद्देश्यों को भी पूरा करेगी। काट्ज ने एक बयान में कहा, आईडीएफ ने जिन क्षेत्रों को साफ किया है और जिन पर कब्जा किया है, वे उसके नियंत्रण में रहेंगे। लेबनान में जमीनी सैन्य कार्रवाई और पूरे लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ किए गए हमलों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन वे अभी पूरी नहीं हुई हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा, हम हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध के बीच लेबनान के अंदर हैं, जहां वर्तमान में 10 दिनों का अस्थायी संघर्ष विराम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य या कूटनीतिक माध्यमों से हिजबुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार है और इजराइल इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। काट्ज ने स्वीकार किया कि ट्रंप की सीधी भागीदारी और लेबनान सरकार पर दबाव के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक अवसर बना है। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक बनाए गए नए सुरक्षा क्षेत्र में अभी कई सशस्त्र आतंकवादी मौजूद हैं। लेबनान और इजराइल इस मुद्दे को कूटनीतिक रूप से सुलझाने का प्रयास करेंगे, अन्यथा सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू की जाएगी।

- **कब्जाए क्षेत्र नहीं छोड़ेगी सेना, हिज्बुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार**

## कर्नाटक : सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**यादगिर, एजेंसी**

- **बस से टकराकर कार में लगी आग, मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे**

कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों से बात करने के बाद पुलिस ने बताया कि आशंका है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद वह बेकाबू होकर निजी बस से जा टकराई।



दुर्घटना के बाद बस-कार से उठतीं आग की लपटें।

### टक्कर के बाद कार में लगी आग

बस से टक्कर के बाद कार में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार में पांच बच्चों समेत 10 लोग सवार थे। दो बच्चों समेत चार लोग मौके पर जिंदा जल गए। उन्होंने कहा कि इन सभी को यादगिर चिकित्सा विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां इनमें से नौ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक मात्र जिंदा बचे विराट का इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में बढ़ी महंगाई पर उठे सवाल तो ट्रंप ने आंकड़ों को बताया फर्जी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर घिरने लगे हैं। लास वेगास में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपना का बचाव किया, साथ ही इस महंगाई को फर्जी बताया।



अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो चार वर्षों में सबसे बड़ा उछाल है। ट्रंप ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर सवाल उठाते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थायी वृद्धि का परिणाम बताया और फर्जी महंगाई करार दिया। आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। अब मध्यावधि चुनावों में भी जीवनयापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: भारतीय डॉक्टरों के आईवीएफ शिविर पर रोक

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने दो भारतीय चिकित्सकों को काठमांडू के एक होटल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) परामर्श शिविर आयोजित करने से रोक दिया है। नियामक निकाय 'नेपाल मेडिकल काउंसिल' (एनएमसी) ने बृहस्पतिवार को यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पाया गया कि दोनों चिकित्सकों ने चिकित्सा शिविर के लिए उससे कोई अनुमति नहीं ली है। एनएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. सतीश कुमार देव ने से कहा, हमने भारतीय चिकित्सकों को हमारी अनुमति के बिना स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से रोकने के लिए जिला प्रशासन कार्यालय से भी सहायता मांगी थी। विदेशी चिकित्सकों को नेपाल में किसी भी स्वास्थ्य शिविर या सेवा का संचालन से पहले अपनी डिग्री परिषद में पंजीकृत करानी होती है और सेवा के लिए अनुमोदन लेना होता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में गैस पाइपलाइन में विस्फोट, आठ मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान में आपातकालीन सेवा मुहैया कराने वाले 'रेस्क्यू 1122' के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना हरिपुर जिले के हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हुई। यह विस्फोट ग्रैंड ट्रंक रोड के पास एक कारखाने के निकट हुआ, जहां गैस पाइपलाइन में हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। निकट स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। हरिपुर के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग के तेजी से फैलने के बीच चार महिलाओं और छह बच्चों को बचा लिया गया है। कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और बचाव कार्य जारी है।

### संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनाने पर ट्रंप ने दी बधाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाए जाने पर तरनजीत संधू को बधाई! एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत के रूप में उन्होंने अमेरिका एवं भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति हमेशा गहरी प्रतिबद्धता दिखाई। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत रहे। ट्रंप ने कहा, दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। संधू को पांच मार्च को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) से सेवानिवृत्त होने के बाद संधू 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने उन्हें अमृतसर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे।

## कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता योगेश गौड़ा की हत्या मामले में कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए 16 अन्य लोगों के लिए भी आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है।

सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने बुधवार को आपराधिक साजिश और हत्या सहित आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कुलकर्णी और अन्य को दोषी ठहराया था। सीबीआई ने 16 अप्रैल को कुलकर्णी के लिए बिना किसी छूट के आजीवन कारावास की मांग की, वहीं विधायक के वकील ने उनकी सामाजिक सेवाओं, राजनीतिक पृष्ठभूमि और बच्चों तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा का अनुरोध किया।

भाजपा नेता और धारवाड़ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य योगेश गौड़ा की 15 जून 2016 को धारवाड़ में हत्या कर दी गई थी। कुलकर्णी उस समय मंत्री थे।



- **भाजपा नेता की हत्या में दोषी करार 16 अन्य आरोपी भी काटेंगे उम्रकैद**

भाड़े के हमलावरों ने धारवाड़ के सप्तपुर स्थित जिम में गौड़ा पर हमला किया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। गौड़ा के परिवार और अन्य लोगों की मांगों के बाद, तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2019 में इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था।

सीबीआई ने 2020 में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें कुलकर्णी को मुख्य षड्यंत्रकर्ता बताया गया। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी धारवाड़ में गौड़ा को अपना राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानते थे और भाजपा नेता को खत्म करने के लिए उन्होंने भाड़े के हमलावरों का सहारा लिया था। सजा सुनाए जाने के बाद कुलकर्णी को विधायक पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का अनुमान है।

## असम के चिरांग में वन विभाग के कार्यालय पर भीड़ का हमला, वाहनों में आग लगाई

**कोकराझार/गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के चिरांग जिले में वन विभाग के अधिकारियों ने आरक्षित वन भूमि पर कब्जे के आरोप में कई लोगों को हिरासत में ले लिया और महिलाओं के साथ मारपीट की। इसके बाद शुक्रवार को उग्र भीड़ ने रनिखाता रेंज कार्यालय पर हमला कर दिया। भूटान सीमा के पास इस कार्यालय में भीड़ ने तोड़फोड़ कर कई सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

भीड़ के हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए। पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के बाद स्थिति काबू में आई। सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसमें कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए। वन विभाग के कार्यालय से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने की भी बात कही जा रही है लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने के बजाय जांच करने की बात कही है।

भीड़ ने कार्यालय के साथ आवासीय परिसर में भी तोड़फोड़ की। अधिकारियों के मुताबिक, यह तनाव बृहस्पतिवार को उस समय शुरू हुआ जब वनकर्मियों ने सिखना ज्व्हवलाओ राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले रिपु चिरांग आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटाई और जमीन साफ करने के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वनकर्मियों ने एक दिन पहले कई महिलाओं से भी मारपीट की।

### जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर महिलाओं से मारपीट पर भड़के लोग, हथियार भी लूटे



चिरांग में वन विभाग कार्यालय में आग लाने के बाद तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी।

## श्रीलंका प. एशिया संघर्ष से सर्वाधिक प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका पश्चिम एशिया संकट के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से प्रकाशित यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें इस बात का प्रारंभिक आकलन किया गया है कि जारी संघर्ष वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और वित्तीय तंत्र को किस तरह अस्थिर कर रहा है।

## सीजेआई ने नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को दी चेतावनी- एआई से न कराएं कानूनी कार्य

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को विधि पेशे के नैतिक दायित्वों पर जोर देते हुए नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) को एआई या अन्य बाहरी पक्षों को कानूनी कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी।

संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए गए नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को शीर्ष अदालत में किसी पक्ष की ओर से पैरवी करने का अधिकार है जिन्हें एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट वकीलों को एओआर के रूप में नामित करने से पहले उनकी परीक्षा आयोजित करता है।



- **प्रवेशन समारोह को किया संबोधित**

सीजेआई ने नए एओआर को उनके प्रवेशन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल बार के सदस्य हैं बल्कि न्यायालय के औपचारिक अधिकारी भी हैं, जिन पर न्यायपालिका उनकी कर्मठता के लिए बहुत अधिक निर्भर करती है और उन पर जताया गया भरोसा वह आधारशिला है जिस पर उन्हें अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एओआर से सभी कानूनी कार्य व्यक्तिगत रूप से करने का आग्रह करते हुए एआई या अन्य बाहरी तृतीय पक्षों को संबंधित कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ चेतावनी दी।

## चुनावी गर्मी के बीच भीषण लू की चपेट में आया तमिलनाडु

**चेन्नई, एजेंसी**

ऐसे में जबकि तमिलनाडु में पहले चरण का विधानसभा चुनाव नजदीक है, गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ने से राज्य के कई हिस्से भीषण लू की चपेट में आ गए हैं। कई इलाकों में पारा 106 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि पश्चिमी घाट, दक्षिणी तटीय क्षेत्रों और डेल्टाई जिलों में 23 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है, जबकि बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले दो हफ्तों के दौरान तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दस जिलों में तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट के पार रहा, जबकि करूर परमथी में इस मौसम का सबसे अधिक 106.2 डिग्री फारेनहाइट तापमान दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में पारा दो से चार डिग्री तक और बढ़ने की संभावना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में पानी, फलों का रस, नारियल पानी और छाछ पीने तथा दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच यात्रा से बचने का सुझाव दिया है।



- **राज्य के 10 जिलों में 100 डिग्री फॉरेनहाइट के पार पहुंचा तापमान, अगले सप्ताह और बढ़ेगी गर्मी**

## इंडोनेशिया में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम कालीमंतन प्रांत के मेलावी जिले से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के पांच मिनट बाद पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा के स्वामित्व वाले एयरबस एच130 से संपर्क टूट गया। वह कुबु राया जिले में स्थित ताड़ के तेल के एक बागान की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय के अनुसार, खोजकर्ताओं ने सेकाडाऊ जिले के घने जंगलों में मलबे का पता लगाया है।

**रक्षा तैयारी** शीर्ष सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में दिया गया जोर, मानव रहित हवाई प्रणालियों को बताया गया सबसे जरूरी

## दुनिया में चल रहे सैन्य संघर्षों का सबक, आत्मनिर्भर हो सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक वक्तव्य में कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। भविष्य के लिए तैयार बल बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को "नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता" का वर्ष घोषित किया है। सम्मेलन में आधुनिकीकरण, युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेशन, सिद्धांत और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के साथ-साथ नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि परिचालन तत्परता को बढ़ाया जा सके और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके।



### बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य का दिया हवाला

विशिष्ट वक्ताओं ने बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और उभरती वैश्विक, क्षेत्रीय तथा आंतरिक सुरक्षा गतिशीलताओं पर प्रकाश डाला। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त अनुभवों के संदर्भ में, वक्ताओं ने भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की सुनिश्चित रक्षा के लिए सशक्त शक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल तथा जटिल सुरक्षा चुनौतियों के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के लिए संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण पर बल दिया।

ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त अनुभवों के आधार पर तथा वर्तमान वैश्विक परिचालन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और उनके प्रतिरोधी प्रणालियों के उपयोग सहित परिचालन क्षमता आवश्यकताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। चर्चाओं के दौरान मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में गलती करने से बचना जरूरी है।

**वृष** — आज थोड़ा शांत रहकर काम करने की जरूरत है। किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। खर्च बढ़ सकता है, बजट पर ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज नए मौके पाने का दिन है। दोस्तों या संपर्कों से फायदा मिल सकता है। कोई नई योजना शुरू करने का मौका मिलेगा।

**कर्क** — आज मेहनत का फल जरूर मिलेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। परिवार का सहयोग संतुलन बनाए रखेगा।

**सिंह** — आज भाग्य आपका साथ देगा। कुछ नया करने का मन करेगा। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और लोग आपकी बात मानेंगे।

**कन्या** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। अचानक कोई स्थिति बदल सकती है। किसी भी निर्णय में जल्दबाजी से बचें।

**तुला** — आज संबंधों के मामले में सुधार देखने को मिलेगा। नए सहयोग या साझेदारी के मौके मिल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभ देंगे।

**वृश्चिक** — आज काम का बोझ बढ़ सकता है। दिनभर भागदौड़ रहेगी। मेहनत का परिणाम धीरे-धीरे आपके पक्ष में आएगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है।


**मकर** — आज परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कोई जरूरी फैसला लेना पड़ सकता है। कामकाज सामान्य रहेगा।

**कुंभ** — आज संपर्क से लाभ मिलने का दिन है। छोटी यात्राएं या मीटिंग्स सफल रहेंगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** — आज धन से जुड़े मामलों पर ध्यान देना जरूरी है। आय और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। सोच-समझकर फैसले लें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 18 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 14.10 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्विनी 09.42 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

### सुडोकू -123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |



"पैट कमिंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के साथ घरेलू मैच से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे है। लेकिन वह जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के साथ होने वाले मैच के लिए 25 अप्रैल से ही उपलब्ध होंगे।
–डेनियल विटोरी, मुख्य कोच, हैदराबाद



## IPL 2026

### आज के मुकाबले

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद बनाम चेन्नई सुपर किंग्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- विराट कोहली बेंगलुरु-228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु-222 रन

### पर्पल कैप

- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 11 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 9 विकेट



# टाइटंस ने केकेआर को 180 रनों पर समेटा, ग्रीन ने खेली आकर्षक पारी

## आईपीएल-2026 : गुजरात के लिए कैगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 180 रन पर समेट दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि अशोक शर्मा (45 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने अच्छा साथ दिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने खासतौर पर राशिद खान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए पांच चौके और चार छक्के जड़े, हालांकि अफगान स्पिनर ने पारी की आखिरी गेंद पर उन्हें विकेटकीपर के हाथों कैच करा दिया।



शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन। एजेंसी

ग्रीन को किस्मत का भी साथ मिला। वह शुरुआत में पगबाधा की अपील से बचे और फिर 14वें ओवर में राशिद की लगातार गेंदों पर उन्हें दो जीवनदान मिले। इस ओवर की दूसरी गेंद पर बटलर स्टंपिंग का मौका चूक गए, जबकि अगली गेंद पर बाउंड्री पर वाशिंगटन सुंदर ने कैच टपका दिया। दोनों मौकों पर गेंद चार रनों के लिए चली गई। ग्रीन उस समय 58 रन पर खेल रहे थे। एक छोर से विकेटों के लगातार पतन के कारण आखिरी ओवरों में ग्रीन तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे।

इससे पहले मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में अजिंक्य रहाणे को खाता खोले बिना आउट कर केकेआर को झटका दिया। इसके बाद रबाडा ने शानदार आउटस्विंगर पर अंगकृष रघुवंशी (आठ) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। सत्र का पहला मैच खेल रहे टिम सीफर्ट (19) ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन रबाडा की शॉर्ट गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने उनका शानदार कैच लपका।

रिंकू सिंह का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा। वह एक रन बना कर आउट हुए जबकि रमनदीप सिंह ने आठ गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। पॉवेल ने कुछ समय तक आक्रामक बल्लेबाजी की, लेकिन अशोक शर्मा ने उन्हें धीमी गेंद पर आउट कर ग्रीन के साथ 55 रन की साझेदारी तोड़ दी।


### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी

- बीसीसीआई ने लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना
- भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को पीटीआई को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सैकिया ने बताया कि एसीयू भिंडर के जवाब से संतुष्ट नहीं थी, जिसके बाद उन्हें दोषी पाया गया। आईपीएल खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के अनुसार, डगआउट में फोन का इस्तेमाल वर्जित है, जबकि ड्रेसिंग रूम में इसकी अनुमति है। उन्होंने कहाशरद कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने भिंडर के जवाब की जांच की और उन्हें दोषी पाया। नोटिस पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। सैकिया ने कहा उन्हें प्रोटोकॉल का उल्लंघन



करने का दोषी पाया गया है। चूंकि यह पहली बार का अपराध है, इसलिए उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और चेतावनी जारी की गई है। आईपीएल ने एक बयान में कहा गलती को स्वीकार करते हुए भिंडर ने बिना शर्त माफी मांग ली है। भिंडर के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें लंबी दूरी तक चलने तथा सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कत होती है। सूत्र ने कहा, डगआउट में फोन का इस्तेमाल सख्त मना है और आईपीएल में लंबे समय से जुड़े होने के कारण, मुझे यकीन है कि भिंडर इस बात से अवगत थे। यह अनजाने में भी हो सकता था, लेकिन बीसीसीआई ने इस मामले को उचित तरीके से निपटा दिया है।

### हाईलाइट

## पोंटिंग ने अर्शदीप के प्रदर्शन को बताया असाधारण

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की। अर्शदीप ने बृहस्पतिवार को अपने शुरुआती स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव को आउट किया और फिर आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड को पवेलियन भेजा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है।

## बल्लेबाजों पर हर पारी में 230 रन बनाने का दबाव : हेजलवुड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि आईपीएल में बड़े स्कोर बनाने की बढ़ती होड़ गेंदबाजों के पक्ष में भी जा सकती है, क्योंकि बल्लेबाजों पर लगातार आक्रामक शुरुआत करने का दबाव रहता है। अगर गेंदबाज कुछ ओवरों तक रन रोकने में सफल रहते हैं, तो इससे बल्लेबाजों की लय और एकाग्रता बिगड़ सकती है। आईपीएल में अब तक खेले गए 24 मैचों में से 21 बार 200 रन का आंकड़ा पार किया जा चुका है और अक्सर बल्लेबाज गेंदबाजी आक्रमण की जमकर धुलाई करते नजर आते हैं। दर्शकों के लिए यह शानदार है कि गेंदें स्टैंड्स में जा रही हैं, पर गेंदबाजों के नजरिए से दबाव कम होता है क्योंकि बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होती है।

# दिल्ली के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी।

आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली।

पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

# हिंगे-साकिब फिर कमाल दिखाने को बेताब

- सनराइजर्स हैदराबाद की चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत आज

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर ही निर्भर थी।



सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज साकिब हुसैन व प्रफुल्ल हिंगे।

### संजू की फॉर्म में वापसी से चेन्नई को राहत

संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी।

### उबेर कप

डेनमार्क में भारत के अभियान को लगा करारा झटका

# चोटिल त्रिसा के कारण महिला युगल जोड़ी फाइनल से हटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा।

भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने पीटीआई से कहा दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया। ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।

उन्होंने कहा वह अभी आराम कर



गायत्री गोपीचंद व त्रिसा जॉली।

रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी। त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहावे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। वे कल रवाना होंगे। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था।

### अल्काराज और जोकोविच मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं।

## मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है।

यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा है; पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल को बढ़ावा देना है।

# एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, एजेंसी**

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए।



एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की।फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा।